19 सितंबर, 2024
अश्विन, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 329

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का प्रस्ताव कैबिनेट से मंजूर

## परिवर्तन यात्रा



### जोहार साथियों,

झामुमो-कांग्रेस के ठगबंधन की इस भ्रष्ट और जन विरोधी सरकार ने झारखंड की जनता को खून के आंसू रोने पर मजबूर कर दिया है। दलाल-माफिया और भ्रष्ट अफसर, घुसपैठियों के तुष्टिकरण में लीन परिवारवादी ताकतों के साथ मिलकर हमारी **रोटी-बेटी-माटी** की लूट मचा रहे हैं। प्रत्येक प्रदेशवासी के दिल में परिवर्तन की लहर गूंज उठी है। जन-आकांक्षाओं की आश बनकर भाजपा, परिवर्तन रैली के जरिए हर प्रखंड, हर घर, हर परिवार तक पहुंचेगी। हम हर एक झारखंडवासी को आश्वस्त करते हैं कि **रोटी-बेटी-माटी** को बचाने का

**एक ही विकल्प है, भाजपा**

आईए साथ जुड़ें, यात्रा को यशस्वी बनाएं और परिवर्तन का हिस्सा बनें।

### जोहार साथियों,

हागा ओडो मीसी को नेन JMM ओडो काँग्रेस अ चकाओ ओडो भ्रष्ट जन विरोधी सरकार दो अबु झारखण्ड रेन जनता को के खून रेया आंसू राआ तेह मजबूर के बुअऐ दलाल ओडो माफिया ओडो भ्रष्ट अफसर को आबुआ **रोटी-बेटी-ओडो** आबुआ झारखंड रेया हसा को रेजबुआ को सोबेन परदेसवासी कोआ दिल रे परिवर्तन रेया लहर गुंजाओ तना आबुआ जरुरत रेया आशा बायी केते भाजपा परिवर्तन रैली ते मीसा केते हर प्रखंड ओडो सोबेन ओडाह सोबेन परिवार तोक बु तेबाआया आबुआ भाजपा पार्टी हर एक झारखंडवासी को भरोसा ओमाकोतनाऐ ची **रोटी-बेटी-ओडो** आबुआ हासा को बचाव लगीद **आबुआ मीयदगे विकल्प मेनाह भाजपा ऐनाते**

हीजुपे सोबेन जोडाओनपे ऐनाते यात्रा बु सफल बु बाइया ओडो परिवर्तन रेया हिस्सा बु बाइना

### जोहार संगियारो,

झामुमो आरा कांग्रेस गही ठगबंधन ही भ्रष्ट आरा आलार गही विरोधी सरकार झारखंड ता आलार ही खेंस ही ख़ंजलखो चींखता गे लाचार नंजकी रई। दलाल आरा माफिया और भ्रष्ट अफसर ही तुष्टिकरण नू लीन एडपंता परिवारवादी ताकतन मिलाबआ की एम्हाय **असमा- कूके ख़द्द - ख़जेन** बच्चा लग्गार। हुर्मि प्रदेश वासी ही जिया नू बदलारआ गे लहरे चोआ लगकी रई। आलार गही आसरा ही आस बनआ की भाजपा परिवर्तन रैली ही माध्यम ती हुर्मी प्रखण्ड, आरा एड़पा, आरा एड़पनता आलार हेदे अंड़सो। एम होर्मा ओंटा झारखंडी आलारिन भरोसा चीऽदम की **असमा - कुके ख़द्द - ख़ज्जेन** बछाबआ गे **ओंटे केला आसरा रई, आद ही के भाजपा।**

बारआ होर्मे संगे मनोत की यात्रा रुपी डहरेन दव कमओत बदलरका हिस्सा बनओत।

## न सहेंगे, न कहेंगे, बदल के रहेंगे

(बाबूलाल मरांडी)

भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश

सर्राफा
सोना (बिक्री) 69,100 रु./10 ग्राम
चांदी 90,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 19 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in
02

# झारखंड के गांव ही लक्ष्य तक पहुंचा सकते हैं भाजपा को

## ■ परिवर्तन यात्रा का रुख ग्रामीण इलाकों की तरफ मोड़ना समय की मांग

आजाद सिपाही विशेष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झारखंड यात्रा और विशेष रूप से भारी बारिश में झारखंड में उनकी 130 किलोमीटर लंबी सड़क यात्रा ने निश्चित रूप से प्रदेश भाजपा में नये उत्साह का संचार किया है। प्रदेश भाजपा ने 20 सितंबर से राज्य भर में परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करने का एलान किया है, जो राज्य के छह प्रमंडलीय मुख्यालयों से रवाना होगी और राज्य में सत्ता परिवर्तन का आह्वान करेगी। इस यात्रा के लिए बड़े पैमाने पर इंतजाम किये जा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलावा पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, कई राज्यों के मुख्यमंत्री और अन्य बड़े नेता जगह-जगह इस कार्यक्रम में शामिल होने झारखंड आयेंगे और इसके साथ ही भाजपा का चुनाव प्रचार अभियान तेज हो जायेगा। किसी राजनीतिक संगठन के लिए चुनाव से पहले इस तरह के आयोजन आवश्यक भी होते हैं और स्वाभाविक भी, लेकिन हर राजनीतिक आयोजन के नफा-नुकसान का आकलन भी किया जाता है। झारखंड भाजपा ने परिवर्तन यात्रा का नारा दिया है न सहेंगे न कहेंगे बदल कर रहेंगे और इसने इसके नफा-नुकसान का भी आकलन जरूर किया होगा। झारखंड के राजनीतिक माहौल को देख कर ऐसा लगता है कि भाजपा 2004 के लालकृष्ण आडवाणी द्वारा शुरू की गयी यात्रा से सबक लेने की जरूरत है। लालकृष्ण आडवाणी ने बहुत ही तामझाम के साथ उस यात्रा को निकाला था। लेकिन उस यात्रा से भाजपा को नफा की जगह नुकसान इसलिए हो गया, क्योंकि उन्होंने अपना पूरा फोकस शहरों पर ही रखा। परिणाम यह हुआ कि उस यात्रा ने भाजपा की सत्ता में वापसी को रोक दिया था, बल्कि अगले एक दशक तक वह सत्ता से दूर रही। झारखंड भाजपा को समझना होगा कि झारखंड की सत्ता की चाबी यहां के गांवों से होकर गुजरती है और यदि उसे सत्ता एक बार फिर से हासिल करनी है, तो परिवर्तन यात्रा का रुख गांवों की तरफ मोड़ना होगा। गांव ही भाजपा को उसके लक्ष्य तक पहुंचा सकते हैं। क्या है भाजपा की परिवर्तन यात्रा का राजनीतिक मतलब और इसका क्या हो सकता है असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**राकेश सिंह**

झारखंड में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक गतिविधियां चरम पर हैं। रैली, प्रदर्शन, जुलूस और राजनीतिक यात्राओं का आयोजन बड़े पैमाने पर हो रहा है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था की खूबसूरती भी है और जरूरत भी। झारखंड की सत्ता में अपनी वापसी के लिए जी-तोड़ कोशिश कर रही भाजपा की तरफ से इस बार हर वह आयोजन किया जा रहा है, जिसके जरिये 2019 में खोयी सत्ता फिर से हासिल की जा सके। पार्टी के राष्ट्रीय और प्रादेशिक स्तर के नेता इसके लिए खूब पसीना बहा रहे हैं। लेकिन भाजपा नेताओं को इस बात पर अपना ध्यान फोकस करना होगा कि वे वहां जरूर जायें, जहां भारत की आत्मा बसती है यानी गांव। अभी तीन दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड यात्रा पर आये थे। भारी बारिश और खराब मौसम के कारण वह हेलीकॉप्टर से जमशेदपुर नहीं जा सके, जहां उन्हें अन्य कार्यक्रमों के अलावा जनसभा को भी संबोधित करना था। खराब मौसम के बावजूद बड़ी संख्या में लोग वहां जमा हो चुके थे। पीएम मोदी ने अंततः रांची से जमशेदपुर की 130 किलोमीटर की यात्रा सड़क मार्ग से करने का फैसला किया और उन्होंने वहां जनसभा को संबोधित किया। आम लोगों के प्रति पीएम मोदी के इस लगाव का असर यह हुआ कि कोल्हान के गांवों के लोग अब उनके मुरीद हो गये हैं। पीएम मोदी ने उनके दिलों को छू लिया है। झारखंड भाजपा के नेताओं को इससे सीखना होगा और खुद को झारखंड के गांवों तक ले जाना होगा। जब झारखंड भाजपा की प्रस्तावित परिवर्तन यात्रा को पीएम मोदी की यात्रा की कसौटी पर रखा जाता है, तो यही लगता है कि झारखंड भाजपा को इस यात्रा को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसे गांवों तक ले जाना होगा।

### क्या है परिवर्तन यात्रा

झारखंड भाजपा ने 20 सितंबर से शुरू होनेवाली परिवर्तन यात्रा शुरू करने की घोषणा की है। इसका मुख्य लक्ष्य वर्तमान हेमंत सरकार से पिछले पांच वर्षों का हिसाब लेना है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस यात्रा को बेटी, रोटी, माटी की रक्षा, युवाओं के भविष्य और झारखंड में परिवर्तन लाने के संकल्प के रूप में प्रस्तुत किया है।

उनका कहना है कि यह परिवर्तन यात्रा सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी और छह सांगठनिक प्रमंडलों में आयोजित होगी। 20 सितंबर से 3 अक्टूबर के बीच भाजपा की परिवर्तन यात्रा कुल 5400 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। यात्रा के दौरान 80 स्वागत कार्यक्रम और 65 सार्वजनिक रैलियां होंगी।

### क्या है परिवर्तन यात्रा का पूरा कार्यक्रम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। वह इसके लिए 20 सितंबर को साहिबगंज के भोगनाडीह में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। उनके अलावा तमाम बड़े नेता इसमें अलग-अलग समय और जगहों पर जुड़ेंगे। इस यात्रा का थीम है- न सहेंगे न कहेंगे बदल कर रहेंगे। परिवर्तन यात्रा किसी धार्मिक या ऐतिहासिक स्थल से प्रारंभ होगी। इस यात्रा में शामिल नेता सामाजिक संगठनों और प्रमुख लोगों से संवाद भी करेंगे। संताल परगना में 20 सितंबर को भोगनाडीह से प्रारंभ होकर 30 सितंबर तक यात्रा चलेगी। पलामू प्रमंडल के लिए वंशीधर नगर से 20 सितंबर से 28 सितंबर तक चलेगी। हजारीबाग के लिए इटखोरी के भद्रकाली मंदिर से 21 सितंबर से 28 सितंबर तक चलेगी। दक्षिणी छोटानागपुर के लिए खूंटी के आम्रेश्वर धाम से 23 सितंबर से एक अक्टूबर के बीच यात्रा होगी। गिरिडीह के लिए झारखंडी धाम से 20 से 26 सितंबर के बीच यात्रा होगी। कोल्हान के लिए चित्रेश्वर धाम से 23 से 26 अक्टूबर के बीच यात्रा होगी।

### झारखंड भाजपा की योजना

परिवर्तन यात्रा के जरिये झारखंड भाजपा ने हेमंत सरकार को घेरने की पूरी योजना तैयार की है। बाबूलाल मरांडी का कहना है कि बीते पांच वर्षों में ठगबंधन सरकार ने झारखंड के स्वाभिमान, अस्मिता और पहचान को गंभीर चोट पहुंचायी है। हेमंत सरकार ने झारखंड को भ्रष्टाचार, लूट और खसोट के लिए बदनाम किया है। झारखंड की पहचान अब न केवल खान और खनिज संसाधनों की लूट से, बल्कि केंद्र की नल जल योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं को भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाने के लिए हो गयी है। इसके अलावा राज्य सरकार बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की संरक्षक बनी है, जिससे राज्य की जनसंख्या संरचना में अप्रत्याशित बदलाव आया है। आदिवासी आबादी तेजी से कम हुई है, जबकि मुस्लिम आबादी बढ़ी है। परिवर्तन यात्रा के माध्यम से जनता सोरेन से जवाब मांगने वाली है।

### क्या होगा यात्रा का असर

जाहिर है कि यह यात्रा झारखंड भाजपा के लिए महत्वपूर्ण राजनीतिक मौके के रूप में देखी जा रही है, जिसका उद्देश्य राज्य की मौजूदा सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाना और आगामी चुनावों के लिए एक मजबूत जनसमर्थन जुटाना है। झारखंड का वर्तमान राजनीतिक माहौल बताता है कि यहां के ग्रामीण इलाकों में भाजपा की पकड़ ढीली है। बाबूलाल मरांडी को छोड़ कर कोई भी नेता झारखंड के गांवों को ठीक से नहीं जानता है।

इसका परिणाम यह हुआ है कि प्रतिद्वंद्वी दलों और संगठनों ने लोगों के दिलों में घर बना लिया है। कड़िया मुंडा और कैलाशपति मिश्र के जमाने में पार्टी संगठन की गतिविधियां गांवों से शुरू होकर शहरों तक आती थीं, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल गयी है। अब भाजपा के लोग शहरों से शुरू होकर गांवों तक जाते हैं, जिसका परिणाम 2019 के विधानसभा चुनाव जैसा होता है। झारखंड भाजपा को इसको समझना होगा। भाजपा इस यात्रा का फोकस जितना अधिक गांव पर रखेगी, वह लोगों को अपनी बात समझाने में उतनी ही सफल होगी।

# हो समाज की भाषा और संस्कृति के संरक्षण के लिए मोदी सरकार संकल्पित: हिमंता बिस्वा सरमा

## हो भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने के लिए पहल करेगी भारत सरकार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** असम सरकार के मुख्यमंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने विगत 16 सितंबर को हो समाज के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। मिलने वालों में आदिवासी हो समाज युवा महासभा के महासचिव गब्बर सिंह हेंब्रम, पूर्व सांसद गीता कोड़ा सहित अन्य शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने एक ज्ञापन भी सौंपा।

श्री बिस्वा सरमा ने बताया कि झारखंड, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल और असम में रहने वाले आदिवासी 'हो' समाज के परिवारजनों की कई वर्षों से मांग थी कि 'हो' भाषा (वारंग क्षिति लिपि) को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाये। इस संदर्भ में, मैंने आदिवासी 'हो' समाज युवा महासभा और अखिल भारतीय हो भाषा एक्शन कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।

कहा कि गृह मंत्री ने इस प्रतिनिधिमंडल की बात सुनी और आश्वासन दिया कि भारत सरकार उनकी इस मांग पर विचार करेगी। साथ ही यह भी कहा कि मोदी सरकार देश के हर समाज की संस्कृति को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में 18 लाख, ओड़िशा में 14 लाख, असम में 7 लाख, छत्तीसगढ़ में 50 हजार जबकि अन्य जगहों पर लगभग 1 लाख लोग हो भाषा बोलते हैं।

कहा कि हो भाषा कि अपनी वारंग चिति लिपि है। अपना शब्दकोष है। कहा कि इतिहास, सामाजिक विज्ञान आदि में हो भाषा में शोध प्रकाशित हुए हैं। इनके साहित्य देवनागरी, उड़िया, बंगाली, रोमन लिपि में भी प्रकाशित हुए हैं।

कहा कि झारखंड राज्य में हो भाषा को प्राथमिक से लेकर विश्व विद्यालय तक पढ़ाई जाती है। कोल्हान, रांची, श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में इसकी पढ़ाई होती है। कहा कि इस भाषा का प्रयोग आदिवासी और गैर आदिवासी दोनों समुदाय के लोग करते हैं। कहा कि झारखंड में हो भाषा को द्वितीय राजभाषा में शामिल किया गया है। इस भाषा के आधार पर नियुक्ति भी हुई है। बिस्वा सरमा ने बताया कि हो भाषा के विद्वानों को पद्मश्री सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है। कहा कि भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास, उनके संस्कृति की सुरक्षा के लिए संकल्पित है। कहा कि जैसे संथाली और बोडो भाषा को भाजपा सरकार ने 8वीं अनुसूची में शामिल करने के लिए संविधान में 102वीं संशोधन किया था। आनेवाले दिनों में हो भाषा को भी संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करेगी।

# प्रधानमंत्री मोदी नेशन फर्स्ट को लेकर करते हैं काम: अन्नपूर्णा देवी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि एनडीए सरकार के 100 दिन पूरे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टास्क दिया था। 4 जून को तीसरी बार एनडीए पर देश ने विश्वास जताया। लगातार 10 वर्षों में देश के लिए प्रधानमंत्री ने युवा, महिला, किसान और गरीब को आयाम मान योजना तैयार की। योजना को जमीन तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया। कई बड़े निर्णय हुए। पीएम मोदी नेशन फर्स्ट को लेकर काम करते हैं।

मंत्री अन्नपूर्णा देवी केंद्र सरकार के 100 दिन पूरे होने पर रांची प्रेस क्लब में संवाददाता सम्मेलन में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि 100 दिन में 15 लाख करोड़ से ज्यादा की योजनाओं का शुभारंभ और उद्घाटन हुआ। आधारभूत संरचना पर तीन लाख करोड़ की योजना की मंजूरी दी गयी है। पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत 49000 करोड़ लागत से 25000 गांव को मुख्य सड़क से जोड़ा जायेगा। किसान के लिए किसान सम्मान निधि दी जायेगी। 9.3 करोड़ किसान को 20000 करोड़ दिया गया है। यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू की गयी।

मंत्री ने कहा कि युवाओं के लिए दो लाख करोड़ का पीएम पैकेज रोजगार और कौशल के लिए दिया जायेगा। एक करोड़ युवाओं को टॉप कंपनी में इंटर्नशिप का मौका मिलेगा। पीएम आवास योजना में तीन करोड़ की स्वीकृति मिली। दो करोड़ ग्रामीण, एक करोड़ शहरी आबादी को मिलेगा। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत 70 साल के ऊपर के आयु वर्ग के लिए मिलेगा, उसकी स्वीकृति कैबिनेट से मिली है। इसमें आय की बाध्यता नहीं होगी। छह करोड़ बुजुर्ग इसके दायरे में आयेंगे। पीएम जन मन योजना 63000 गांवों में शुरू हुई है।

### बांग्लादेशी घुसपैठ बढ़ी है

**अन्नपूर्णा देवी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि झारखंड में लगातार बांग्लादेशी घुसपैठ बढ़ी है। महिला अत्याचार पर भी राज्य सरकार चुप है। दुमका में ही मार कर बेटी को लटकाया गया, कई टुकड़ों में काटा गया। राज्य सरकार महिला सुरक्षा पर गंभीर नहीं है। कानून व्यवस्था ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने और वीमेन-लेड डिवेलपमेंट पर जोर देने की दिशा में एक परिवर्तनकारी प्रयास में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (एमडब्ल्यूसीडी) ने जून से अगस्त तक कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। मंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी प्रणाली को और सुदृढ़ करने के लिए मंत्रालय 10,000 सक्षम आंगनबाड़ियों का उन्नयन, घर ले जाने के लिए राशन की डिलीवरी पर नजर रखने के लिए दो-कारक प्रमाणीकरण प्रणाली का कार्यान्वयन और देश भर में पोषण परिणामों में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसी कड़ी में 7वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ 1 सितंबर से हो गया है।**

# गृह मंत्री अमित शाह 20 को झारखंड के साहिबगंज से भाजपा की परिवर्तन यात्रा की करेंगे शुरुआत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में कभी भी विधानसभा चुनाव का एलान हो सकता है। इसके मद्देनजर भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृह मंत्री अमित शाह 20 सितंबर को साहिबगंज के भोगनाडीह से परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करेंगे, जो तीन अक्टूबर तक चलेगी। यह यात्रा पूरे प्रदेश में 200 से अधिक प्रखंडों से गुजरती हुई लगभग 5,400 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों से होकर यह यात्रा गुजरेगी। कार्यक्रम में पार्टी के कई राष्ट्रीय स्तर के नेता भी शामिल होंगे।

परिवर्तन यात्रा में केंद्रीय सड़क-परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, योगी आदित्यनाथ, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी समेत कई नेता शामिल होनेवाले हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जहां 22 सितंबर को झारखंड आने वाले हैं, वहीं स्मृति ईरानी 23 सितंबर को, 28 सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और उसी दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी आनेवाले हैं। योगी आदित्यनाथ का जहां 21, 22, 24, 26 और 30 सितंबर को दौरा है, वहीं 24 सितंबर को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का खूंटी और विष्णुदेव साय की सिमडेगा में सभा है।

www.epaper.azadsipahi.in

19 सितंबर, 2024
अश्विन, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 329

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची हेडक्वार्टर से नहीं, गांव से चलायी सरकारः हेमंत सोरेन

# ‘एक राष्ट्र, एक चुनाव’ का प्रस्ताव कैबिनेट से मंजूर

- विधानसभा-लोकसभा चुनाव साथ होंगे
- अगले 100 दिन में निकाय चुनाव
- नवंबर-दिसंबर में बिल आयेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ (एक राष्ट्र, एक चुनाव) करवाने के प्रस्ताव को बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। बिल शीतकालीन सत्र यानी नवंबर-दिसंबर में संसद में पेश किया जायेगा। कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पहले फेज में विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ होंगे। इसके बाद 100 दिन के भीतर दूसरे फेज में निकाय चुनाव साथ कराये जायें। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त को कहा था कि बार-बार चुनाव देश की प्रगति में बाधा पैदा कर रहे हैं। वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा था कि सरकार इसी कार्यकाल में ‘वन नेशन वन इलेक्शन’ लागू करेगी।

## कमेटी रिपोर्ट सौंप चुकी है

‘एक राष्ट्र, एक चुनाव’ पर विचार के लिए बनायी गयी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। रिपोर्ट 18 हजार 626 पन्नों की है। पैनल 2 सितंबर 2023 को बनाया गया था। कमेटी ने सभी विधानसभाओं का कार्यकाल 2029 तक करने का सुझाव दिया है।

### रामनाथ कोविंद पैनल के सुझाव

- सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल अगले लोकसभा चुनाव यानी 2029 तक बढ़ाया जाये।
- हंग असेंबली (किसी को बहुमत नहीं), नो कॉन्फिडेंस मोशन होने पर बाकी पांच साल के कार्यकाल के लिए नये सिरे से चुनाव कराये जा सकते हैं।
- पहले फेज में लोस-विस चुनाव एक साथ कराये जा सकते हैं, उसके बाद दूसरे फेज में 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकायों के चुनाव कराये जा सकते हैं।
- चुनाव आयोग लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से सिंगल वोटर लिस्ट और वोटर आइ कार्ड तैयार करेगा।

## सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने

‘भारत ऐतिहासिक चुनाव सुधारों की दिशा में एक बड़ा कदम उठा रहा है। यह स्वच्छ और वित्तीय रूप से कुशल चुनावों के माध्यम से हमारे लोकतंत्र को मजबूत करने और संसाधनों के अधिक उत्पादक आवंटन के माध्यम से आर्थिक विकास में तेजी लाने की मोदी जी की दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाता है।

-अमित शाह, गृह मंत्री

‘1961 से 1957 तक इलेक्शन एक साथ कराये जाते थे। 1999 में लॉ कमीशन ने लोकसभा और विधानसभा इलेक्शन अलग-अलग करने की सिफारिश की थी। हमारी कंस्टल्टेशन प्रॉसेस के दौरान देशभर से 80 फीसदी लोगों ने वन नेशन वन इलेक्शन को पॉजिटिव रेस्पांस दिया है। खासकर युवाओं ने सपोर्ट किया है।

-अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री

‘कांग्रेस पार्टी ‘एक राष्ट्र, एक चुनाव’ के प्रस्ताव का विरोध करती है। हमारा मानना है कि लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए जब भी जरूरत हो चुनाव होने चाहिए। चुनाव नजदीक आते हैं, तो असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा ऐसी बातें करती है।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

‘संघ परिवार भारत की चुनावी राजनीति को राष्ट्रपति प्रणाली की ओर ले जाने का गुप्त प्रयास कर रहा है। ‘एक राष्ट्र, एक चुनाव’ का नारा भारतीय संसदीय लोकतंत्र की विविधतापूर्ण प्रकृति को खत्म करने के लिए गढ़ा गया है।

-पी विजयन, मुख्यमंत्री केरल

## राष्ट्रपति आज आयेंगी रांची, तैयारी पूरी

रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को रांची आ रही हैं। वे 20 सितंबर को रांची के नामकुम स्थित राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के शताब्दी समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई गणमान्य इस खास अवसर पर मौजूद रहेंगे।

(संबंधित खबर पेज-5 पर)

## केंद्रीय मंत्रिमंडल का निर्णय ऐतिहासिकः बाबूलाल मरांडी

रांची (आजाद सपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा ह्यएक देश, एक चुनावह्ण के प्रस्ताव को स्वीकृत किये जाने पर खुशी व्यक्त किया है। मरांडी ने कहा कि यह निर्णय ऐतिहासिक है तथा दूरदर्शी सोच का परिचायक है। यह निर्णय भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश की चुनाव प्रणाली को मजबूती प्रदान करेगा। देश में बहुमूल्य संसाधनों की बचत होगी। साथ ही विकास योजनाएं सुचारू ढंग से गतिशील बनी रहेंगी। मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई एवम शुभकामनाएं दी और आभार प्रकट किया है।

### मुख्यमंत्री ने ‘एक राष्ट्र, एक चुनाव’ को लेकर साधा निशाना

# भाजपा अकेले देश में राज करना चाहती है, आप इनको सबक सिखाइयेगाः हेमंत सोरेन

‘सरकार आपके द्वार’ कार्यक्रम में हुए शामिल, विपक्ष पर जम कर बरसे

आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि अभी-अभी पता चला है कि ‘वन नेशन वन इलेक्शन’ को केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्वीकृति दी गयी है। ये लोग चाहते हैं कि एक ही दल राज करे, एक ही सरकार रहे। चाहे देश हो या राज। अब दूसरी कोई सरकार नहीं। सिर्फ ये सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले लोग, ये सामंती लोग राज करने की फिराक में हैं। आप तैयार रहियेगा। एक तरफ पूंजीपतियों की ये जमात और दूसरी तरफ गरीब, आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यकों की जमात। इनको लोकसभा चुनाव में जो सीख मिली है, वही विधानसभा में सीख विधानसभा में भी देने की जरूरत है। लोकसभा चुनाव में हिंदू-मुस्लिम की तुष्टिकरण करते रहे। नतीजा ये हुआ कि पूरे देश की जनता ने भाजपा को 6 इंच छोटा कर दिया। मुख्यमंत्री बुधवार को ‘सरकार आपके द्वार’ कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जामताड़ा पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जम कर निशान साधा है।

### गांव से चलने वाली सरकार है

मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हम जानना चाहते हैं कि जो हमने वादा किया था, उसमें क्या पूरा नहीं किया। हमारी सरकार रांची से चलने वाली सरकार नहीं, हमारी सरकार गांव से चलने वाली सरकार है, तो वह गांव से चल रही है कि नहीं।

### बकाया राशि नहीं देती है केंद्र सरकार

हेमंत ने कहा कि इतना काम करने के बावजूद हमारे विपक्ष के पेट में दर्द होने लगा। हमको परेशान किया और जेल भेज दिया। सरकार कोई काम करे इडी सीबीआइ को लगा कर रोड़ा लगाने लगे। 1.36 करोड़ कोयला का बकाया अभी तक नहीं दिया है। अगर उसका ब्याज ही हमको दे देता तो विकास की रफ्तार में कई गुणा तेजी होती। सब चीज में सौतेला व्यवहार। इन्होंने राशन देने ये व्यापारियों की जमात है। ये पैसा गरीबों को नहीं देंगे, बल्कि आपसे महंगाई बढ़ा कर आपकी जेब से पैसा निकाल लेगा। इन लोगों ने रेल, स्टेशन, एयरपोर्ट सब बेच दिया।

**भाजपा नेता लगातार गिद्ध की तरह मंडरा रहेः** मुख्यमंत्री ने कहा कि ये लोग जहां झगड़ा करते हैं, वहीं इनकी राजनीतिक रोटी पकती है। ये गुजरात की जमात झारखंड, बिहार में सांप्रदायिक सौहार्द कैसे बिगड़े उसी में लगी रहती है। इनके पास नेता नहीं हैं, तो अगल-बगल के राज्यों से नेता बुलाते हैं। भाजपा के नेता लगातार इस राज्य में गिद्ध की तरह मंडरा रहे हैं। कल से ये लोग गांव-गांव घूमेगा और कहेगा कि हिंदू खतरे में है, हिंदू मुस्लिम करेगा, आदिवासी-गैर आदिवासी करेगा और हम लोगों को आपस में लड़वायेगा। ये लोग सांप्रदायिक तनाव फैला कर हमेशा प्रयासरत रहते हैं।

(संबंधित खबर-पेज-5 पर)

Solar Power lights the way to Odisha's bright future

Choose **PM Surya Ghar: Muft Bijli Yojana** and start saving on electricity bills. Install solar system of up to **3KW** and receive subsidy of up to ₹ **78,000***.

Register for PM Surya Ghar Yojana in 3 simple steps

Register online at **pmsuryaghar.gov.in**

Apply for rooftop solar after approval

Get subsidy money through your bank account within 30 days of installation

Scan the QR code to register for Solar Rooftop OR visit pmsuryaghar.gov.in

*Conditions apply

Call at **1912** to know more about **PM Surya Ghar Yojana**

YOU MAY ALSO CALL US ON
TPCODL - 1800-345-7122
TPNODL - 1800-345-6718
TPSODL - 1800-345-6797
TPWODL - 1800-345-6798

TPCODL | TPNODL | TPSODL | TPWODL
(Joint Venture of Tata Power and Government of Odisha)
For You, With You, Always

## पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अग्रसर सीबी और केडी कोल परियोजना

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी की चट्टी बरियातू और केरेडारी कोयला खनन परियोजना पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट उदहारण पेश कर रही है ये परियोजनाएं सतत खनन प्रथाओं की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान करते हुए एनटीपीसी की विभिन्न पॉवर प्लांटों में कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित कर रही हैं साथ ही ठोस व प्रभावी पर्यावरण संरक्षण योजनाओं को लागू कर रही है जो ओधोगिक गतिविधियां और पर्यावरण संतुलन के बिच एक आदर्श संतुलन स्थापित करती है चट्टी बरियातू और केरेडारी परियोजनाओं में पौधरोपण की प्रतिपूर्ति के लिए 581.345 हरक्टेर भूमि पर पौधरोपण के लिए एड हॉक सीएमपीए खाते में 11.73 करोड़ रुपये जमा किये है इसके अतिरिक्त इन परियोजनाओं ने वन्यजीव संरक्षण के लिए भी 71.01 करोड़ रुपये की राशि एड हॉक सीएएमपिए के खाते में जमा की है जो जैव विविधता के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब तक इन परियोजनाओं ने लगभग 12 हजार पेड़ लगाएं हैं और वन विभाग को 1 लाख पेड़ों के रोपण के लिए आवश्यक राशि प्रदान की है। जल उपयोग और प्रदूषण नियंत्रण के लिए परियोजनाओं ने वर्षा जल संचयन तालाबों का निर्माण किया है और मौजूदा तालाबों की गहराई बढ़ाई है। इसके साथ ही भूजल के उपयोग को कम करने के लिए जलाशय तैयार किया है। जिसमें वर्षा का जल एकत्रित होता है।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बुधवार को डोमचांच थाना अंतर्गत नीरूपहाड़ी के समीप वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान अजय दास उम्र 45, पिता बीरु दास ग्राम असनाबाद डोमचांच के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी मोटर साइकिल से तिलैया करमा आने के दौरान निरूपहाडी के समीप वाहन अपनी चपेट में ले लेने से मोटर साइकिल सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मनाया जन्मदिन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के नेता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिन कोडरमा में मनाया गया। सर्वप्रथम ध्वजाधारी आश्रम के प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया और भजन कीर्तन किया गया और कोडरमा सदर अस्पताल में मरीज के बीच में फल और पौष्टिक पदार्थ वितरण किया गया। अध्यक्षता उपाध्यक्ष गोपाल कुमार गुतुल ने की। इसमें मुख्य रूप से सांसद के पुत्र मयंक कुमार और राजकुमार यादव, नरेंद्र पाल, सदर अस्पताल के डीएस डॉ मनोज कुमार, डॉ रविकांत सिंह और अन्य डॉक्टर और कर्मी उपस्थित थे। संध्या केक काटा गया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने किया। सभी कार्यकर्ताओं ने यशस्वी प्रधानमंत्री जी की लंबी उम्र, स्वस्थ, दीर्घायु की कामना किया और सभी ने भारत माता की जय, वंदे माता, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद का नारा लगाया। मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, उपाध्यक्ष गोपाल कुमार गुतुल, मयंक कुमार, राजकुमार यादव, चंद्रशेखर जोशी, निवर्तमान अध्यक्ष नरेंद्र पाल, प्रदीप पांडेय, संदीप गुप्ता, रवि राम, ओबीसी मोर्चा के वासुदेव यादव, एसी मोर्चा के रामचंद्र राम, सुनील पंडित, राम पुनीत पंडित, नवीन लाल, उत्तम कुमार, दिलीप सिन्हा, रमेश भारती, राजेश कुमार सिंह, राजू कुमार, काली साव, संतोष साव, रामचंद्र पासवान, अनूप यादव, विशेश्वर कुमार, अमित चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

## स्वच्छता ही सेवा के तहत दिलायी शपथ

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दामोदर घाटी निगम के कोडरमा ताप विद्युत केंद्र में आयोजित स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत तकनीकी भवन के सभागार में स्वच्छता पर वरिष्ठ प्रबंधक सह परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह ने अधिकारी और कर्मचारियों को शपथ दिलाई गयी। वहीं वरिष्ठ प्रबंधक सह परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि इस अभियान यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को उनके दैनिक कार्यों में से कुछ घंटे निकाल कर भारत में स्वच्छता संबंधी कार्य करने के लिए एक दूसरे को प्रोत्साहित करना है। मौके पर डीजीएम सीएसआर विनोद कुमार राय, ए एम मिश्रा, आशीष अमिताभ परिंदा, आशीष कुमार, अनुपम कुमार, प्रभु महतो, विजय राणा, सुधीर कुमार, कुलदीप राम सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## लोकहित अधिकार पार्टी के संगठन विस्तार में समाज का बड़ा योगदान : हरिनाथ साहू

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू जी पुरे झारखंड प्रदेश का लगातार दौरा कर रहे हैं। जहां 14 सितम्बर को पांकी विधानसभा में कांग्रेसी नेता विश्वनाथ साहू को लोकहित अधिकार पार्टी में शामिल किया वहीं 15 सितम्बर को चतरा जिला के सिमरिया प्रखंड में संगठन विस्तार करते हुए हजारीबाग के परिसदन में भी वहां के प्रबुद्ध जनों के साथ बैठक किया। 16 सितम्बर को दिन भर लगातार भारी वर्षा होती रही बावजूद इसके कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अन्तर्गत धनवार विधानसभा में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया। उन्होंने यह भी कहा कि 17 सितम्बर को विश्वकर्मा पुजा के दिन गिरिडीह परिसदन में समाज के प्रबुद्ध जनों के साथ बैठक करते हुए लोकहित अधिकार पार्टी के समाजिक महत्व पर भी चर्चा किया और सभी लोग सहमत भी हुए। इस प्रकार लोकहित अधिकार पार्टी का संगठन विस्तार बहुत तेजी से हो रहा है।

# नर्सिंग होम संचालक का हत्यारा गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के विष्णुगढ़ में प्राइवेट नर्सिंग होम चलाने वाले परशुराम प्रसाद की हत्या 6 अगस्त को मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के लाखे कब्रिस्तान के पास अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। उसके बाद अपराधी वहां से फरार हो गये थे। परशुराम प्रसाद नोंनगांव थाना पथलगडा जिला चतरा के रहने वाले थे और वर्तमान में लाखे न्यू कालोनी में रहते थे। घटना के बाद मुफ्फसिल थाना में कांड संख्या 159/24 दर्ज कर घटना में शामिल अपराधियों की खोज बिन में पुलिस लग गई। घटना के लगभग डेढ़ महीने बाद 17 सितंबर को घटना को अंजाम देनेवाले एक अपराधी उमेश कुमार पांडेय को पुलिस ने हजारीबाग रोड के हुपाद के आगे जंगल के पास से धर दबोचा। उसके पास से एक लोडेड देशी पिस्टल जिसमें 7.65 एमएम का जिंदा गोली लोड था उसे भी बरामद किया। साथ ही कांड में प्रयुक्त अपाची मोटरसाइकिल और एक मोबाइल को भी बरामद किया है। बुधवार को एसपी अरविंद कुमार सिंह प्रेस वार्ता कर बताया की घटना के उद्भेदन के लिए सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष के नेतृत्व में एक टीम बना कर अनुसंधान में लगाया। टीम द्वारा कांड के अनुसंधान के क्रम में लगातार छापामारी और सूचना संकलन एवम तकनीकी शाखा के सहयोग से इस कांड के उद्भेदन के लिए काम करती रही। एसपी ने बताया की इस कांड को अंजाम देने वाले एक अन्य अपराधी धनु पासवान पिता अर्जन राम दिपुगढा थाना कोर्रा को टंडवा थाना में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जिसे रिमांड में लेने की करवाई की जा रही है। साथ ही कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

**गिरफ्तार अपराधी:** उमेश कुमार पांडेय, पिता बासुदेव पांडेय, ग्राम - सेरेगढ़ा, थाना बालूमाथ, जिला लातेहार

**छापेमारी दल में :** सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष, मुफ्फसिल प्रभारी कुणाल किशोर, टाटीझरिया प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, पुअनि जितेंद्र भगत, सत्यम, एएसआई साकेश कुमार सिंह के अलावा मुफ्फसिल थाना की पुलिस शामिल थे।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर भाजयुमो हजारीबाग ने लगाया रक्तदान शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के 74वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में भाजयुमो, हजारीबाग के जिला अध्यक्ष राजकरण पांडेय के नेतृत्व में देवतुल्य कार्यकर्ताओं ने नेक और मानवतापूर्ण सोच के साथ महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। यह शिविर शहर के लक्ष्मी सिनेमा हॉल कैंपस में अयोजित की गयी। जिसमें बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता और स्थानीय युवकों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन सांसद मनीष जायसवाल और बरही के पुर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मनीष जायसवाल ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए, हम सभी को रक्तदान जैसे पुण्य कार्यों में हिस्सा ले रहे हैं, यह न केवल दूसरों की जान बचाता है, बल्कि समाज में एकता और समर्पण की भावना को भी बढ़ावा देता है। भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकाननंद सिंह ने रक्तदाताओं को उनके निस्वार्थ भाव पूर्वक इस नेक कार्य में आकर रक्तदान कर जरूरतमंद के लिए जीवन की उम्मीद बने युवकों के जज्बे की सराहना की। भाजयुमो अध्यक्ष राजकरण पांडेय ने कहा नरेंद्र मोदी का जीवन समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहा है। उनके जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन एक छोटा सा प्रयास है, जिससे हम उनके विचारों को साकार कर सकें और जरूरतमंदों की मदद कर सकें। इस अवसर पर भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद, बटेश्वर मेहता, प्रदीप प्रसाद, केपी ओझा, अनिल मिश्रा, दिनेश सिंह राठौड़, शेफाली गुप्ता, दीपक मेहता, सुमित लाहिरी, विवेक जोशी, आशीष वर्मा, सीमांत विक्रम सिंह आदि उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार 4.0 कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत गोहाल के पंचायत भवन में शिविर के माध्यम से किया गया।शिविर का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार के द्वारा किया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार आपके द्वार के चौथे संस्करण में भी जनता के रुझानों में कोई कमी नहीं आई है साथ हीं आम जनमानस में योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी है। वहीं मुखिया बिनोद दास ने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में अच्छी पहल कर रही है। शिविर में कल्याण मंच से परिसंपत्ति और स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम के तहत 5-5 लाभुकों को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,10 मनरेगा जॉब कार्ड , स्वयं सहायता समूह पहचान पत्र, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन और दो सखी मंडल को चक्रीय निधि 60,000/- राशि के डेमो चेक का वितरण किया। शिविर में गीता देवी, सुरेश चंद्र पासवान, अनिल कुमार यादव, सुनील यादव, शीतल पिंगुआ, मनोरंजन कुमार, देवनारायण यादव सहित शिविर में सैकड़ों पंचायत वासी मौजूद थे।**

## सड़क दुर्घटना में एक घायल

**सतगावां (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के मंगलवार को देर शाम ग्राम गाजेडीह पुल पर मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान विपिन यादव (35 वर्ष पिता स्वर्गीय सरजू शरण यादव) के रूप में पहचान की गई है। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार व्यक्ति गाजेडीह से नावाडीह आने के दौरान गाजेडीह मार्ग पर बने पुलिया के बीचो-बीच टूटे रहने के कारण मोटरसाइकिल गड्ढा में जा गिरा। इस घटना में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।**

# नदी में बहते तीन बच्चों को बचाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** प्रखंड के ग्राम सतडीहा उत्तरवाहनी नदी घाट पर तीन बच्चे नहाने के क्रम में नदी के तेज बहाव की वजह से पानी में डूब गए जिसमें से दो बच्चों को ग्रामीणों की सहायता से लगभग एक किलोमीटर दूरी में ही निकाल लिया गया। वहीं एक बच्चा पानी की तेज बहाव की वजह से काफी दूर तक बह गया। अंत में वह बच्चा योगियाटील्हा नदी घाट के बीच नदी के झाड़ी की सहायता से वह फस गया। जिसके पश्चात ग्रामीणों ने देखा और लगभग 2 घंटा परिश्रम के पश्चात रस्सा के द्वारा फंसा हुआ बच्चा को निकालने में असफल रहे। फिर दो ग्रामीण फंसा हुआ बच्चा के पास और उसे किसी तरह धीरे-धीरे नदी पर बने पुल के पिलर पर चढ़ गये जिसके पश्चात ग्रामीणों ने पूल पर से ही लोहे से बना खरहरी में रस्सा बांधकर उसकी सहायता से उस बच्चे को बचाए गये। योगियाटिल्हा निवासी विशाल यादव पिता नागेश्वर यादव, सतडीहा निवासी आशीष कुमार पिता स्व सिकंदर सिंह और विशाल पासवान पिता दिनेश पासवान को सकुशल पूर्वक बचाया गया।

### विनोबा भावे विवि हजारीबाग का मना 33वां स्थापना दिवस

# विभावि को देश के उच्च मुकाम पर पहुंचाना हम सबका दायित्व : संतोष गंगवार

- विभावि के विकास में देते रहेंगे योगदानः सांसद मनीष जायसवाल
- कुलपति ने गिनाई उपलब्धियां, कुलसचिव ने प्रस्तुत किया वार्षिक प्रतिवेदन
- सम्मानित किये गये सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षकेत्तरकर्मी और विभावि का मान बढ़ाने वाले दो विद्यार्थी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग का 33वां स्थापना दिवस मंगलवार को समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने सभी को विभावि स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग को देश को उच्च मुकाम तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेवारी है। उन्हें खुशी है कि संत विनोबा भावे के नाम से संचालित इस विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए हर गतिविधियां बेहतर ढंग से संचालित हो रही हैं। लेकिन उच्च शिक्षा में काफी कार्य होना अभी शेष है। झारखंड में विकास की असीम संभावनाएं हैं। यहां बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कुलाधिपति ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने एक विकसित भारत के निर्माण के लिए 2047 का जो लक्ष्य रखा है, उसमें विनोबा भावे विश्वविद्यालय महती भूमिका निभायेगा, ऐसा उनका विश्वास है। बतौर विशिष्ट अतिथि हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि वह सदैव विभावि के विकास के लिए पूर्व की भांति सहयोग करते रहेंगे। इससे पहले विभावि की कुलपति सह उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल की आयुक्त सुमन कैथलीन किस्पोट्टा ने राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार और सांसद मनीष जायसवाल समेत विवेकानंद सभागार में मौजूद सभी विद्वतजनों और पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय के 33 वर्षों के स्वर्णिम सफर की बेशुमार उपलब्धियों को गिनाया। मंच संचालन छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ मिथिलेश कुमार सिंह ने किया। मंच पर वित्त सलाहकार विकास कुमार भी मौजूद थे। विभावि के कुलगीत के अलावा राष्ट्रगान से आरंभ कार्यक्रम का समापन भी जन, गण, मन...से हुआ। मौके पर संयुक्त बिहार के पूर्व मंत्री मनोज कुमार यादव, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, डीआईजी सुनील भास्कर, एसपी अरविंद कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी डॉ. शत्रुघ्न पांडेय, प्रो.केपी शर्मा, डॉ. कमला प्रसाद, डॉ. सुबोध सिंह शिवगीत, डीन, विभागाध्यक्ष, अन्य पदाधिकारी, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद थे।

**सम्मानित होनेवाले शिक्षक और शिक्षकेत्तरकर्मी:** डॉ जनक मिश्र, डॉ प्रकाश चंद्र देवथरिया, डॉ चंद्रशेखर सिंह, डॉ सरिता सिंह, डॉ सुरेशचंद्र जैन, राघवेन्द्र नाथ झा, डॉ सावित्री शर्मा, डॉ. अमरकांत सिंह, डॉ सतीश कुमार सिंह, डॉ श्यामसुंदर प्रसाद सिंह, डॉ सीताराम वर्णवाल, डॉ.शारदा शर्मा, डॉ कृष्णचंद्र दूबे, रघुवंश सिंह, डॉ रणधीश कुमार कर्ण, नरसिंह महतो, विजय कुमार, राजकुमारी, भुवनेश्वर प्रसाद सिंह, जयप्रकाश नारायण, नंदलाल महतो, प्रभा देवी, महेश राम, रामाशीष प्रसाद, मंगलेश्वर उरांव, त्रिवेणी सिंह, अरविंद कुमार सिंह समेत अन्य लोग शामिल थे।

## शिवसेना विधायक के खिलाफ हजारीबाग में एफआइआर

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संजय कुमार तिवारी ने हजारीबाग के बड़ा बाजार थाना में आवेदन देकर शिवसेना शिंदे गुट के विधायक संजय गायकवाड़ के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि संसद के प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ एक सार्वजनिक सभा में शिवसेना के विधायक ने गंभीर टिप्पणी की थी। विधायक ने कहा था कि राहुल गांधी की जीभ काटने वाले को 11 लाख का इनाम दिया जायेगा। संबंधित विधायक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का करने का अनुरोध बड़ा बाजार थाना प्रभारी से किया गया है।

## रवनीत सिंह बिट्टू और शिवसेना शिंदे के विधायक संजय गायकवाड का कांग्रेसियों ने फूंका पुतला

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में भारत सरकार के मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और महाराष्ट्र राज्य के शिवसेना विधायक संजय गायकवाड का पुतला दहन किया गया। इस दौरान शैलेंद्र यादव ने कहा की इन दोनों ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया था, जिसे किसी भी कीमत पर कांग्रेस जन बर्दाश्त नहीं करेंगे और उसी के विरोध में हजारीबाग के कांग्रेसजन ने रोषपूर्ण प्रदर्शन और पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव सह प्रदेश सह प्रभारी डॉ श्रीबेला प्रसाद ने कहा कि पंजाब ने उन्हें पैदल कर दिया और सत्ता की लोलुपता के चलते वह विरोधियों की गोद में जाकर बैठ गये, इसलिए वह ऐसे बयान दे रहे हैं। उन्होंने भाजपा पर सवाल उठाते हुए कहा कि मेरा मानना है कि इस तरह की जो बातें भाजपा या उनके सहयोगियों द्वारा राहुल गांधी के बारे में कही जा रही हैं। क्या ये बातें पीएम मोदी या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर हो रही हैं। इस अवसर पर सतीश पॉल मुजनी, भीम कुमार, उमाशंकर अकेला यादव, जयप्रकाश भाई पटेल, योगेंद्र साव, बिनोद कुशवाहा, मुन्ना सिंह, डॉ आर सी मेहता, अशोक देव, मनोज नारायण भगत, निसार खान, रेणु कुमारी, आबिद अंसारी, विजय कुमार यादव, अवधेश कुमार सिंह, विरेन्द्र सिंह, मिथिलेश दुबे, संजय तिवारी, शशि मोहन सिंह, बिनोद सिंह, लाल बिहारी सिंह, डॉ प्रकाश कुमार, अनुप्रिया, बिजय सिंह, मंटू यादव, लाल मोहन रविदास, राजीव कुमार मेहता, गुड्डू सिंह, रवि सिंह समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने पेश की चुनावी दावेदारी

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस कार्यालय में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ झारखंड प्रदेश के सह प्रभारी डॉ बेला प्रसाद से मुलाकात की। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव में मुन्ना सिंह ने अपनी दावेदारी पेश की और चुनावी रणनीतियों पर चर्चा किया। मुन्ना सिंह ने बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कहा हमारा लक्ष्य हजारीबाग और पूरे झारखंड का समग्र विकास है। हम जनता की आवाज को मजबूती से उठाने और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और आगामी चुनाव में हमारी यही रणनीति है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दिनों में पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करेंगे और उनकी समस्याओं को सुनेंगे। कांग्रेस पार्टी का मानना है कि जन सहभागिता से ही वास्तविक विकास संभव है।

## शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 22 को

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** आगामी 22 सितंबर को बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल खेल मैदान में आजसू पार्टी का चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। जिसको सफल बनाने को लेकर बड़कागांव प्रखंड के कार्यकर्ताओं ने कमर कस ली है और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जोर-शोर से लगे हुए हैं। इसी के तहत बुधवार को सांढ पंचायत भवन में चूल्हा प्रमुख के सदस्यों के साथ बैठक कर आगामी सम्मेलन को सफल बनाने पर विशेष चर्चा किया गया। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो, संदीप कुशवाह, जिला सचिव गीरेंद्र प्रसाद, जिला सहसचिव दिनेश महतो, प्रखंड सचिव मनोज दांगी ,युवा प्रखंड अध्यक्ष नारायण महतो, युवा प्रखंड सचिव पप्पू प्रसाद, गोपाल महतो, अजीत प्रसाद, लखन साव, रंजीत कुमार, टेकलाल कुमार, मीना कुमार, ईश्वर दयाल कुमार, प्रेमचंद भारती, मिंकु कुमार, दिलेश्वर कुमार, राहुल कुमार, राजू कुमार, रोहित कुमार, कार्तिक राना, प्रभु प्रसाद, वास्तव प्रसाद, रमेश कुमार पटेल, द्वारका महतो, अजय कुमार, अशोक कुमार, रघुवीर कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे ।

## बेडम पैक्स अध्यक्ष का चुनाव, 17 को

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** सहकारिता विभाग द्वारा प्रखंड के बेडम पंचायत पैक्स का अध्यक्ष का चुनाव 17 अक्टूबर को पंचायत भवन बेडम में किया जायेगा जिसका सदस्यों के नाम प्रकाशित बुधवार को किया गया। सदस्यों के द्वारा अध्यक्ष पद के लिए चार अक्टुबर को नामांकन, पांच को नाम वापसी और चुनाव चिंह आवंटित करते हुए 17 अक्टुबर को चुनाव के बाद मतगणना किया जायेगा। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी थियोफिल टुडु ने बताया कि चुनाव निष्पक्ष रूप से किया जायेगा। कोई भी सदस्य अध्यक्ष पद के लिए नामांकन कर सकते है। उम्मीद्वार के स्थिति को देखते हुए चुनाव कराया जायेगा। चुनाव शांतिपुर्ण तरीके से किया जायेगा। चुनाव की प्रक्रिया सदस्यों के नाम को प्रकाशित करते हुए बुधवार से प्रारंभ हो गया है। बुधवार को नाम प्रकाशित करते समय पुर्व पैक्स प्रबंधक मनोज यादव उपस्थित था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.4 °C | 21.3 °C |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.49 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.36 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 19 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in



## संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ का मामला

# बांग्लादेशी घुसपैठिये नहीं होने की गलत जानकारी देना दुर्भाग्यपूर्ण : हाइकोर्ट

केंद्रीय गृह सचिव एवं झारखंड के मुख्य सचिव हाई पावर कमेटी पर लेंगे निर्णय, केंद्र सरकार इस पर दायर करेगी शपथ पत्रः तुषार मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले में हाइकोर्ट ने कहा कि राज्य के डीसी द्वारा संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठिए नहीं होने की गलत जानकारी दिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। साहिबगंज में चार बांग्लादेशी घुसपैठियों की बात कही गयी है, लेकिन देवघर डीसी ने किसी भी तरह की घुसपैठ होने से इनकार किया है। दूसरी ओर केंद्र सरकार कह रही है कि संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों ने प्रवेश किया है, जिससे वहां किसी खास समुदाय की आबादी बढ़ गयी है।

गलत जानकारी देने के लिए कोर्ट डीसी के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई भी शुरू कर सकती थी, लेकिन कोर्ट का मकसद संथाल परगना में फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के माध्यम से बांग्लादेशियों की घुसपैठ हो रही है या नहीं इसकी सही जानकारी प्राप्त करना है। और अगर बांग्लादेशी घुसपैठिये संथाल परगना में प्रवेश पा रहे हैं, तो उसकी रोकथाम जरूरी है। सुनवाई के दौरान वर्चुअली रूप से हाइकोर्ट की खंडपीठ में सुनवाई से जुड़े सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता ने कहा कि, केंद्र सरकार के गृह सचिव एवं झारखंड के मुख्य सचिव मिल कर संथालपरगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों की जांच को लेकर हाई पावर कमेटी बनाने के संबंध में निर्णय लेंगे। इस हाई पावर कमेटी में कौन-कौन होंगे, इस पर भी ये दोनों सरकार के वरिष्ठ अधिकारी निर्णय लेंगे। हाई पावर कमेटी के संबंध में लिये गये निर्णय को केंद्र सरकार शपथ पत्र के माध्यम से दाखिल करेगी। मामले की अगली सुनवाई 20 सितंबर को होगी।

हाइकोर्ट की खंडपीठ ने झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों के संथाल परगना में अवैध प्रवेश को लेकर दानियल दानिश की जनहित याचिका पर सुनवाई की। दरअसल, हाइकोर्ट में केंद्र सरकार की ओर से शपथ दाखिल कर कहा गया है कि एनआरसी के माध्यम से संथालपरगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें वापस भेजा जा सकता है। संथालपरगना में ट्राइबल की आबादी 42% से घट कर 28% हो गयी है। पाकुड़ एवं साहिबगंज में वर्ष 2011 तक मुस्लिम समुदाय की आबादी करीब 35% बढ़ गयी है। वहीं पूरे संथालपरगना में मुस्लिम समुदाय की आबादी वर्ष 2011 तक 13% बढ़ गयी है। संविधान के तहत केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को पावर दिया है कि वह देखे कि दूसरे देश के सिटीजन ना बसें। इसे लेकर राज्य सरकार की कमेटी भी बनी हुई है। घुसपैठ रोकने के विषय पर राज्य सरकार को मदद देने के लिए केंद्र सरकार तैयार है। बीएसएफ द्वारा दूसरे देश के घुसपैठिए को रोकने के लिए सकारात्मक पहल की जा रही है।

## झारखंड में घुसपैठ मामले की इडी करेगी जांच

पीएमएलए के तहत दर्ज किया केस, झारखंड पुलिस की एफआइआर को बनाया आधार, मनी लान्ड्रिंग की आशंका

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में घुसपैठ का मुद्दा गरमाया हुआ है। राजनीतिक स्तर इसे लेकर बयानबाजी तो होती ही रही है, वहीं हाइकोर्ट भी इस मसले को लेकर सुनवाई कर रहा है। अब इस मामले में इडी भी शामिल हो गयी है।

इडी इसे बांग्लादेशी महिलाओं की तस्करी और संदिग्ध घुसपैठ में मनी लान्ड्रिंग की शंका पर जांच करेगी। इसके लेकर इडी ने पीएमएलए के तहत केस भी दर्ज कर लिया है। इडी ने इसके लिए पुलिस की ओर से दर्ज बरियातू थाने में 4 जून को करायी गयी एक एफआइआर (कांड संख्या 188/2024) को आधार बनाया है। यह मामला बरियातू थाना क्षेत्र के हिल व्यू रोड स्थित बॉली रिजोर्ट से जुड़ा है। यहां से पुलिस ने तीन युवतियों को पकड़ा था, तीनों बांग्लादेशी निकली।

**कैसे इडी मामले में हुई शामिल:** दरअसल, बांग्लादेशी महिलाओं के जरिए जिस्मफरोशी कराने के कई मामले झारखंड पुलिस के सामने आये हैं। ऐसा ही एक मामला राजधानी रांची के बरियातू थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने इलाके के हिल व्यू रोड बाली रिजॉर्ट से तीन संदिग्ध बांग्लादेशी युवतियों की गिरफ्तारी जून महीने में की थी। गिरफ्तार तीनों युवतियों की पहचान बांग्लादेश के चटग्राम की रहने वाली निंपी बिरूआ, समरीन अख्तर व निपा अख्तर के रूप में हुई थी। तीनों ही युवतियों ने पुलिस को बताया था कि उन्हें मनीषा राय नामक की एक अन्य लड़की की मदद से कोलकाता लाया गया था। जहां से वे रांची आयी थीं। उन्हें ब्यूटी सैलून में जॉब दिलाने की बात कही गयी थी, लेकिन यहां उनसे जिस्म फरोशी करायी जाने लगी।

### अब उस एफआइआर को जानिए, जिस आधार पर इडी हुई एक्टिव

**पुलिस ने गिरफ्तार बांग्लादेशी युवतियों से मिली जानकारी के आधार पर बरियातू थाने में चार जून को एफआइआर (संख्या 188/2024) दर्ज किया है। रांची के बरियातू थाने में आइपीसी 1860 की धारा 420, 467, 468, 471 और 34, पासपोर्ट अधिनियम 1967 की धारा 12, विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 14-ए के तहत यह केस दर्ज हुआ था। इडी इस मामले को बांग्लादेशी महिलाओं की तस्करी, घुसपैठ और इसके जरिए मनी लान्ड्रिंग की संभावना मानते हुए पीएमएलए के तहत केस दर्ज की। अब इडी इसे लेकर जांच करेगी।**

# राष्ट्रपति दौरा : छह आइपीएस और दो हजार जवानों की तैनाती

## ट्रैफिक व्यवस्था में हुआ बदलाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर 19 सितंबर को रांची आने की सूचना है। इसे लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। इसमें छह आइपीएस सहित दो हजार जवानों की तैनाती की गयी है। वहीं राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर रांची शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। 19 सितंबर रांची में शाम पांच बजे से रात के 8:30 बजे तक सभी बड़े, छोटे मालवाहक वाहनों, बसों, सवारी वाहनों का प्रवेश और परिचालन वर्जित रहेगा। आकस्मिक सेवा के वाहनों को छोड़ कर।

**तीन लेयर की सुरक्षा रहेगी :** राष्ट्रपति 20 सितंबर को रांची के नामकुम स्थित इंडियन कौंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च के कार्यक्रम में शामिल होंगी। राष्ट्रपति का काफिला जिस मार्ग से गुजरेगा, वहां पर तीन लेयर की सुरक्षा रहेगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा में छह आईपीएस के अलावा 10 डीएसपी, 25 इंस्पेक्टर, 20 दारोगा, दो हजार से अधिक अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गयी है। साथ ही सुरक्षा में बम निरोधक दस्ता, जैप, आइआरबी, रैफ और जगुआर की टीम को भी तैनात किया गया। कार्यक्रम स्थल के आसपास अवैध पार्किंग वर्जित रहेगा। कार्यक्रम स्थल में सिर्फ पास युक्त लोगों को ही प्रवेश करने दिया जायेगा।

### ट्रैफिक व्यवस्था में किया गया बदलाव

- 19 सितंबर को काठीटांड की ओर जाने वाले सभी वाहन शहर से कांके की ओर से रिंग रोड होते हुए गंतव्य स्थान तक जा सकते हैं।
- 19 सितंबर को एचइसी गेट से लेकर अरगोड़ा चौक, सहजानंद चौक, किशोरगंज चौक, न्यू मार्केट चौक, हॉटलिप्स चौक तक के मार्ग का उपयोग शाम 05:00 बजे से 08:30 बजे तक कम से कम करने का निर्देश।
- 19 सितंबर को आवश्यकतानुसार अन्य मार्गों को कम समय के लिए डायवर्ट और रोका जा सकता है।
- 20 सितंबर को रांची शहर में सुबह 08:00 बजे से 12:30 बजे तक सभी बड़े, छोटे मालवाहक वाहनों, बसों, सवारी वाहनों का प्रवेश, परिचालन वर्जित रहेगा। इसके अलावा दिन में समय 09:00 बजे से 12:00 बजे तक अरगोड़ा चौक से कडरू पुल और कडरू पुल से मेकॉन चौक तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। आकस्मिक सेवा के वाहनों को छोड़ कर।
- 20 सितंबर को दुर्गा सोरेन चौक से लेकर रामपुर चौक रिंग रोड तक बड़े वाहनों, बसों ,सवारी वाहनों का प्रवेश,परिचालन वर्जित रहेगा। कार्यक्रम में भाग लेनेवाले वाहनों और आकस्मिक वाहनों को छोड़ कर।
- 20 सितंबर को समय 10:00 बजे से 03:00 बजे तक नामकुम चौक, सदाबहार चौक, घाघरा रोड होते हुए जैप-01 कमांडेंट आवास चौक तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश, परिचालन वर्जित रहेगा। आकस्मिक सेवा के वाहनों को छोड़ कर।
- 20 सितंबर को जमशेदपुर और बुंडू की ओर से आने वाले सभी प्रकार के वाहन रिंग रोड से दाहिने लेकर टाटीसिल्वे होते हुए शहर में प्रवेश करेंगे। साथ ही रांची शहर से जमशेदपुर की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन दुर्गा सोरेन चौक से दाहिने लेकर टाटीसिल्वे होते हुए रिंग रोड के रास्ते अपने गंतव्य तक जायेंगे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** परिस्थिति में सुधार,नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना। उच्चस्तरीय लोगों से सम्पर्क बनाने की कोशिश कामयाब होगी।

**वृष** रोजी-रोजगार के क्षेत्र में सफलता, यशस्वी कार्य करने का अवसर, राजनीतिक लाभ।

**मिथुन** प्रभावशाली लोगों के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा, सुख-सौहार्द की वृद्धि।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि,धन-द्रव्य का लाभ,शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। नवीन उद्योग-व्यापार की योजनाएं सफल होगी।

**सिंह** सक्रियता बनाये रखें,सभी काम देरसबेर पूरा होगा, बेरोजगारों को रोजगार के अवसर बनेंगे।

**कन्या** पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे। पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा। जमीन-मकान संबंधी काम पूरे होंगे।

**तुला** काम-काज की स्थिति में सुधार, अत्यधिक कार्यव्यस्तता,नियमित आमदनी के स्रोत मिलेंगे।

**वृश्चिक** संकल्पित कार्य पूरे होंगे, आकस्मिक लाभ,स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान।

**धनु** विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा। परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी।

**मकर** सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से लाभ,हर्षदायक समाचार मिलेंगे।

**कुंभ** स्वास्थ्य में सुधार,दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।

**मीन** सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे। व्यापार में लाभ,समस्याओं का निराकरण होकर नौकरी में कुछ उन्नति होने की संभावना।

**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**
www.azadsipahi.in

# रांची हेडक्वार्टर से नहीं, गांव से चलायी सरकार: हेमंत

200 यूनिट बिजली फ्री, पुराना बिजली बिल भी हुआ माफ

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जामताड़ा में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में हुए शामिल

दुमका एवं जामताड़ा जिले को लगभग 875 करोड़ रुपये की दी सौगात

## मुख्यमंत्री ने दुमका और जामताड़ा जिले को दीं ये सौगातें..

मुख्यमंत्री ने आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में दुमका एवं जामताड़ा जिले को लगभग 875 करोड़ रुपये की सौगात दी। विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन -शिलान्यास किया साथ ही दोनों जिलों के 4,77,715 लाभुकों के बीच लगभग 30697.5 लाख रुपये की परिसंपत्तियां बांटी।

मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये दोनों जिला के विभिन्न पंचायतों के लाभुकों से सीधा संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जामताड़ा जिले के 263734 लाभुकों के बीच 710 करोड़ 57 लाख 23 हजार रुपये की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास एवं परिसंपत्तियों का वितरण किया। वहीं दुमका जिला के कुल 213981 लाभुकों के बीच 164 करोड़ 99 लाख रुपये की योजनाओं का उद्घाटन -शिलान्यास एवं परिसंपत्तियों का वितरण किया। इसमें जामताड़ा जिला अंतर्गत 40428.98 लाख रूपए की 275 योजनाओं का उद्घाटन -शिलान्यास एवं दुमका जिला अंतर्गत 95.74 लाख रुपये की 23 योजनाओं का उद्घाटन -शिलान्यास किया। मौके पर लाभुकों के बीच 66 एकड़ भूमि का वनपट्टा वितरण हुआ।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मैं लगातार राज्य का दौरा कर रहा हूं। बस यही देखने आता हूं कि सरकार गांव से चल रही है या नहीं। गांव-गांव पहुंचकर तथा ऑनलाइन माध्यम से भी लोगों से संवाद कर उनकी बातों को सुन रहा हूं। मैं यह जानने का प्रयास कर रहा हूं कि आपके लिए जो योजनाएं राज्य सरकार बना रही है वह आप तक पहुंच रही हैं या नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की आधी आबादी के लिए झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना ऐसी योजना है, एक ऐसा कदम है जो महिला सशक्तिकरण में इस राज्य के लिए मील का पत्थर साबित होने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गांव से चल रही है, रांची हेडक्वार्टर से नहीं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जामताड़ा जिला के कुंडहित प्रखंड अंतर्गत धनुकडीह मैदान में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में उक्त बातें कहीं।

**200 यूनिट बिजली फ्री, पुराना बिजली बिल भी हुआ माफ :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पूर्व की सरकार द्वारा राज्य में 11 लाख राशन कार्ड डिलीट कर दिया गया। वर्तमान राज्य सरकार ने 20 लाख नया हरा राशन कार्ड बनाकर गरीबों के बीच बांटने का कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार खुले बाजार से भी अनाज खरीद कर राशन वितरण करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में बिजली उपभोक्ताओं का 200 यूनिट तक बिजली फ्री किया और 200 यूनिट तक के पुराने बकाया बिजली बिल को माफ करने का काम किया है।

इस अवसर पर नाला विधायक-सह-विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री डॉ इरफान अंसारी, सांसद नलिन सोरेन, जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा, राधारानी सोरेन, आयुक्त संताल परगना प्रमंडल, डीआइजी के अलावा दुमका एवं जामताड़ा जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

# महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाना मोदी सरकार का उद्देश्य : जयंत चौधरी

रांची में कौशल विकास पहलों की श्रृंखला का अनावरण

सुलभ, व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कौशल रथ खोला गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्थानीय समुदायों के उत्थान और स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने के एक परिवर्तनकारी प्रयास में, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम ने रांची में कई कौशल विकास पहल शुरू कीं, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाना है। ये कार्यक्रम कौशल बढ़ाने, उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और आर्थिक अवसर पैदा करने के लिए डिजाइन किये गये हैं, जो अंततः समुदाय के समग्र विकास में योगदान देंगे। 17 सितंबर को आयोजित शुभारंभ समारोह में कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी और रक्षा मंत्रालय के राज्यमंत्री संजय सेठ भी उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए जयंत चौधरी ने कहा, विश्वकर्मा जयंती और माननीय प्रधानमंत्री के जन्मदिन के शुभ अवसर पर हम इन पहलों की शुरुआत कर रहे हैं जो कौशल और उद्यमिता के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। आज हम जिन पहलों का अनावरण कर रहे हैं, वे केवल कौशल विकास कार्यक्रम नहीं हैं, बल्कि वे सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के मार्ग हैं।

इस अवसर पर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा, झारखंड में अपनी समृद्ध आदिवासी विरासत के साथ मिलेट आधारित आहार की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। यहां की उष्णकटिबंधीय (ट्रॉपिकल) जलवायु मिलेट की खेती के लिए एकदम सही है और कच्चे माल की प्रचुरता हमें मिलेट आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने में एक प्राकृतिक लाभ देती है।

दोनों मंत्रियों ने रांची में कौशल रथ को हरी झंडी दिखायी। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) की पहल पर, यह विशेष बस मॉर्डन टूल्स, सुविधाओं और प्रमाणित प्रशिक्षकों के साथ मोबाइल क्लासरूम में सुलभ, हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग प्रदान करती है। इन बसों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम डिजिटल लिटरेसी, फाइनेंशियल लिटरेसी, रिटेल और उद्यमशीलता कौशल जैसे विभिन्न विषयों पर आधारित होंगे। श्री चौधरी ने रांची में जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) सेंटर का भी दौरा किया और लाभार्थियों से बातचीत की। उन्होंने वहां एक पेड़ लगाकर 'एक पेड़ मां के नाम' पहल में भाग लिया, जो पर्यावरणीय स्थिरता और सामुदायिक भागीदारी के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, केंद्र के कर्मचारियों और लाभार्थियों के साथ 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत स्वच्छता शपथ भी ली।

CCL Fuelling Sustainable Growth
सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कर्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753006 (ODISHA), INDIA

विज्ञापन संख्या / Advertisement No. 28/RA/2024-25

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में **"कृषि-व्यवसाय इनक्यूबेटर केंद्र (एबीआई)" (ईएपी-215)** परियोजना के लिए **एक (01) रिसर्च एसोसिएट** पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in/walk-in-intervew (Online Interview)** पर उपलब्ध है।

ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack invites applications for post of **Research Associate (01)** under the scheme **"Agri-Business Incubator Centre(ABI)" (EAP-215)**. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in NRRI website-**https://icar-nrri.in/walk-in-intervew (Online Interview)**.

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR

**खड़गपुर मंडल में खानपान इकाइयों के ठेकों के लिए ई-नीलामी सूचना**

**ई-नीलामी सूचना संख्या: केजीपी/सीएटीजी-डब्ल्यूवीएम/2024 दिनांक: 17.09.2024**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर मंडल निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं: **(i) कैटेलॉग संख्या: सीएटीजी-केजीपी-24-09** के मार्फ़त 05 (पांच) वर्षों की अवधि के लिए बालेश्वर रेलवे स्टेशन पर स्पेशल माइनर यूनिट पर खानपान सेवाओं के प्रावधान के लिए ई-निविदा कैटेलॉग। **नीलामी की तारीख:** 21.09.2024। **नीलामी शुरू/बंद होने का समय:** क्रमशः सुबह 10.00 बजे एवं सुबह 10.30 बजे। **(ii) कैटलॉग संख्या: केजीपी-डब्ल्यूवीएम-24-05** के मार्फत 05 (पांच) वर्षों की अवधि के लिए खड़गपुर मंडल में मेचेदा (1 अदद) और पांशकुड़ा (1 अदद) स्टेशनों पर डब्ल्यूवीएम की स्थापना, रखरखाव एवं परिचालन के प्रावधान के लिए ई-नीलामी कैटेलॉग। **नीलामी की तारीख:** 21.09.2024। **नीलामी शुरू/समाप्त होने का समय:** क्रमशः सुबह 11.00 बजे और सुबह 11.40 बजे। **(iii) कैटलॉग संख्या: केजीपी-डब्ल्यूवीएम-24-06** के मार्फत 05 (पांच) वर्षों की अवधि के लिए खड़गपुर मंडल में खड़गपुर (2 अदद), बालेश्वर (2 अदद), मिदनापुर (2 अदद), घाटशिला (1 अदद), झाड़ग्राम (1 अदद), जलेश्वर (1 अदद) और हिजली (1 अदद) स्टेशनों पर डब्ल्यूवीएम की स्थापना, रखरखाव एवं परिचालन के प्रावधान के लिए ई-नीलामी कैटेलॉग। **नीलामी की तारीख:** 27.09.2024। **नीलामी शुरू/समाप्त होने का समय:** क्रमशः दोपहर 12.00 बजे और दोपहर 2.00 बजे। जिन्हें वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** में अधिसूचित किया गया है। एजेंसी/खानपान ठेकेदार इस पर ध्यान दें और ई-नीलामी सूचना के बारे में विवरण और संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लिखित वेबसाइट देखें। पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, यदि कोई हो, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-615)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# किसी भी सूरत में वन नेशन वन इलेक्शन को नहीं मानेंगे : झामुमो

## वन नेशन वन इलेक्शन अधिनायकवाद को स्थापित करता है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मोदी कैबिनेट ने बुधवार को एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हम किसी भी सूरत में वन नेशन वन इलेक्शन को नहीं मानने वाले हैं। सुप्रियो ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन के सहारे भाजपा चुनाव की पूरी प्रक्रिया को दूषित करना चाहती है। यही भाजपा निर्वाचित सरकारों के अधिकारों को काटती है, सरकार को तोड़ने का काम करती है, दल को तोड़ती है और अपने साथ ले लेती है। इसके लिए भाजपा नेताओं की खरीद-फरोख्त करती है। उनको प्रलोभन देती है। उनको सत्ता पर बिठा देती है या उन पर मुकदमा लाद देती है। बुधवार को सुप्रियो भट्टाचार्य झामुमो प्रदेश कार्यालय में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा की मुख्य स्रोत है आरएसएस, जो मनुवाद की सोच पर चलता है। उन्होंने कहा कि हेडगेवार को मानने वाले लोग अब गांधी के देश को बर्बाद करने पर तुले हैं। भट्टाचार्य ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन अधिनायकवाद को स्थापित करता है। भाजपा जिस तरह से आगे बढ़ रही है, उससे लग रहा है कि वह संविधान बदलने की नियत के साथ चल रही है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन के सहारे संविधान बदलने की पटकथा लिखी जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे देश में अधिनायकवाद स्थापित होगा, जो जन आकांक्षाओं पर सीधा हमला करेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के 100 दिन बीतते ही वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसकी तिथि भी 2029 चुनी गयी है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव से देश के कम से कम 25 लाख जनप्रतिनिधियों के अधिकारों पर हमला किया गया है। भट्टाचार्य ने कहा कि एक तरह से ये वन नेशन वन इलेक्शन आदिवासी परंपरा पर भी कुठाराघात करने वाला साबित होगा। सुप्रियो ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनी हुई सरकार को तोड़ती है। इसमें सफल नहीं होने पर झूठे मुकदमे लाद कर अपनी सरकार बना लेती है। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार के इस प्रस्ताव को कभी सहन नहीं करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा हर जगह चुनाव हार रही है, लेकिन चुनाव हारने के बाद भी अपना शासन थोपना चाहती है।

### पीएम भूत की चर्चा करते हैं और भूत भगाने के लिए भी लोग आ जाते हैं

**सुप्रियो ने कहा कि पीएम भूत की चर्चा करते हैं और भूत भगाने के लिए भी लोग आ जाते हैं। अभी झारखंड में गृह मंत्री भी आने वाले हैं, पर भाजपा को इस बार कोई नहीं बचा सकता। भट्टाचार्य ने सवालिया लहजे में पूछा कि आखिर किसने कह दिया कि एक साथ चुनाव से वोटिंग प्रतिशत बढ़ जायेगा। उन्होंने कहा, भाजपा यह झूठी दलीलें देना बंद करे।**

# पांच लाख का इनामी उग्रवादी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने पांच लाख के इनामी उग्रवादी और जेजेएमपी के सब जोनल कमांडर शिवराज सिंह को गिरफ्तार करने में सफल हुई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकारों को जानकारी देते हुए लातेहार एसडीपीओ अरविंद कुमार ने बताया कि जिले के पुलिस कप्तान को गुप्त सूचना मिली थी कि शिवराज अपने साथियों के साथ तरवाडीह से आगे फुटबॉल मैदान में हो रहे खेल प्रतियोगिता देख रहा है, जिसके बाद हमारे नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और दुबियाही के फुटबॉल मैदान की रैकी की गयी और शिवराज को गिरफ्तार करने में सफल हुई। इसके बाद उसकी तलाशी लेने पर दो मोबाइल फोन बरामद किया गया। आगे एसडीपीओ ने बताया कि शिवराज सिंह जेजेएमपी के सबजोनल कमांडर के रूप में कार्य कर रहा था। उसके खिलाफ हत्या जैसे जघन्य अपराध सहित कुल 13 मामले दर्ज हैं और वह पूर्व में भी यह दो बार जेल जा चुका है।

सबजोनल कमांडर शिवराज सिंह के पास से एक स्मार्ट फोन, एक किपैड फोन जब्त किया गया।

छापामारी दल में मुख्य रूप से एसडीपीओ अरविंद कुमार, लातेहार थाना प्रभारी प्रमोद सिंह, भागीरथ पासवान, देवेन्द्र कुमार, रंजन कुमार पासवान, सुरेन्द्र कुमार महतो, सोनू कुमार, प्रभारी कोने पिकेट, कुबेर प्रसाद रविंद्र महली, नागेश्वर महतो. बिरेंद्र पासवान संतोष कुमार, राजेश शर्मा शामिल थे।

# तोपा में एसबीआइ मशीन काटकर चोर उड़ा ले गये साढ़े 23 लाख रुपये

**नकाबपोश चोरों ने 15 मिनट के अंदर गैस कटर से काटकर मशीन में रखें 23 लाख 46 हजार एक सौ रुपया लेकर फरार हो गये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** ओपी क्षेत्र के तोपा चौक स्थित एसबीआई एटीएम मशीन को गैस कटर से काटकर नकाबपोश चोरों ने साढ़े 23 लाख रुपए चुराकर चलते बने। घटना 16/17 सितंबर की देर रात करीब तीन बजे की है। घटना की सूचना मिलने के बाद डीएसपी मुख्यालय चंदन कुमार वत्स सहित कई आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच की कार्रवाई शुरू कर दी। वही, मामले को लेकर सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है। साथ ही, छापामारी अभियान जारी है। जानकारी के अनुसार, तोपा चौक निवासी गुलाम मुस्तफा के आवास में लगा सीएमएस इंफो सिस्टम कंपनी द्वारा संचालित एसबीआई एटीएम मशीन को नकाबपोश चोरों ने 15 मिनट के अंदर गैस कटर से काटकर मशीन में रखें 23 लाख 46 हजार एक सौ रुपया लेकर फरार हो गये। इस दौरान मशीन को गैस कटर से काट रहे नकाबपोश चोरों का सीसीटीवी कैमरा में घटना को अंजाम देते हुए नजर आया है। वही, एसपी अजय कुमार द्वारा गठित एसआइटी टीम में शामिल मुख्यालय डीएसपी चंदन कुमार वत्स, इंस्पेक्टर गजेंद्र कुमार पांडेय, सब इंस्पेक्टर अभिषेक प्रताप, घाटो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार, मांडू थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव, कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर कुमार पांडेय ने विभिन्न बिंदुओं पर जांच की। साथ ही, जांच के दौरान एटीएम मशीन के आसपास के स्थल पर गाड़ी की टायर का निशान, फिंगरप्रिंट आदि कई निशान लिया। साथ हीं, आवास मलिक गुलाम मुस्तफा से भी पूछताछ किया। इधर, पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच चल रहा है।

## पारिवारिक विवाद में युवती ने लगायी फांसी

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू प्रखंड क्षेत्र के जमड़ी गांव में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कुडू थाना के एसआइ सोमा उरांव व एएसआइ सुकू सोरेन ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया है और पुलिस जांच में जुट गयी है। मृतक युवती की पहचान टुनु उरांव के 17 वर्षीय पुत्री प्रिया कुमारी के रूप में हुई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि प्रिया कुमारी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, प्रिया की मां ने उसे कुछ बातों को लेकर उसे डांट फटकार लगाया था। उसी से नाराज होकर मंगलवार की रात अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## मूसलाधार बारिश में दर्जनों घर गिरे

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** पिछले दिनों हुई मूसलाधार बारिश से गरीबों के कच्चे आशियाने गिरने लगे हैं। 24 घंटे में दर्जन से अधिक लोगों के मकान गिर गए हैं। इससे लाखों की गृहस्थी दबकर नष्ट हो गयी है। यही नहीं जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण कई लोगों के घरों में पानी भर गया है। ऐसे में उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीती रात भंडरा प्रखंड बस्ती के थाना मोड़ निवासी बंधनु उरांव व विजय उरांव का मकान ध्वस्त हो गया। इस घटना मे मकान मे सो रहे परिजन बाल बाल बच गये। घटना मे पीड़ित परिवारों का हजारों रुपये के सामग्री मलबे मे दबा गया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मदद की गुहार लगया है। उधर प्रखंड बस्ती मे कई ग्रामीण के घरों मे जलभराव की समस्या हो गयी है। वही सीलन की वजह से मकान गिरने का खतरा बना हुआ है। तेज बारिश से भंडरा बस्ती के आठ नंबर वार्ड मे वार्ड सदस्य संतोष पंडित के घर मे पानी घुस गया। वही पवन साहू, रामजीत उरांव सहित कई लोगो के घरों मे पानी घुस जाने के ग्रामीणों का काफी परेशानी उठानी पड़ी। सीओ दुर्गा कुमार ने बताया की जिन ग्रामीणों के बारिश से घर घवस्त हुए है वे फोटो युक्त आवेदन आंचल कार्यालय मे जमा करें।

### घर गिरने से बेघर हुए किसान

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लगातार बारिश होने से कई गरीब किसानों का कच्चा मकान गिर कर क्षतिग्रस्त हो गया है वही घर गिरने से लोग बेघर हो गये हैं। लोगों को परिवार के साथ रहने के लिये काफी समस्या हो रही है। प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत अंतर्गत चमडू ग्राम निवासी स्व. बंधन महतो का पुत्र करमपाल महतो और स्व. आन्धु नायक का पुत्र मधु नायक का कच्चा मकान गिर गया। जिसे दोनों परिवार के लोगो को रहने में काफी दिकत का सामना करना पड़ रहा है। वही करमपाल महतो और मधु नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि मकान गिरने से घर मे रख समान भी दब कर नष्ट हो गया।**

## पीवीयूएनएल के अधिकारियों और कर्मियों ने ली स्वच्छता की शपथ

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पीवीयूएनएल पतरातू में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत पीवीयूएनएल के परिसर में स्वच्छ भारत शपथ का आयोजन किया गया। इस दौरान सीईओ पीवीयूएनएल आरके सिंह, जीएम और अन्य विभागाध्यक्षों के साथ स्वच्छता शपथ ली। इस अवसर पर सीइओ आरके सिंह ने स्वच्छता के प्रति लोगों को स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। शपथ समारोह के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा के तहत होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वच्छता शपथ ली गयी और सभी ने स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

## नाली विवाद में पति-पत्नी के साथ मारपीट

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कोसमाही गांव में नाली विवाद को लेकर पति-पत्नी के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। मारपीट की इस घटना में मनोज यादव और उसकी पत्नी मंजू देवी घायल हो गयी है। घायल ने अपने सगे भाई दिनेश यादव, उसकी पत्नी बेदमिया देवी, पुत्र सुजय यादव, बहु सरिता देवी, फुलवा देवी और पोता प्रियांशु कुमार पर लगाया है। मनोज यादव और उसकी पत्नी मंजू देवी ने बतायी कि उसके घर में बरसात का पानी जमा हो गया था और पानी निकासी वाले नाली को उपरोक्त लोग जबरन बंद कर दिए थे। जिसे खोलकर घर में जमा को पानी को बाहर निकाल रहे थे। इसी दौरान उपरोक्त लोग आये और पानी निकालने से रोकने लगे। घर में पानी जमा होने की बात बताकर जब पानी खोलने लगे तो उपरोक्त लोग मिलकर पति-पत्नी के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान पति को घर के अंदर बंद कर दिये और पत्नी को अकेला पाकर बाहर बेरहमी से मारपीट किया। इस संबंध में मंजू देवी ने हंटरगंज थाने में आवेदन दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## प्रसव के बाद महिला से मिठाई के नाम पर मांगा पैसा, शिकायत

**मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का, पैसा मांगे जाने का वीडियो वायरल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** गोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। यहां खुलेआम प्रसव के बाद महिलाओं से मिठाई के नाम पर पैसा की मांगी जाती है। इसका खुलासा बुधवार को हुआ। एक महिला ने कांग्रेस के पूर्व राज्य सभा प्रत्याशी शहजादा अनवर से पैसा मांगे जाने की शिकायत की। शिकायत के आलोक में कांग्रेस नेता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। यहां का व्यवस्था देख कर नाराजगी जाहिर की। कांग्रेस नेता को एक सहिया ने पैसा मांगे जाने की शिकायत की। महिला ने बताया कि वह प्रसव के लिए एक गरीब महिला को अस्पताल में भर्ती करायी। लेकिन प्रसव के बाद एएनएम के द्वारा दो हजार रुपया की मांग की गयी। उस एएनएम को नो सौ रुपया दिया। इसके बाद भी वह पूरा पैसा की मांग करती रही। इस आलोक में शहजादा अनवर के नेतृत्व में चिकित्सा प्रभारी से बात की गयी। इस पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया। मौजूद ग्रामीणों ने उक्त नेताओं को बताया कि यहां पर विभिन्न तरह से कुछ कर्मी खुलेआम पैसा लेते हैं। शहजादा अनवर ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से दूरभाष पर बात की। उन्होंने यहां की व्यवस्था को मंत्री के समक्ष रखा। इधर पैसा मांगे जाने का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। मौके पर संतोष सोनी, जनार्दन पाठक, कमल शहजादा, गुलाम सरवर, ज्ञानी मुंडा, मुंडा ज्ञानी, बबलू कुमार आदि थे।

## भाजपा की बैठक में पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने पर विचार- विमर्श

**कैरो (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो की अध्यक्षता में भाजपा प्रखण्ड स्तरीय पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। मौके पर पार्टी संगठन की मजबूती, विधान चुनाव में पार्टी प्रत्यासी की जीत सुनिश्चित करने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही साथ आगामी 27 सितम्बर 2024 को गुमला से लोहरदगा आ रहे परिवर्तन रथ यात्रा को सेन्हा के पास अगुवाई करने, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का लोहरदगा में प्रस्तावित जनसभा कार्यक्रम को सफल बनाने तथा आगामी 29 सितंबर को प्रधान मंत्री के द्वारा मन की बात कार्यक्रम को सभी बूथों पर सुनने पर विचार विमर्श किया गया। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने बतलाया कि रथ यात्रा की अगुवाई व जनसभा में सामील होने के लिए प्रखण्ड क्षेत्र से लगभग 2500 पार्टी समर्थक जायेंगे। मौके पर जिला मंत्री कैलाश महतो, विशेश्वर प्रसाद दीन, मनोज साहू, हरिगोपाल साहू, कुलदीप साहू,प्रवीण सिंह, रामबुझावन गुप्ता, दिप शाय, गोविंद महतो, सुखन उरांव आदि उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनायी गयी विश्वकर्मा पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा में देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा पूजा मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। शहरी क्षेत्र सहित अन्य जगहों पर प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव से पूजा अर्चना की गयी। मौके पर व्यवसायिक प्रतिस्थानों के अलावा सभी ने अपने दो पहिये, चार पहिये, बड़ी वाहन, ट्रेक्टर, जरनेटर आदि मशीनरी चीजों को फुल-मालाओं से सजाकर उनकी पूजा कर प्रसाद वितरण किया। बाजार के शोरूम सहित विभिन्न हार्डवेयर के दुकानों, जेनरेटर संचालकों, टीवी व अन्य इलेक्ट्रानिक्स दुकानों, बस स्टैंडों, वाहन गैरेजों, कम्प्यूटर सेंटर समेत विभिन्न मशीनरी दुकानों सहित अनेक प्रतिष्ठानों में पूजा अर्चना के मौके पर भाग लेने के लिये श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने विश्वकर्मा भगवान की पूजा अपने-अपने घरों में भी धूम-धाम से की। बुधवार को देर शाम भक्तो ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा को बड़े धूम धाम से विसर्जन किया। इधर कमला देवी राइस मिल प्राइवेट लिमिटेड में भगवान विश्वकर्मा की पूजा धूमधाम से मनाया गया। पंडित गोपाल शरण मिश्र की अगुवाई में कंपनी के डायरेक्टर दीपक जायसवाल, पंकज जायसवाल, माता कमला देवी जायसवाल व परिवार के सदस्यगण के द्वारा पूजा अर्चना की गयी। मौके पर प्रियेस जायसवाल, प्रशंसा जायसवाल, शर्मिला जायसवाल, दीपंशा जायसवाल, मनोज जायसवाल, सुनील जायसवाल, निशित जायसवाल, नवीन जायसवाल, मिल संचालक कुलेन्द्र समेत अन्य लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं से मिली नीरू शांति भगत

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत आंगनबाड़ी सेविकाओं से मिली और उनका हाल जाना ।सेविका एवं सहायिका दोनों की स्थिति बहुत ही दयनिय है ।मानदेय बहुत कम है और एक कार्य का भार बहुत अधिक, उसके ऊपर से पदाधिकारी का दबाव अलग से रहता है ।सेविकाओं ने अपना दर्द बदलते हुए,कहा की आज सरकार के एक महत्वपूर्ण अंग के रूप में आंगनवाड़ी कार्य कर रहा है ।नवजात बच्चों के देखरेख से लेकर बी एल ओ के कार्य तक सब इनके जिम्मे है। टीकाकरण से लेकर पोषाहार तक सब इनके जिमे है ।परंतु इनका ख्याल रखने वाला कोई नहीं। आजसू पार्टी बहुत जल्द सरकार से इनके लिए भी समुचित व्यवस्था देने की मांग करेगी। जिसमें इनका कार्य के अनुरूप भत्ता एवं निश्चित कार्य अवधि तय होना चाहिए। प्रतिनिधि मंडल में नीरू शांति भगत के अलावे केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव,कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## प्रखंड स्तरीय खरीफ कार्यशाला का आयोजन

**कुंदा / हंटरगंज (आजाद सिपाही)।** कुंदा प्रखंड स्तरीय खरीफ कार्यशाला का अयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती ने कार्यशाला का फीता काट कर उद्घाटन किया। मंच संचालन मनोज कुमार यादव ने किया। प्रभारी प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक सुधीर कुमार ने किसानों के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। विशेषकर कर मिलेट मिशन योजना अंतर्गत किसानों को 30 सितम्बर तक रजिस्ट्रेशन कराने पर जोर दिया गया। जिसमें मडुवा की खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ 3 हजार रुपये की राशि, किसान समृद्धि योजना के तहत 90प्रतिशत अनुदान पर किसानों को सोलर पंप, किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा समेत कई अन्य योजनाओं की जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम में किसानों को खरीफ फसल से संबंधित विभिन्न जानकारियां दी गयी जिसमें प्रमुख मिलेट्स मिशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सॉइल हेल्थ कार्ड योजना, और खरीफ मौसम के फसलों में कीट व्याधि नियंत्रण के उपाय बताया गया। इस कार्यक्रम में जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष, अलग-अलग पंचायतों के प्रतिनिधि एटीएम और बीटीएम, कृषक मित्र, किसान और महिलाएं उपस्थित हुए।

## 50 हजार के लिए जला दी गयी गयी एक और बहू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** दहेज की खातिर बहू पर अत्याचार होना आम बात हो गयी है। लेकिन पुलिस भी अत्याचार करने वाले परिजनों को सलाखों के पीछे भेजने में पीछे नहीं है। रामगढ़ थाना क्षेत्र के अरगड्डा में ससुराल वालों के द्वारा एक 26 वर्षीय बहू ममता कुमारी को जलाकर मारने का प्रयास किया गया था। इस मामले में पीड़िता के पिता बसंत राम ने 16 सितंबर को प्राथमिक की दर्ज करायी थी। बुधवार को रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई की। इस मामले में कांड संख्या 2293/24 और 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के मामले दर्ज कर पति विनोद करमाली और सास पांतो देवी को गिरफ्तार कर लिया है।

## जिला स्तरीय स्वच्छता अभियान का शुभारंभ

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लोहरदगा तथा नगर परिषद लोहरदगा के संयुक्त तत्वावधान में आज न्यू टाउन हॉल, लोहरदगा में 18 सितंबर, 2024 से 02 अक्टूबर, 2024 तक आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपविकास आयुक्त लोहरदगा उपस्थित थे। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत श्रमदान, वृक्षारोपण एवं स्वच्छता शपथ कार्यक्रम एवं लोगों के बीच विभिन्न प्रकार के पौधों का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि उपविकास आयुक्त ने अपने संबोधन में नगर वासियों एवं जिले वासियों से अपील की महात्मा गांधी के जन्म दिवस तक सेवा ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

## आपदा प्रबंधन प्राधिकार समिति की बैठक, मामले का जल्द से जल्द निष्पादन का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिलास्तरीय आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक समाहरणालय सभागार में की गयी। बैठक में आपदा प्रबंधन द्वारा दी जाने वाली लंबित मुआवजा की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने लंबित मामलों को नियम संगत जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि आमजनों के समस्याओं के समाधान के प्रति संवेदनशील होते हुए गम्भीरता दिखायें। उपायुक्त ने कहा कि बिना वैध कारण के आवेदनों को रद्द नही करें। बैठक में उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी को सभी अंचलों के सीओ से समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द मामलों का निपटारा करते हुए, किये गए समुचित कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, अपर समाहर्ता जितेंद्र सिंह मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार,सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा प्रमोद कुमार दास, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, जिला सहकारिता पदाधिकारी समेत जिले के कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## मांडू के बाबूलाल हेंब्रम ने रोशन किया देश का नाम

**मांडू के केरीबंदा निवासी बाबूलाल ने फिजी में जीता गोल्ड मेडल, गांव में खुशी की लहर**

दीपक कुमार

**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू के लाल बाबूलाल हेमब्रॉम ने फिजी में आयोजित कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर अपने प्रखंड, जिला, राज्य के साथ साथ देश का नाम रौशन किया है। फिजी में 16 सितंबर से 21 सितंबर तक आयोजित यूथ कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के 49 किलोग्राम श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता है। हालात अच्छे नहीं होने के बावजूद बाबूलाल ने गोल्ड मेडल हासिल किया।

बाबूलाल हेमब्रॉम रामगढ़ जिला के मांडू प्रखंड के केरीबंदा गांव का निवासी है। उनके पिता कैला मांझी दैनिक मजदूर है। वहीं माता देनी देवी नव प्राथमिक विद्यालय केरीबंदा रसोइया का कार्य करती है। इनके नरेश हेमब्रॉम, सुनील हेमब्रॉम, दिलीप हेमब्रॉम तीनो बड़े भाई है। गांव के कैलास मांझी ने बताया कि बाबूलाल अपने गांव में ही प्रारंभिक पढ़ाई नव प्राथमिक विद्यालय केरीबंदा में वर्ग पांच तक की है। इसके बाद वर्ग छः में उमवि तोपा में नामांकन कराया। बचपन से ही बाबूलाल को खेल में रुचि थी। इसी क्रम में खेल गांव में प्रतियोगिता को लेकर फार्म निकला। इसमें प्रतिभा के कारण उनका चयन झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन समिति रांची में हुआ। समिति के देखरेख में वे बीते कई वर्षों में प्रशिक्षण लेते हुए कई मेडल जीते हैं। बाबूलाल के इस जीत पर गांव समेत प्रखंड में खुशी का माहौल है। माता, पिता, भाई, मित्र समेत ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है।

**मांडू के बाबूलाल ने देश-विदेश का किया नाम रौशनः फागू :** झारखंड के दर्जा प्राप्त मंत्री सह झामुमो केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा ने कहा कि फिजी में आयोजित कॉमनवेल्थ कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर मांडू का नाम देश- विदेश में रौशन किया है। श्री बेसरा ने बाबूलाल को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि गुदड़ी के लाल ने अपना परचम लहराया है। खेल प्रेमियों को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। बधाई देने वालों ने झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, मुखिया ऐतवा वास्के, रोपण देवी, कैलास मांझी, दिनेश मांझी, सानू मदन सोरेन, बोधन मांझी, मनीष कुमार, जितेंद्र कुमार, अमित हंसदा, भुनेश्वर ठाकुर, सुखदेव महतो वकील, शनिचरा मरांडी समेत कई लोगों बधाई व शुभकामना दी है।

# केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कार्यक्रम 21 को, तैयारी तेज

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आगामी 21 सितंबर को श्री बंशीधर नगर में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारी तेज हो गयी है। बुधवार को जिले के पुलिस कप्तान दीपक कुमार पांडेय ने पुलिस और प्रशासन की टीम के साथ यहां स्थल का निरीक्षण किया तथा कार्यक्रम की तैयारी से संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एसपी ने रक्षा मंत्री के कार्यक्रम को लेकर जंगीपुर में स्थित सिंचाई विभाग के ग्राउंड, अनुमंडल कार्यालय के मैदान और गोसाई बाग के मैदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुये एसपी ने कहा कि केंद्रीय रक्षा मंत्री के कार्यक्रम को लेकर विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद कार्यक्रम को लेकर गोसाईबाग के मैदान को निर्धारित किया गया है। साथ ही अनुमंडल कार्यालय के मैदान में हेलीकॉप्टर की लैंडिंग कराई जायेगी। वहीं भवनाथपुर और रमना की ओर से आने वाले वाहनों को रेलवे ग्राउंड, सर्किट हाउस के सामने और धुरकी, सगमा एवं बिलासपुर से आने वाले वाहनों को शंकर प्रताप देव कॉलेज के निकट पार्किंग की जायेगी। निरीक्षण के दौरान एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी, थाना प्रभारी आदित्य नायक, सिटी मैनेजर प्रमेय कुमार, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम आदि मौजूद थे।

# भाई-बहन का प्रेम व प्रकृति की रक्षा का प्रतीक है करमा पर्व : मिथिलेश

**आदिवासी करमा मिलन समारोह में मांदर बजाकर ग्रामीणों के साथ खूब थिरके मंत्री**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अखिल भारतीय आदिवासी महासभा प्रखंड कमिटी रंका के तत्वावधान में बूढ़ापरास में बुधवार को आदिवासी करमा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शामिल हुए। मंत्री श्री ठाकुर मांदर और नगाड़ा बजाकर ग्रामीणों के साथ खूब थिरके। समारोह में ग्रामीणों ने मांदर की थाप, पारंपरिक गीत और नृत्य के साथ माला पहनाकर और पुष्प गुच्छ देकर मंत्री का भव्य स्वागत किया। मंत्री ने करम डाली की पूजा अर्चना कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि करमा पर्व भाई-बहन का प्रेम, प्रकृति एवं संस्कृति की रक्षा का प्रतीक त्यौहार है। यह संपूर्ण झारखंड सहित देश के विभिन्न भागों में मनाया जाने वाला आदिवासी समाज का महत्पूर्ण पर्व है। बहनें उपवास रखकर भाई की सुख, समृद्धि और लंबी उम्र की कामना करती हैं। मंत्री ने करम डाली की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष छोटू सिंह, महासभा के अध्यक्ष लखन उरांव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## एक हजार से अधिक युवाओं ने थामा झामुमो का दामन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)। शहर के नवादा मोड़ स्थित बंधन मैरेज हॉल में बुधवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मिलन समारोह में गढ़वा शहरी एवं विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के 1000 से अधिक युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर झामुमो में में शामिल किया। सभी युवाओं ने आगामी विधानसभा चुनाव में मंत्री श्री ठाकुर की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित कराने और राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनाने का संकल्प लिया। साथ ही समारोह में मंत्री को युवाओं ने बुके के साथ साथ फूल के बड़े माला से स्वागत किया गया। मौके पर मंत्री ने कहा कि युवा देश के भविष्य हैं। इन्हीं के कंधों पर बेहतर समाज की निर्माण की जिम्मेदारी है। इनके पास सभी चीजों को काफी बारीकी से सोचने, समझने की शक्ति है। आज राज्य की युवा, जनता पूरी तरह से जागरूक है। यह किसी के झांसे में आने वाली नहीं है। पूर्ववर्ती सरकारों ने राज्य की जल, जंगल, जमीन का भरपूर दोहन किया।**

# सीएम आज गढ़वा में आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होंगे

**उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला के मेराल प्रखंड अंतर्गत दुलदुलवा पंचायत के पेशका हाई स्कूल के मैदान में आज गुरुवार को आयोजित होने वाले 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। जहां से वे एक हजार करोड़ से अधिक रुपये के योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और परिसंपतियों का वितरण करेंगे। जिसमें 730 करोड़ की लागत से निर्माण करवाये जाने वाले 113 योजनाओं का शिलान्यास, 260 करोड़ की लागत से निर्मित 22 योजनाओं का उद्घाटन और 38 करोड़ 90 लाख रुपये के परिसंपत्तियों का वितरण मुख्यमंत्री द्वारा किया जायेगा। इस बाबत कार्यक्रम आयोजन के मद्देनजर की जा रही आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने उपायुक्त शेखर जमुआर व पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने कार्यक्रम स्थल का मुआयना किया।

विदित हो कि आज गुरुवार को आयोजित किये जाने वाले आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में गढ़वा जिला समेत लातेहार जिले के लाभुक और आम जनता भी सम्मिलित होंगे। मौके पर उपस्थित जिला स्तरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और संबधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी समेत अन्य संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बताया कि कल के इस वृहद कार्यक्रम में गढ़वा जिले के लोगों के साथ-साथ लातेहार जिले के आम जन भी शामिल होंगे।

# सरस्वती नदी में स्टंट करना युवक को पड़ा भारी, नदी में डूबने से हुई मौत, शव बरामद

**गढ़वा (आजाद सिपाही)। शहर के सोनपुरवा मुंहला में सूरजकुंड के पास सरस्वती नदी में स्टंट करना युवक को भारी पड़ा। उक्त मुहल्ले के ही शाजिद नाम का 18 वर्षीय युवक मंगलवार को जैसे ही बाढ़ आय्ई नदी में छलांग लगाया। नदी की तेज धारा में बह गया। काफी खोजबीन किया गया तब जाकर आज बुधवार को सुबह उसका शव मिनी बायपास में बिजली सब स्टेशन के निकट सरस्वती नदी के पुल के पास से झड़ी से बरामद किया गया। समाचार के अनुसार मंगलवार को तीन युवक सूरजकुंड के पास स्टंट करने के दौरान नदी में छलांग लगा दिये। सरस्वती नदी में छलांग लगायें तीनों युवक नदी की तेज धार में बहने लगे। मगर दो युवकों ने किसी प्रकार से तैरकर नदी के किनारे आकर जान बचा ली। जबकि तीसरा युवक नदी में डूब गया। काफी खोज बीन की गयी पर मंगलवार को उसका आता पता नहीं चला। बुधवार को उस युवक का शव बाईपास सरस्वती नदी के पुल के निकट झड़ी से बरामद किया गया है।**

# धावा दल ने नाबालिग बच्ची को कराया मुक्त

**गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्प लाईन और एक्सेस टू जस्टिस प्रोजेक्ट (बचपन बचाओ आंदोलन) लोहरदगा ग्राम, स्वराज्य संस्थान और विशुनपुरा थाना के संयुक्त धावा दल ने गढ़वा जिला अंतर्गत बिशनपुरा थाना क्षेत्र की एक नाबालिग बालिका जिसकी उम्र लगभग 14 बतायी जा रही है का तस्करी करने के लिए हरियाणा ले जाने की तैयारी की जा रही थी। गुप्त सूचना मिलने पर धन दल ने सुबह लगभग तीन बजे उत्तर प्रदेश के हाथी नाला ले जाने की तैयारी थी। जिस पर करवाई करते हुए बालिका का रेस्कयू कर बाल कल्याण समिति, गढ़वा को सुपूर्द कर दिया गया। मौके पर बाल कल्याण समिति से अध्यक्ष प्रणव कुमार, सदस्य मुकेश सिंह , मनोज दुबे, राजीव रंजन तिवारी और रेणु कुमारी जिला बाल संरक्षण इकाई गढ़वा के संजय ठाकुर, लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के जिला समन्वयक गणेश कुमार और चाइल्ड हेल्प लाइन के टीम लीडर राजीव कुमार रवि शामिल थे।**

# लगमा में मां दुर्गा पूजा समिति का हुआ गठन, पंकज को छठी बार मिला अध्यक्ष का दायित्व

**मेराल (आजाद सिपाही)। देवी मंडप लगमा के प्रांगण में मां दुर्गा पूजा महोत्सव के आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों की एक बैठक हुई। पूजा-अनुष्ठान के कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए 'मां दुर्गा पूजा समिति, देवी मंडप लगमा' का गठन किया गया, जिसमें संरक्षक मनोज सोनी और द्वारिकानाथ पांडेय को बनाया गया। संयोजक सुमंत पांडेय, मुक्तेश्वर पांडेय को जबकि पंकज चौधरी को पूजा समिति के अध्यक्ष के रूप में छठवीं बार दायित्व प्रदान किया गया। साथ ही अनंत प्रसाद, कौशल पांडेय को सचिव तथा शैलेंद्र पांडेय तथा शिव पटेल को उपाध्यक्ष बनाया गया। कोषाध्यक्ष के रूप में क्षितिज पांडेय, संजय सोनी और शशिकांत पांडेय रहेंगे।**

# नदियों में जलस्तर बढ़ने से प्रशासन ने सभी पुल-पुलिया पर आवागमन को किया बंद

**नदी के किनारे खेतों में पानी भरने से सैकड़ो एकड़ धान का फसल हुआ बर्बाद, किसान नाराज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** लगातार गत तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं कोयल नदी का जलस्तर बढ़ने से गढ़वा पलामू जिला को जोड़ने वाली कोयल नदी पर निर्मित पुल को किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना ना घटे जिसको लेकर मांझीआंव थाना प्रभारी आकाश कुमार के द्वारा कोयल नदी पुल के आवागमन मार्ग को बंद कर दिया गया है। वहीं मझिआंव खरसोता मुख्य पथ खरसोता पंचायत के ग्राम बूढ़ीखांड में बाकी नदी पर निर्मित पुल का भी आवागमन मार्ग बंद कर दिया गया। वहीं बाढ़ का कहर किसानों की फसलों पर भी दिखने मिला। कोयल नदी के किनारे सैकड़ो एकड़ में लगे धान का फसल पिछले तीन दिनों से खेतों

मेनपानी डूबने से बर्बाद होने के कगार पर है। ग्राम खजूरी, गहीडी, बूढ़ीखांड, खरसोता तथा दर्जनों गांव के किसान उदास है। लगातार बारिश होने से कोयल नदी में जलस्तर लगातार बढ़ते जा रहा है। कोयल नदी के तटीय इलाकों और गांव शहर के गलियों में जलमगन हो गया है।

## भारी बारिश से भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र में आर्थिक क्षति

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। पिछले दो दिनों से हो रही भारी बारिश से भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र के नदी नाले उफान पर है। बिगत दो दिनों से हो रही बारिश के चलते टीकर निवासी शशि गुप्ता के घर में पानी घुस गया, जिससे घर में खाने पीने के लिए रखा हुआ अनाज, बेड बिस्तर और बर्तन बह गया, वहीं बुका निवासी मिथिलेश चंद्रवंशी, भवनाथपुर बस्ती निवासी अनिल राम, चंदन पासवान, जगदीश चंद्रवंशी, जितेंद्र बैठा, सुनील बैठा, ढेकुलिया निवासी सुधीर चंद्रवंशी, धर्मदेव राम के खपरैल का कच्चा मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है, जबकि बस्ती निवासी छठन पासवान का कच्चा मकान धसने लगा है, जिससे उसका परिवार दूसरे घरों में शरण लिए हुए है। अंचल उपनिरीक्षक इंतखाब आलम ने बताया कि क्षेत्र का दौरा कर बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया गया है। पीड़ित के लिखित आवेदन पर अंचल द्वारा जल्द ही पीड़ितों को हुए आर्थिक क्षति को लेकर आपदा राहत कोष से उन्हे मुआवजा दिलाया जायेगा।**

# कांडी प्रखंड में मिट्टी की दीवार के नीचे दबने से एक की मौत

**कांडी (आजाद सिपाही)। सोमवार की रात्रि में हो रही तेज बारिश की वजह से मिट्टी का कई खपड़ैल के घर ध्वस्त हो गये हैं। वहीं प्रखंड के मझिगावां पंचायत के वार्ड नंबर 9 सखुईयाखाला निवासी नेपुरी देवी पति बुधु रजवार उम्र 60 वर्ष की मृत्यु मिट्टी का दीवाल के नीचे दबने से हो गयी। ज्ञात हो कि कुछ ही वर्षों पहले बुधु रजवार के युवा पुत्र की भी मृत्यु मजदूरी करने के क्रम में मिट्टी के ही नीचे दबने से मृत्यु हो गयी थी। वहीं बुधु रजवार के दूसरे पुत्र की मानसिक स्थिति सही नहीं रहती है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने कहा कि मृतक के परिजन को दाह संस्कार हेतु दस हजार रुपये व प्रथम दिन के क्रिया कर्म के लिए राशन की व्यवस्था किया गया है तथा इसके अलावे प्रखंड से पारिवारिक लाभ के तहत बीस हजार रुपये व किसी भी परिस्थिति में अबुआ आवास दिया जायेगा।**

# मुसकैनी पहाड़ी से हरा पेड़ काटना ग्रामीणों को पड़ा भारी, दो दर्जन ग्रामीणों पर होगी प्राथमिकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** मंगलवाल को तेज आंधी के साथ हुई बारिश में मुसकैनी पहाड़ पर कई पेड़ गिर गये। इस आपदा को अवसर समझते हुए चपरी गांव के काई ग्रामीण महिला और पुरुष इस पहाड़ से गिरे हुए पेड़ के साथ ही काई पेड़ को काट कर अपने अपने घरों के पर ले आये थे। वन क्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार को सुचना मिलते ही राहुल सिंह वनरक्षी के अगुवाई में टीम गठित कर पूरे गांव में छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान कई लोग लड़कियों को अपने खेत में तथा घरों के छत पर छुपाने लगे, परंतु टीम की तैयारी के कारण सभी लड़कियों को पकड़ लिया गया। मंगलवार की शाम तक तीन ट्रैक्टर लकड़ी को जब्त किया गया। छापेमारी अभियान 7 घंटे तक चला। विभाग की इस छपेमारी से ग्रामिणो में हडकंप मच गया। छापेमारी में ओम प्रकाश, सुनील राय, सचित कच्छप, निशांत कुमार, दया शंकर सिंह,और गृह रक्षा वाहिनी के जवान मौजुद थे। मुसकैनी पहाड़ी से हरा पेड़ काटने वाले दो दर्जन ग्रामीणों पर वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज किया जा रहा है। जिसमें महेंद्र बैठा, मनोज चौधरी, रामानुज बैठा, शंभू, नागेंद्र, प्रभू, गनौरी, उदय प्रजापति, तेतरी देवी, देवनती देवी, संजीव बैठा सहित दस अन्य लोग का नाम शामिल है।

## मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने रंका के व्यवसायियों से मिल जाना हाल

**रंका। गढ़वा विधायक सूबे के पेयजल स्वच्छता खेलकूद कला संस्कृति मंत्री मिथिलेश ठाकुर बुधवार को संध्या बेला में रंका बाजार स्थित संतोष मिष्ठान भंडार, गोपाल चाय दुकान सहित अन्य व्यवसायियों से मिले और उनका हालचाल जाना। इस मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी, खरडीहा मुखिया पप्पू यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।**

# 7 वर्ष पहले शुरू हुआ आंगनबाड़ी केंद्र अबतक अधूरा, किसी ने नहीं ली सुध

जितेंद्र यादव

**डंडई (आजाद सिपाही)।** डंडई प्रखंड के रारो गांव के पारदोहर टोला में पिछले करीब सात वर्ष से आंगनबाड़ी भवन अधूरा पड़ा हुआ है। जिससे आंगनबाड़ी केंद्र सहायिका के मिट्टी के घर में संचालित हो रहा है। इतने वर्ष बीतने के बाद इसकी सुध किसी ने नहीं ली है। संवेदक के द्वारा आंगनबाड़ी भवन को आधे-अधूरा कार्य करा कर छोड़ दिया गया है। लेकिन आज तक आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। बता दे कि वर्ष 2016-17 में लगभग छः लाख रुपयें की लागत से आंगनबाड़ी भवन का निर्माण शुरू कराया गया था। इसके बाद संवेदक के द्वारा आंगनबाड़ी भवन को ढलाई कार्य करा कर छोड़ दिया गया। आज तक भवन का खिड़की, दरवाजा, फर्श व प्लास्टर नहीं हो सका। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों व संवेदक काले कारनामे के कारण आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। वहीं ग्रामीणों ने बताया की आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य को कागज पर पूर्ण दिखा कर पूरे राशि को निकल लिया गया है। लेकिन भवन का दरवाजा, खिड़की, फर्श व प्लास्टर आज तक नहीं हो सका। वही केंद्र में बिजली पानी की व्यवस्था नहीं की गयी है। आंगनबाड़ी केंद्र जंगल व झाड़ियों से घिरा हुआ है। आंगनबाड़ी भवन को नहीं बनने से बच्चे व गर्भवती व धात्री महिलाओं को पोषाहार के लिए सेविका के घर जाना पड़ता है।

## आंगनबाड़ी पूर्ण कराने की लिखित सूचना कई बार मिली है : सेविका

**मामले में पूछे जाने पर आंगनबाड़ी सेविका सोभाग्वती देवी ने कहा कि इस संबंध में कई बार लिखित सूचना सीडीपीओ कार्यालय को सुपरवाइजर के माध्यम से दी गयी है। परंतु अब तक कोई सुनवाई नहीं की गयी है। अगर भवन का निर्माण पूर्ण हो जाता तो सुचारू रूप से केंद्र के संचालन में मदद मिलती।**

## अधूरा आंगनबाड़ी को पूर्ण कराया जायेगा : बीडीओ

**मामले में बीडीओ जागो महतो ने कहा कि अधूरा पड़े आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य को जांच पड़तल कर पूर्ण कराया जायेगा।**

ऐसे में सेविका के घर दूर होने से वहा तक बच्चे नहीं पहुंच पाते है। टोले के ग्रामीण दुर्गेश सिंह, बिगन सिंह, चंदेश्वर सिंह सहित अन्य लोगो ने बताया कि विभाग के घोर लापरवाही के कारण यह आंगनबाड़ी भवन पिछले सात वर्षो से आधे अधूरा पड़ा हुआ है। लेकिन इस पर आज तक किसी अधिकारी का ध्यान नहीं गया। भवन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने से गर्भवती धात्री महिलाओं को नियमित पोषाहार नहीं मिल पता है। वहीं आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चे भी शिक्षण कार्य से वंचित रह रहे हैं।

# लगातार हो रही बारिश से दर्जनों कच्चा और पक्का मकान ध्वस्त

**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। चार दिनों से लगतार हो रही बारिस से दर्जनों कच्चा और पक्का मकान ध्वस्त हो गया है। मकान ध्वस्त हो जाने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं चितरी गांव निवासी विनय यादव पिता अवध प्रसाद यादव के पक्का मकान गिर कर ध्वस्त हो गया, जिससे घर वालों को बारिस के दिनों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पिपरी गांव के ही भोला शर्मा, पप्पू मेहता, मदन यादव, अनिल वैठा, मोस्तकीम अंसारी, लक्ष्मी साव, नन्हकू चौधरी इसके बाद अमहर गांव के शंकर वैठा, लालो कुंवर का घर बारिस में ध्वस्त हो गया है। वहीं विशुनपुरा गांव के जिरवा देवी, ललिता देवी, शर्मिला देवी, प्रेमचंद गुप्ता, तुलसी प्रजापती के कच्चा मकान बारिस में गिर कर ध्वस्त हो चुका है। बारिस के दिनों में घर गिरने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।**

# मंत्री बतायें कि जल जीवन मिशन के लिए उपलब्ध कराये गये साढ़े तीन लाख करोड़ का क्या हुआ : सत्येंद्रनाथ

**धर्मडीहा गांव में झामुमो छोड़कर 200 से अधिक लोग भाजपा में हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर प्रखंड के कल्याणपुर पंचायत के धर्मडीहा गांव में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी पहुंचे। इस दौरान झामुमो छोड़कर 200 से अधिक लोग भाजपा में शामिल हुए। सभी को पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने पार्टी में शामिल कराया। मौके पर पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार की सहयोग नहीं करने की रोना रोने वाले झामुमो के मंत्री को यह भी बताना चाहिए कि प्रधानमंत्री की ओर से जल जीवन मिशन के लिए मुहैया कराये गए साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये का क्या हुआ। पानी मंत्री सड़क का गुणगान कर लोगों को मूर्ख बनाने का काम कर रहे हैं। जबकि बिहार में जल जीवन मिशन का 95.5 प्रतिशत लोगों के घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंच गया। वहीं झारखंड में झामुमो की सरकार फीसड्डी साबित हुई है। योजना में लूट खसोट करने में झामुमो के मंत्री दिन रात लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री गढ़वा-रंका विधान सभा क्षेत्र में लोगों के घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने में नाकाम साबित हुए हैं। वहीं मंत्री के व्यवहार से क्षुब्ध होकर झामुमो कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि चुनाव नजदीक होने पर झामुमो के मंत्री गढ़वा में मुख्यमंत्री को बुलाकर अपना पाप धोने के जुगाड़ में लग गये हैं, लेकिन गढ़वा की जनता सब समझ चुकी है। पौने पांच वर्ष के कार्यकाल में मंत्री ने जनता को बेवकूफ बनाने के सिवा कुछ नहीं किया है।

भाजपा नेता विनोद चंद्रवंशी ने कहा कि झामुमो सरकार झूठ बोलकर सत्ता में आयी। चुनाव के समय किये गये एक भी वादों को पूरा नहीं किया। झामुमो सरकार में लोग भयभीत और त्रस्त हैं।

## दो सौ से अधिक लोग झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल

**गढ़वा। धर्मडीहा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान झामुमो छोड़कर 200 से अधिक लोग भाजपा में शामिल हुए। भाजपा में शामिल होने वालों में नितेश कुमार पासवान, अनुप सिंह, संजीत सिंह, रमेश शर्मा, महाराजा कुमार, रोहित पासवान, परमानंद, प्रमोद पासवान, कुंदन प्रजापति, अखिलेश, अजय, परगास चंद्रवंशी, रविंद्र शर्मा, मनोज पासवान, छोटू पासवान, विकास पासवान, पंकज पासवान, आदि सहित दो सौ से अधिक लोग शामिल हैं। मौके पर जितेंद्र चंद्रवंशी, विवेकानंद तिवारी, उमेश सिंह, सन्नी चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।**

**पीएम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, चतरा (झारखण्ड)**

**आम सूचना**

जवाहर नवोदय विद्यालय चतरा के सत्र 2025–26 कक्षा–VI में नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 16th September'2024 से बढ़ा कर दिनांक 23rd September,2024 तक कर दी गई है।

अधिक जानकारी हेतु समिति के वेबसाइट www.navodaya.gov.in अथवा कार्यालय ज.न.वि. चतरा से प्राप्त की जा सकती है।

प्राचार्य
PR 335892 School Education and Literacy(24-25)#D
ज0न0वि0,चतरा

**जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, कोडरमा**

**आम सूचना**

गृह रक्षक के नव–नामांकन हेतु विज्ञापन सं0– 01/2023 के विरूद्ध प्रकाशित स्वीकृत एवं अस्वीकृत अभ्यर्थियों की सूची के विरूद्ध प्राप्त दावा एवं अपात्ति का निस्तार किए जाने के उपरान्त स्वीकृत अभ्यर्थियों की सूची कोडरमा जिला के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर प्रकाशित की दी गई है।

स्वीकृत अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनकी शारीरिक एवं अन्य परीक्षा की सम्भावित तिथि 29.09.2024 है, जिसकी विवरणी जल्द ही प्रकाशित की जायेगी।

PR 335969 Home(24-25)#D
जिला समादेष्टा–सह–सदस्य झा0गृह रक्षा वाहिनी, हजारीबाग।
पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य कोडरमा।
उपायुक्त–सह–अध्यक्ष कोडरमा।

# मणिपुर में शांति का इंतजार

जब भी ऐसा लगता है कि मणिपुर में हालात शायद कुछ बेहतरी की ओर बढ़ रहे हैं, तभी करीब डेढ़ बरस से सुलग रही आग फिर भड़क उठती है। इस महीने की शुरुआत से राज्य में जिस तरह एक के बाद एक हिंसक घटनाओं का सिलसिला चला है, उसने चिंता और बढ़ा दी है। केवल मणिपुर ही नहीं, यह पूरे देश के लिए सोचने की बात है कि आखिर मई 2023 से शुरू हुए विवाद को अभी तक क्यों सुलझाया नहीं जा सका।

**अराजक तत्व:** राज्य में चल रहा विरोध-प्रदर्शन दिन-ब-दिन और हिंसक होता जा रहा है। अब रॉकेट और बम चल रहे हैं और पुलिस अफसरों को चिंता जतानी पड़ रही है कि सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ अत्याधुनिक घातक हथियारों का इस्तेमाल किया जा रहा।

**घातक हथियार:** अगर प्रदर्शन आम लोगों और विद्यार्थियों का है, तो ये हथियार कहां से आ रहे? पिछले दिनों राज्य के पहले मुख्यमंत्री के आवास पर रॉकेट से हमला हुआ था। बीते सप्ताह एक मंत्री के आवास पर ग्रेनेड हमला हुआ। इन घटनाओं से पता चलता है कि राज्य में ऐसे तत्व सक्रिय हैं, जो हालात को सामान्य नहीं होने देना चाहते।

**विवाद के कई पहलू:** मणिपुर में शांति बहाली के लिए सभी पक्षकारों का किसी आम सहमति पर आना जरूरी है। वहां तीन पक्ष हैं - मैतेइ, कुकी और नगा। यह विवाद शुरू हुआ था मैतेइ समुदाय को एसटी का दर्जा देने की मांग के साथ। कुकी और नगा इसका विरोध कर रहे हैं। लेकिन जिस तरह से इस विवाद में जंगल और जमीन का मुद्दा, अवैध प्रवासियों की समस्या, ड्रग्स का जाल और दूसरे कानूनी पहलू उभरते चले गये, उससे स्पष्ट है कि गतिरोध कई मोर्चों पर है और इन सभी पर काम किये जाने की जरूरत है।

**मणिपुर में हालात फिर बिगड़ते दिख रहे हैं। मई 2023 से शुरू हुए विवाद के बाद से हिंसा बढ़ती जा रही है। राज्य में मैतेइ, कुकी और नगा समुदायों के बीच टकराव जारी है। रॉकेट और बम हमलों से स्थिति और गंभीर हो गयी है।**

**अपना फायदा:** एक बड़ी समस्या यह आ रही है कि हर पक्ष मणिपुर को बस अपनी नजर से देख रहा है। कुकी समुदाय को लगता है कि राज्य का मौजूदा सीएम एन बीरेन सिंह का नेतृत्व उनके साथ न्याय नहीं कर सकता। मैतेइ समुदाय चाहता है कि राज्य सरकार को केंद्रीय सुरक्षा बलों की कमान भी दे दी जाये। वहीं, तीसरा धड़ा यानी नगा समुदाय अपने लिए अलग प्रशासनिक ढांचे की मांग कर रहा है, जबकि मैतेइ राज्य के किसी भी तरह के बंटवारे के खिलाफ हैं।

**बाहरी संकट:** पूर्वोत्तर ने लंबे समय तक उग्रवाद की मार झेली है। मौजूदा संकट से पुरानी समस्या के फिर सिर उठाने का खतरा पैदा हो गया है। इस ओर ध्यान इसलिए भी जाता है, क्योंकि पड़ोसी म्यांमार में जुंटा को सत्ता संभालने में मुश्किल आ रही है। सशस्त्र विद्रोहियों की ताकत वहां बढ़ रही है। केंद्र की नजर इस पर जरूर होगी। म्यांमार की उथल-पुथल मणिपुर में कोई हलचल न मचाये, इसके लिए अपना घर जल्द से जल्द ठीक करना होगा।

**अभिमत आजाद सिपाही**

**'एनपीएस वात्सल्य' नाबालिगों के लिए डिजाइन किया गया राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) का एक अनुकूलित संस्करण है। यह योजना माता-पिता या अभिभावकों को नियमित योगदान के साथ अपने बच्चों के लिए एक निवेश खाता खोलने की अनुमति देती है। जैसे ही बच्चा 18 वर्ष का होता है, यह निवेश खाता एक मानक एनपीएस में रूपांतरित हो जाता है। इससे उक्त युवा को अपने निवेश संबंधी निर्णयों के मामले में पूर्ण नियंत्रण मिल जाता है।**

# एनपीएस वात्सल्य: भावी पीढ़ी के लिए एक बुद्धिमानी भरा निवेश

**श्रीराम अय्यर**

**आज** की दुनिया में एक स्थिर व सुरक्षित आर्थिक भविष्य सुनिश्चित करना बेहद महत्वपूर्ण है। 'एनपीएस वात्सल्य योजना' बच्चों को जन्म से ही एक सेवानिवृत्ति कोष बनाने का अनूठा अवसर प्रदान करते हुए, उन्हें आर्थिक आजादी की राह पर आगे बढ़ाती है। नाबालिगों के लिए लक्षित, यह योजना माता-पिता को बिल्कुल शुरुआत से ही योगदान करने में समर्थ बनाते हुए उनके बच्चे के आर्थिक भविष्य की एक ठोस शुरुआत सुनिश्चित करती है।

18 वर्ष के होने पर, बच्चे निवेश करना जारी रख सकते हैं जिससे उनकी संपत्ति चक्रवृद्धि आधार पर बढ़ सकती है- जो उन्हें एक सफल वयस्क जिंदगी जीने के लिए तैयार करेगी।

**भावी पीढ़ी का सशक्तिकरण**

'एनपीएस वात्सल्य' महज निवेश का एक विकल्प ही नहीं, बल्कि उससे कहीं बढ़कर है। यह योजना युवाओं को आर्थिक आजादी हासिल करने के लिए सशक्त बनाती है। माता-पिता और अभिभावकों को जल्दी शुरुआत करने के लिए प्रोत्साहित करके, यह योजना भावी पीढ़ियों के आर्थिक कल्याण की दिशा में एक अहम भूमिका निभाती है। यह योजना आर्थिक रूप से एक सुरक्षित राष्ट्र बनाने के सरकार के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है।

**एनपीएस के बारे में यह दावा है कि अगस्त 2024 तक उसके प्रबंधन के तहत 13 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति है।**

इस वर्ष के बजट भाषण में इस योजना की घोषणा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जोर देकर कहा था, नाबालिगों के लिए माता-पिता और अभिभावकों द्वारा योगदान की एक योजना, एनपीएस वात्सल्य शुरू की जायेगी। बच्चों के 18 वर्ष के हो जाने पर, यह योजना निर्बाध रूप से एक नियमित एनपीएस खाते में परिवर्तित हो सकती है।

**एनपीएस वात्सल्य क्या है?**

'एनपीएस वात्सल्य' नाबालिगों के लिए डिजाइन किया गया राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) का एक अनुकूलित संस्करण है। यह योजना माता-पिता या अभिभावकों को नियमित योगदान के साथ अपने बच्चों के लिए एक निवेश खाता खोलने की अनुमति देती है। जैसे ही बच्चा 18 वर्ष का होता है, यह निवेश खाता एक मानक एनपीएस में रूपांतरित हो जाता है। इससे उक्त युवा को अपने निवेश संबंधी निर्णयों के मामले में पूर्ण नियंत्रण मिल जाता है।

**18 वर्ष की आयु के बाद के लाभ**

एकबारगी बच्चे के वयस्क होते ही, 'एनपीएस वात्सल्य' एक नियमित एनपीएस खाते में बदल जाता है। यह सुविधा वित्तीय अनुशासन और दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण को बढ़ावा देते हुए निरंतर योगदान को प्रोत्साहित करती है। यह योजना बचत की आदत पैदा करती है, जो आर्थिक सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**यह योजना कैसे काम करती है?**

'एनपीएस वात्सल्य' योजना पारंपरिक एनपीएस के जैसी संरचना का ही अनुसरण करती है। यह योजना स्थिरता एवं विकास की संभावनाओं को सुनिश्चित करते हुए इक्विटी, सरकारी प्रतिभूतियों और कॉरपोरेट बांड का एक समुचित और संतुलित पोर्टफोलियो मिश्रण प्रदान करती है। इसके पीछे का मुख्य विचार जल्दी निवेश शुरू करना है ताकि दीर्घकालिक अवधि में चक्रवृद्धि आधार पर लाभ मिले।

जीवन के अहम पड़ावों पर बच्चों की सहायता के उद्देश्य से डिजाइन की गयी यह योजना माता-पिता को अपने निवेश के मामले में लचीलापन प्रदान करती है, जिससे उन्हें एक विविधतापूर्ण पोर्टफोलियो बनाने में मदद मिलती है। 18 वर्ष का होने पर, बच्चा वयस्क एनपीएस की तरह ही यह तय कर सकता है कि उसे कैसे निवेश करना है और अपनी निधि को कैसे और बढ़ाना है।

**चक्रवृद्धिकरण (कंपाउंडिंग) की शक्ति: एक परिवर्तनकारी पहलू**

'एनपीएस वात्सल्य' का सबसे महत्वपूर्ण लाभ चक्रवृद्धिकरण (कंपाउंडिंग) की शक्ति है। जल्दी शुरुआत करने से, ग्राहकों को 18 अतिरिक्त वर्षों की चक्रवृद्धि का लाभ मिलता है। इसके परिणामस्वरूप पर्याप्त धन संचय हो सकता है।

उदाहरण के लिए, यदि किसी बच्चे के माता-पिता उसके जन्म से शुरू कर-के सालाना 50,000 रुपये का योगदान करते हैं, तो 10 प्रतिशत के वार्षिक रिटर्न के साथ, बच्चे के 18 वर्ष का होने तक धनराशि बढ़कर लगभग 25 लाख रुपये तक पहुंच सकती है। यदि उक्त युवा के कमाई शुरू करने तक, उसके लिए निवेश जारी रहता है, तो उक्त निधि 25 साल की आयु तक बढ़कर 40 लाख रुपये तक पहुंच सकती है। यदि वे 60 साल की आयु तक अपनी आय में से 50,000 रुपये का वार्षिक योगदान करते हैं, तो यह निधि बढ़कर लगभग 12.5 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। 'एनपीएस वात्सल्य' के माध्यम से शुरुआती योगदान के बिना, यह आंकड़ा सिर्फ 1.5 करोड़ रुपये तक ही पहुंचेगा- लगभग आठ गुना का अंतर, जो धन सृजन की गति को जबरदस्त तेज करने की इस योजना की क्षमता को दर्शाता है। इस योजना के तहत सभी गणनाएं जीवनकाल में प्रति वर्ष 10 प्रतिशत के सीमित रिटर्न को मानकर की गयी हैं।

**निवेश संबंधी विकल्प**

मानक एनपीएस की तरह ही, 'एनपीएस वात्सल्य' इक्विटी, सरकारी प्रतिभूतियों और कॉरपोरेट बांड का मिश्रण प्रदान करता है। ग्राहक अपने लक्ष्य और जोखिम उठाने की क्षमता के आधार पर 'ऑटो चॉइस' (एलसी25, एलसी50 और एलसी75 जैसे जीवन चक्र निधि) या 'एक्टिव चॉइस' का विकल्प चुन सकते हैं।

एनपीएस की सफलता, 'एनपीएस वात्सल्य' के लिए एक ठोस मिसाल कायम करती है। एनपीएस के बारे में यह दावा है कि अगस्त 2024 तक उसके प्रबंधन के तहत 13 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति है।

**एनपीएस वात्सल्य क्यों चुनें?**

हर माता-पिता अपने बच्चों को आर्थिक एवं भावनात्मक सुरक्षा प्रदान करने का निरंतर प्रयास करते हैं। 'एनपीएस वात्सल्य' योजना एक समर्पित निवेश खाते, जो समय के साथ बढ़ती जाती है, की पेशकश करके इस प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। यह योजना न केवल शिक्षा जैसे जीवन के प्रमुख लक्ष्यों के मामले में सहायता करती है, बल्कि अगली पीढ़ी के लिए पर्याप्त धन अर्जित करने के लिए चक्रवृद्धिकरण की शक्ति का भी लाभ प्रदान करती है।

इसके अलावा, यह कम आयु में बच्चों में बचत संबंधी अनुशासन पैदा करती है और उन्हें अपनी वित्तीय योजना बनाने व धन प्रबंधन के प्रति एक स्वस्थ दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

**निष्कर्ष**

'एनपीएस वात्सल्य' एक रचनात्मक आर्थिक उपकरण है, जिसे माता-पिता को अपने बच्चों का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने हेतु सशक्त बनाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। बचत के लिए एक अनुशासित दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर और दीर्घकालिक अवधि में धन सृजन का एक उपाय पेश करके, यह योजना अगली पीढ़ी के लिए निवेश का एक बुद्धिमानी भरा विकल्प प्रदान करती है।

चक्रवृद्धिकरण और शुरुआत से ही आर्थिक योजना बनाने पर अपना ध्यान केंद्रित करके, 'एनपीएस वात्सल्य' यह सुनिश्चित करती है कि बच्चे की आर्थिक सुरक्षा की यात्रा उसके जन्म के साथ ही शुरू हो जाये।

**(लेखक एचडीएफसी पेंशन फंड के एमडी एवं सीइओ हैं।)**

## देश-विदेश/कोल्हान की खबरें

# जम्मू-कश्मीर में पहले चरण में 58 फीसदी वोट

आजाद सिपाही संवाददाता

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए बुधवार शाम को मतदान खत्म हो गया। पहले दौर में सात जिलों की कुल 24 सीटों के लिए वोटिंग हुई। शाम 5 बजे तक यहां करीब 58 फीसदी मतदान दर्ज किया गया है। सबसे ज्यादा 77.23 फीसदी वोटिंग किश्तवाड़ जिले में तो सबसे कम पुलवामा जिले में 43.87 फीसदी दर्ज की गई। किश्तवाड़ जिले की इंद्रवल सीट पर 80% से ज्यादा वोटिंग हुई है। इस चरण में मतदाताओं ने 219 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला कर दिया है। पहले दौर में जहां मतदान हुआ, उनमें अनंतनाग की सात, पुलवामा की चार, किश्तवाड़, कुलगाम और डोडा की तीन-तीन और रामबन और शोपियां जिले की दो-दो सीटें शामिल हैं। जम्मू कश्मीर में मुख्य मुकाबला भाजपा, कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस (गठबंधन), पीडीपी के बीच माना जा रहा है। भाजपा ने जम्मू में जहां सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं, वहीं दूसरी ओर कश्मीर में कुछ ही प्रत्याशी घोषित किये गये हैं। कांग्रेस नेकां के साथ गठबंधन में है और इसने जम्मू क्षेत्र में ही ज्यादातर चेहरे उतारे हैं। महबूबा मुफ्ती की पीडीपी दोनों क्षेत्रों में चुनाव लड़ रही है। इसके अलावा अन्य छोटे दलों ने भी मुकाबले को दिलचस्प बनाने की कोशिश की है।

# चीन के मंसूबों पर भारत ने फेरा पानी, तस्करी के लिए कुख्यात म्यांमार बॉर्डर पर लगेगी शील्ड

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** लगातार म्यांमार बॉर्डर से हो रही हथियारों और ड्रग्स की तस्करी के चलते भारत सरकार अब पूरे सीमा पर कटीली फेंसिंग करवा रही है। जानकारी के मुताबिक, भारत-म्यांमार की 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा पर केंद्र सरकार बाड़ लगवाने के लिए 31,000 करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है। यह बॉर्डर हथियारों, गोला-बारूद और मादक पदार्थों की तस्करी के लिए कुख्यात है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सीमा पर 30 किलोमीटर क्षेत्र में बाड़ लगाने का काम पूरा हो गया है। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने सैद्धांतिक रूप से भारत और म्यांमार के बीच 1,643 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर लगभग 31,000 करोड़ रुपये की लागत से सीमा पर बाड़ लगाने और सड़कों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस कदम से चीन से आने वाले अवैध हथियार और ड्रग्स की तस्करी पर रोक लगेगी।

बता दें कि मोरेह के पास करीब 10 किलोमीटर की बाड़ लगाने का काम पहले ही पूरा हो चुका है और मणिपुर के अन्य इलाकों में 21 किलोमीटर की सीमा पर बाड़ लगाने का काम चल रहा है। भारत-म्यांमार सीमा मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरती है।

# चक्रधरपुर में दुष्कर्म और हत्या के संदेह में ग्रामीणों की पिटाई से युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**चक्रधरपुर।** एक युवती से दुष्कर्म कर हत्या करने के संदेह में ग्रामीणों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। उसकी इलाज के दौरान मंगलवार की रात मौत हो गयी। मामला पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना के सुदूरवर्ती कुरकुटीया गांव का है। बताया जाता है कि आराहासा पंचायत स्थित बाइहातु चिरगुबेड़ा गांव में 11 सितंबर को गांव से कुछ दूरी स्थित जंगल में एक युवती पशु चराने गयी थी। वहां युवती की निर्मम हत्या कर दी गयी थी। इसके बाद ग्रामीणों ने अर्द्धनग्न अवस्था में उसका शव देखा था। इस संबंध में ग्रामीणों ने 12 सितंबर को गोइलकेरा थाना में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इस मामले को लेकर ग्रामीणों को कुरकुटीया गांव के 30 वर्षीय युवक तूते हेंब्रम उर्फ तुलैया पर संदेह था कि उसने ही युवती से दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी। मंगलवार को ग्रामीणों ने तूते हेंब्रम को कुरकुटीया गांव में देखा और पकड़ कर जमकर पिटाई करने लगे। उसे पीटते हुए पैदल ही गोइलकेरा थाना ले जा रहे थे। इसकी सूचना गोइलकेरा थाना प्रभारी कमलेश राय को मिलने पर वे तत्काल ग्रामीणों की भीड़ से युवक को बचाने के लिए कुरकुटीया गांव निकल पड़े। वह ग्रामीणों को समझा कर तूते हेंब्रम को बचाकर थाना ले आये। इस बीच ग्रामीणों की भीड़ भी थाना पहुंची। ग्रामीणों की पिटाई से घायल तूते हेंब्रम को इलाज के लिए गोइलकेरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, लेकिन मंगलवार की रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

# साकची नरवेराम टीवीएस टू व्हीलर शोरूम में नये स्कूटर की लांचिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के साकची स्थित एसएनपी एरिया नरवेराम टीवीएस टू व्हीलर शोरूम में नये स्कूटर लॉंचिंग समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर टीवीएस मोटर कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक अनुराग सिंह, टेरिटरी मैनेजर अभिमन्यू सीकरवार, नरवेराम टीवीएस के महाप्रबंधक राजीव रंजन व साकची शोरूम के मैनेजर देवाशिश बर्मन उपस्तित हुए।

इस अवसर पर उपस्थित सभी सम्मानित अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से ऑल न्यू टीवीएस जुपीटर 110 के नये स्कूटर का विधिवत लॉंचिंग किया गया। टीवीएस के महाप्रबंधक राजीव रंजन ने कहा टीवीएस जुपिटर 110 बीते एक दशक से टीवीएस मोटर स्कूटर पोर्टफोलियो का अगुवा रहा है। इस उत्पाद में लगभग 65 लाख से ज्यादा परिवारों ने विश्वास जताया है। आज भारत के सबसे बड़े ऑटोमोटिव ब्रांडों में से एक है। उन्होंने कहा नए सिरे से तैयार किए गए ऑल-न्यू टीवीएस जुपिटर में ज्यादा फायदा के मूल मंत्र को मजबूत किया गया।

# बंगाल के दक्षिणी जिलों के बाढ़ग्रस्त इलाकों की स्थिति गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण पश्चिम बंगाल के कई दक्षिणी जिलों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गये हैं। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि अगले दो से तीन दिनों में स्थिति और बिगड़ सकती है, क्योंकि पिछले दो दिनों में जो पानी छोड़ा गया, वह अब पहले प्रभावित जिलों में पहुंच रहा है। हालांकि, डीवीसी की मैथन बांध की चीफ इंजीनियर अंजनी के. दुबे ने बताया कि डीवीसी ने रात को 2.1 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा। लेकिन आज सुबह से पंचेत और मैथन बांधों से पानी छोड़ने की मात्रा धीरे-धीरे कम हो रही है, क्योंकि ऊपरी इलाकों में बारिश थम गयी है। बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे पानी छोड़ने की मात्रा 1.7 लाख क्यूसेक थी और फिर 10:45 बजे तक यह 1.4 लाख क्यूसेक रह गयी। 1.5 लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ने पर रेड अलर्ट घोषित किया जाता है, जबकि 1 लाख से 1.5 लाख क्यूसेक के बीच पानी छोड़ने पर ऑरेंज अलर्ट जारी होता है। बीरभूम, बांकुड़ा, हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर और पश्चिम बर्धमान जिलों के कई हिस्से जलमग्न हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मुख्य सलाहकार अलपन बंद्योपाध्याय ने बताया कि स्थिति गंभीर बनी हुई है और अगले दो दिनों में स्थिति और बिगड़ सकती है। उन्होंने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि इस बाढ़ जैसी स्थिति में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि आपदा राहत टीमें प्रभावित क्षेत्रों में काम कर रही हैं। राज्य सरकार ने स्थिति की करीब से निगरानी की है और पहले ही 25 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया है। स्थानीय विधायक और अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों मं स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और लोगों की मांगों को सुन रहे हैं। पश्चिम मेदिनीपुर के देबरा विधानसभा क्षेत्र में जब एक बांध नदी में बहा तो लोगों ने विधायक हुमायूं कबीर के सामने विरोध प्रदर्शन किया। विधायक ने कहा, लोगों ने सही तरीक से विरोध किया है, क्योंकि नदी पर बांध की मरम्मत चल रही थी, जिसे पूरा नहीं किया जा सका था। हम लोगों को राहत केंद्रों में ले जा रहे हैं, स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और सभी जरूरी मदद प्रदान करेंगे।

# 150 सदस्यों का जत्था सुल्तानगंज के लिए रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** मिथिला संकीर्तन मंडली के 150 सदस्यों का जत्था आदित्यपुर रोड नंबर 10 स्थित शिव मंदिर प्रांगण से मंडली के अध्यक्ष रंजीत मिश्रा के नेतृत्व में सुल्तानगंज के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला- खरसावां के अध्यक्ष सह आदित्यपुर नगर निगम वार्ड-29 की दिवंगत पार्षद राजमणि देवी के सुपुत्र मनमोहन सिंह ने सभी तीर्थयात्रियों को अंगवस्त्र देकर आशीर्वाद लेते हुए विदा किया। मौके पर उन्होंने कहा आदित्यपुर के मिथिलावासी कॉलोनी के विकास में अलग भूमिका निभाते हुए पहचान बना रही है। उन्होंने कहा पूर्व में दिवंगत पार्षद राजमणि देवी को समाज के लोगो से विशेष स्नेह मिलता रहा।

# 11 गौवंश के साथ दो पशु तस्कर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत कांसीर गांव के पास अवैध रूप से तस्करी कर गोवंशीय पशुओं को बेहरमी से ठूंस ठूंस कर पिकअप वाहन में लाद कर वध करने के उद्देश्य से बूचड़खाना ले जा रहे थे। इधर खुफिया तंत्र के माध्यम से गुप्त सूचना मिली और इसके आलोक में रायडीह थाना पुलिस ने घेराबंदी कर पिकअप वाहन को धर दबोचा। मौके पर पुलिस को चकमा देकर भाग रहे दो पशु तस्कर मो दिलताप खान उम्र 19 वर्ष ग्राम साई टांगरटोली थाना लोदाम जिला जशपुर (छतीसगढ़) और सोनू ओहदार उम्र 20 वर्ष ग्राम घाघरा थाना बेड़ो जिला रांची को कुछ दूरी तक खदेड़ कर पकड़ लिया गया। उक्त पिकअप वाहन में लादे गए कुल 11 गोवंशीय पशुओं को जप्त किया गया। जिसमें से एक गोवंशीय पशु मृत पाया गया। जिसे सम्मान पूर्वक दफना दिया गया और आरोपित दोनों पशु तस्करों को चिकित्सीय जांचोपरांत गुमला जेल भेज दिया गया।

# एक लाख का इनामी माओवादी गिरफ्तार

## अपहरण और हत्या का आरोपी है पंचम उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक गुमला के निर्देशानुसार हत्या के आरोपी माओवादी संगठन के सदस्य पाचा उरांव उर्फ पंचम उरांव की गिरफ्तारी हेतु छापामारी दल का गठन किया गया। गुप्त सूचना मिली कि आरोपी बिशुनपुर के करम टोली गांव आया हुआ है। थाना प्रभारी बिशनपुर के नेतृत्व में छापामारी दल साथ करम टोली गांव पुलिस पहुंची। पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा तथा करमटोली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर छिप गया। जिसे घेर कर पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम पाचा उरांव उर्फ पंचम उरांव उम्र 45 वर्ष पिता स्वर्गीय बंदे उराव ग्राम करम टोली थाना बिशनपुर जिला गुमला बताया। वही अपहरण व हत्या कांड में उसने अपना अपराध भी स्वीकार किया और बताया की विजय प्रकाश भगत को अपने सहयोगियों के साथ मिलकर हत्या कर उसके शव को टोंगरी पहाड़ के पास जंगल में छुपा दिए थे।

घाघरा थाना क्षेत्र के जिलिंग सिरा गांव निवासी नादो देवी ने मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसमें अभियुक्त जिलिंग सिरा निवासी माधो उरांव उर्फ महादेव उरांव पिता स्वर्गीय डोम्बा उरांव, ग्राम हुशिर हर्रा टोली निवासी बीरबल उरांव पिता स्वर्गीय रेजर उरांव और चार-पांच अज्ञात अपराध कर्मियों के विरुद्ध अपने पुत्र विजय प्रकाश भगत को जान से मारने के नियत और अपहरण के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराया था। वही कांड के अभियुक्त माओवादी संगठन के सदस्य पाचा पर झारखंड सरकार ने एक लाख का इनाम घोषित किया था और पुलिस इसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी कर रही थी।

## वाहन की टक्कर से मृत व्यक्ति की हुई पहचान

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला-सिमडेगा मुख्य मार्ग स्थित झारखंड डीपा के समीप बीते रविवार को अज्ञात वाहन के टक्कर से हुए 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत के बाद शव का शिनाख्त नही हो पाया था। मगर बुधवार को शव का शिनाख्त उसके परिजन सोशल मीडिया व विभिन्न वाट्सअप ग्रुप में जारी फोटो को देखकर की। साथ ही सदर अस्पताल पहुच कर शव को साथ ले गये। मृतक की पहचान तीनतुस टोपनो के रूप में की गयी है। वे मूल रूप से खूंटी जिला के रनिया थाना छेत्र अंतर्गत खुटागढ़ा गांव के रहने वाले थे।और वर्तमान में डूमरडीह टुकु स्थित ससुराल में सपरिवार रहकर मजदूरी करते थे। परिजनों ने टक्कर मारने वाले वाहन का पता कर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। ज्ञात हो कि घटना के बाद शव के पास से पुलिस ने एक मोबाइल फोन भी बरामद किया था। जो टक्कर मारने वाले व्यक्ति का था। घटना के दूसरे दिन वह व्यक्ति अपना मोबाइल की मांग करने अस्पताल पहुंचा था।

## बारिश में रायडीह स्टेडियम की चहारदीवारी गिरी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय रायडीह स्थित वीर शहीद बख्तर साय मुंडल सिंह मेमोरियल स्टेडियम का दक्षिणी छोर का चाहर दिवारी विगत चार दिनों से हो रही मुसलाधार वर्षा से गिर गया। बाउंड्री गिरने से किसान की धान की कुछ फसल भी नष्ट हो गयी। बाउंड्री की लंबाई लगभग 150 मीटर है। दीवाल से सटा हुआ दर्शक दीर्घा भी बना था। वह भी क्षतिग्रस्त हो गया है। बाउंड्री के टूट कर गिरने से अब आवारा कुत्ते और पशु प्रवेश कर रहे हैं। यह खेल मैदान असुरक्षित सा हो गया है। साथ ही स्टेडियम में जल जमाव हो गया है। खिलाड़ियों को खेलने में परेशानी हो रही है। बाउंड्रीवाल के टूट जाने से रायडीह के खेल प्रेमी चिंतित हो गये हैं। वे जिला प्रशासन से जल्द से जल्द स्टेडियम के टूटे चहारदीवारी की मरम्मती की मांग किया है।

## सिसई में नाबालिग का यौन शोषण करने के आरोप में एक गिरफ्तार

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के नाबालिक लड़की का अपहरण कर यौन शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल। प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 सितंबर की रात में लोहरदगा जिला अंतर्गत कुडु थाना क्षेत्र के गढ़ा टोली निवासी 20 वर्षीय इरफान अंसारी सिसई थाना क्षेत्र के 15 वर्षीय नाबालिक लड़की को 8 बजे रात्रि में नाबालिग लड़की को गांव से उठाकर कुछ दूर ले गया, और उसके साथ में शारीरिक संबंध बनाया। रात भर अपने कब्जे में रखा। और धमकी देते हुए कहा किसी से नही बताना, नहीं तो जान से मार देंगे। इस घटना की जानकारी मिलते के साथ ग्रामीणों ने आरोपी को धर दबोचा और सिसई पुलिस को सुपर्द कर दिया। मंगलवार को नाबालिक के परिजनों सिसई थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी। सिसई पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# चौकीदार बहाली में गड़बड़ी का आरोप, अभ्यर्थियों ने जताया विरोध

**डीसी को अभ्यर्थियों ने पत्र सौंप कर न्याय की लगायी गुहार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त कार्यालय के समक्ष चौकीदार नियुक्ति को लेकर मापदंडों में अनदेखी करने की शिकायत लेकर रोष व्यक्त करते हुए अभ्यर्थियों ने उपायुक्त गुमला को अपनी मनोदशा से अवगत कराने हेतु पत्र सौंपा है। अभ्यर्थियों ने लगभग 30 अभ्यर्थियों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन सौंप कर बताया है कि विगत दिनों जो बहाली चौकीदार नियुक्ति की हुई है उसमें विभिन्न मुद्दों के मापदंडों को लेकर हम सब असंतुष्ट हैं और हम सब मांग करते हैं कि बताये गये बिंदुओं पर उचित कार्रवाई करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की जाये। आवेदन में बताया गया है कि सभी अभ्यर्थियों का प्राप्तांक जारी किया जाये। यदि परीक्षा में गड़बड़ होने की सत्यता जांच में मिलता है तो गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों स्टेनो ऑपरेटर कोई भी हो सभी पर उचित कार्रवाई की जाये। परीक्षा में गड़बड़ी की जांच करने के पश्चात पुराना परीक्षा फल रेड करके पुनः संशोधित परीक्षा फल यथा शीघ्र प्रकाशित किया जाये। संबंधित परीक्षा फल प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई अभ्यर्थी अपने प्राप्तांक से असंतुष्ट हो तो उसे ओएमआर कॉफी दिखाई जाये।

चौकीदार परीक्षा फल का जांच अपने स्तर से कर के संशोधित परिणाम जब तक जारी नहीं होता है तब तक बहाली से संबंधित आगे का करवाई जैसे फिजिकल और मेडिकल का कार्य स्थगित रखा जाए साथ ही सभी मुद्दों पर तर्कसंगत कार्रवाई करते हुए सभी अभ्यार्थियों को न्याय दिलाने का कार्य करने का अनुरोध उपायुक्त से किया गया है। जिसमें राजेंद्र राम, राजेश कुमार महतो, प्रदीप खड़िया, अमृता लकड़ा, निर्मल यादव, किरण कुमारी, हिना कुमारी, गौतम कुमार, सुजीत बाडा, मंगल देव उरांव, नेहा कुमारी, दिनेश कुमार आदि का हस्ताक्षर है।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत बंगरू पंचायत के रकत पानी मोड में सफारी वहां के टक्कर से पालकोट निवासी 54 वर्षीय अर्जुन साहू की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी पर परिजन तत्काल घटना स्थल पहुंचे और उसे निजी वाहन से सदर अस्पताल लेकर आए। जहां डॉक्टर ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे। जानकारी के मुताबिक मृतक जन वितरण प्रणाली के अंतर्गत दुकान संचालित करता था और रक्त पानी गांव से राशन वितरण कर अपने घर लौट रहा था। तभी पीछे से एक सफारी वाहन उसे टक्कर मारते हुए सिमडेगा की ओर फरार हो गया। लोगों ने बताया सफारी का चालक शराब के नशे में था।

# फसिया नदी टोली में लगातार हो रही बारिश से घरों में घुसा पानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला में लगातार तीन दिनों से हो रही झमाझम बारिश ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। कई लोगों के समक्ष खाने-पीने के लाले पड़ गये हैं। लोग दूसरों के घरों में शरण लिए हुए हैं। शहर से सटे फसिया पंचायत के नदी टोली वार्ड नंबर 9 में कई लोगों के घरों में नदी का पानी घुस गया है। जिसके कारण घर में रखे अनाज सहित अन्य सामान बर्बाद हो गये हैं। वार्ड नंबर 9 की रहने वाली पूजा देवी पति महावीर राम और पूनम देवी पति अशोक राम के घर में पानी घुस गया जिसके कारण उनका अनाज व अन्य सामान बर्बाद हो गया। पीड़ितों ने प्रखंड प्रशासन से मुआवजा तथा अबुआ आवास के तहत घर दिलाने की भी मांग की। उन्होंने बताया घर तक पहुंच के लिए सड़क भी नहीं है अगर नदी के किनारे गडवाल बन जाता तो बरसात का पानी घरों में नहीं घुसता। वहीं नदी टोली में घनी आबादी की बस्ती है और वहां मजदूर व मोटिया वर्ग के लोग ज्यादा निवास करते हैं। मोहल्ले के लोगों ने बताया सड़क और नाली नहीं होने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में सड़क जलमग्न हो जाता है नाली नहीं होने से पानी की निकासी भी नहीं हो पाती है। मोहल्ले के लोगों ने कहा इस समस्या को काफी लंबे समय से हम लोग झेल रहे हैं चुनाव के समय कई प्रत्याशी घर-घर आते हैं और समस्याओं को दूर करने की बात कह कर चले जाते हैं। लेकिन हम लोग ठगे रह जाते हैं समस्या दूर नहीं होती मोहल्ले के लोगों ने इस बार चुनाव का बहिष्कार करने का मन बनाया है।

## सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित

**सिसई (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त के आदेशानुसार सिसई प्रखंड के शिवनाथपुर पंचायत भवन में बुधवार को सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तरीय शिविर लगाया गया और ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो व अनुमंडल पदाधिकारी राजीव नीरज, बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रौशन खलखो और मुखिया फ्लोरेंस देवी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में प्रखंड के पशुपालन, आवास, पेंशन, युआइडी, निर्वाचन, मनरेगा, 15 वें वित्त, राजस्व, आपुर्ति, बिजली, बाल विकास, स्वास्थ्य, कृषि, समाज कल्याण, पेयजल एवं स्वच्छता, शिक्षा, श्रम व उधोग, सभी बैंक, जेएसएलपीएस सहित सभी विभागों ने अपने अपने स्टॉल लगाकर लोगों की समस्या सुनी और विभिन्न योजनाओं के लिए प्राप्त आवेदनों का सरकार आपके द्वार पोटल पर इंट्री और निराकरण किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख मीना देवी, डॉ अभिनव कुमार, राकेश कुमार सुमन, बीपीआरओ सुमराई किण्डो, बीपीओ गीता कुमारी, नाजीर सतीश कुमार गुप्ता, शैलेश प्रसाद यादव, संत कुमार साहु, मिखन टोप्पो, डॉ चंदन कुमार मिश्रा, बीपीओ सुप्रिया कुमारी, सभी विभागों के अधिकारी-कर्मी, प्रखंड व अंचल कार्यालय कर्मी सहित पंचायत के ग्रामीण उपस्थित थे।

# कुरकुरा में मनाया गया 18वां शहादत दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** कामडारा प्रखंड के कुरकुरा में 18वां शहादत दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिधायक सिसई विधान सभा जिग्गा सुसरन होरो उपस्थित हुए जहां इन्होंने 2006 में हुए नरसंहार को याद करते हुए जो लोग मरे गए थे उनकी याद में श्रद्धासुमन अर्पित कर शहादत दिवस की 18वीं वर्षगांठ मनाया गया। वीर शहीदों की बली बेदी पर आदिवासी परंपरा व रीतिरिवाज से दीप प्रज्वलित जलाकर व माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। इसके उपरांत सभी शहीद हुए लोगों की आत्मा की शांति प्रदान करने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। मुख्य अतिथि सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने कहा कि शहीदों की कुबार्नी बेकार नहीं जाती हैं। कुरकुरा के वीर सपूतों ने कुबार्नी देकर क्षेत्र में व्याप्त अराजकता व तानाशाही को मिटाया है। हम इन्ही वीर सपूतों की याद में शहादत दिवस मनातें है। आपसी सौहाद्र के साथ मिलकर क्षेत्र का विकास करने में सबकी सहभागिता होनी चाहिए। इसके अलावा शिवराज बडाईक ने अपने अपने विचार प्रकट किया। वही कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर जॉन फेड्रिक टोपनो, प्रखंड अध्यक्ष बिमल केर-केट्टा, सचिव शुगर टोपनो समेत कुरकुरा कुलबुरु व आसपास के काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# तेज बारिश के कारण ग्रामीणों का घर गिरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा में सोमवार से मंगलवार 48 घंटे की बारिश से कई लोगो को काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। तेज बारिश के कारण कई लोगों के घर गिर गए। जिससे लाखों रुपए की क्षति हुई है। नेतरहाट रोड निवासी जलाल साहू ने बताया कि तेज बारिश के दौरान दीवाल गिरा जिससे मोटरसाइकिल व स्कूटी दब गया, महादनिया टोली निवासी राजेंद्र ठाकुर का घर क्षतिग्रस्त हो गया, जमगाई गांव में अरविंद बड़ाइक का घर गिर गया, देवाकी निवासी शनि उरांव के घर में पानी घुस गया। जिससे वह दूसरों के घर में आश्रय लिया है, आदर मालगो निवासी संतोष महतो का घर गिर गया, सरांगो निवासी रामचरण महतो का घर गिर गया, सुखराम मुंडा सुनील उरांव का घर गिर गया, सरांगों नवाटोली निवासी दशमी देवी का घर गिरा सहित कई लोगों का घर इस बारिश में गिरा है लोगों को काफी नुकसान हुआ है। इस संबंध में अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल से पूछने पर उन्होंने कहा जिन लोगों का बारिश के दौरान क्षति हुआ है वह आंचल कार्यालय में सूचित करें त्वरित कार्रवाई करते हुए मुआवजा का प्रक्रिया प्रारंभ किया जाएगा। हालांकि अंचलाधिकारी के द्वारा संबंधित पंचायत के कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि क्षेत्र में घूम घूम कर क्षति का आकलन करे और पीड़ित को जल्द से जल्द मुआवजा मिले इस पर काम करने की बात कही है।

# नेतरहाट घाटी से मलबा हटाने का कार्य शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** पिछले 4 दिन हुए लगातार बारिश के बाद बुधवार को सड़क निर्माण विभाग रांची के द्वारा नेतरहाट घाटी में हुए लैंड स्लाइडिंग के उपरांत जेसीबी के माध्यम से मलबा हटाने का कार्य प्रारंभ किया गया है। सड़क निर्माण विभाग रांची से पहुंचे मुन्ना लाल अधिछर अभियंता स्वयं की निगरानी में क्षतिग्रस्त सड़कों को ब्रैकेटिंग कर सुरक्षित करने का कार्य करते हुए सड़क में हटाने का कार्य किया जा रहा है ताकि आवागमन सुचारू किया जा सके जानकारी होगी लैंड स्लाइडिंग के दौरान घाटी में बनी गढ़वाल भी टूट चुका है जिस कारण सड़कों पर दरारें आ गई है और भारी वाहन उसे पार करने में परहेज कर रही है हालांकि छोटी वहान व खाली यात्री बस उक्त स्थल से गुजर रही है। दूसरी तरफ पिछले चार दिनों से हुए लगातार बारिश के दौरान हुए नुकसान की आकलन को लेकर प्रखंड प्रशासन अलर्ट है स्वयं अंचलाधिकारी शेखर वर्मा प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा अपने टीम के साथ पूरे प्रखंड में घूम कर नुकसान का आकलन कर रहे हैं ताकि पीड़ित परिवारों को समय पर मुआवजा दिया जा सके।

## पीएलएफआइ सुप्रीमो के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना क्षेत्र के रेड़वा में पीएलएफआइ सुप्रीमो मार्टिन केरकेट्टा के घर पर पुलिस ने चिपकाया इस्तेहार पीएलएफआइ के वर्तमान सुप्रीमो कामडारा थाना के चुआं टोली रेडवा निवासी है जहां पर रनिया थाना के कांड में रनिया थाना एवं कामडारा थाना के पदाधिकारी के द्वारा फरार होने के कारण इस्तेहार चिपकाया गया ।

## बाइक और टेंपो की टक्कर में आधा दर्जन लोग घायल, एक की मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अरंगी दुलकी नदी पुल के समीप मोटरसाइकिल व टेंपो के सीधी भिड़ंत में एक की मौत व आधा दर्जन लोग घायल है। जानकारी के अनुसार टेंपो सवारी लेकर घाघरा से अरंगी की ओर जा रही थी। वहीं विपरीत दिशा से मोटरसाइकिल में दो युवक सवार होकर घाघरा को ओर आ रहे थे जिससे सीधी भिड़ंत हुई। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से घायलों को सामूदायिक स्वस्थ केंद्र लाया गया। जहां मोटरसाइकिल सवार सलगी चापी निवासी लगभग 25 वर्षीय गौतम महली को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घायलों में जरगाटोली निवासी 22 वर्षीय छोटू उरांव, अरंगी निवासी 35 वर्षीय प्रतिमा देवी, 40 वर्षीय धनेश्वर सिंह, 28 वर्षीय बिरसई उरांव, 24 वर्षीय मनिता देवी व बेटा 9 माह का निशांत उरांव सहित कई अन्य लोगों को भी हल्की-फुल्की छोटे आई। घटना की सूचना मिलने पर घाघरा पुलिस घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच घटना की जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लिए है।

# कांग्रेसियों ने किया शिवसेना विधायक का पुतला दहन

**राहुल गांधी पर अपमानित टिप्पणी करने के विरोध में कांग्रेस का रोषपूर्ण प्रर्दशन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भारत सरकार के मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू एवं महाराष्ट्र राज्य के शिवसेना विधायक संजय गायकवाड द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किए जाने के विरोध में 17 सितम्बर को शहीद टावर चौक में कांग्रेसियो ने प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा, जिलाध्यक्ष चैतु उरांव के नेतृत्व में किया गया। टावर चौक में रोषपूर्ण प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया गया। मौके पर चैतु उरॉव ने कहा कि देश के लोकप्रिय नेता राहुल गांधी जी के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर अपने नीचता का परिचय दिया है नरेंद्र मोदी के सरकार में रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, महाराष्ट्र से शिवसेना विधायक संजय गायकवाड के द्वारा बिहार के भागलपुर में पत्रकारों के समक्ष विबादित बयान दिया है। इन्होंने राजनीतिक की सारी मर्यादाओं को तार तार किया है हम इसकी निन्दा करते हैं।ऐसे नेताओं को पुलिस द्वारा गिरफ्तारी की मांग करते हैं। आज हमारे नेता राहुल गांधी आदिवासी, पिछड़ी, शोषित वर्ग के लोगों के लिए बात करते हैं तो भाजपा की सरकार डरी हुई है इसी कारण हमारे नेता को अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। भारत जोड़ा यात्रा, न्याय यात्रा में लोगों का प्यार राहुल गांधी के प्रति भाजपा को नहीं पच पा रहा है उनके पेट में दर्द हो गया है और अनाप-शनाप भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। मौके पर रमेश कुमार, हांदु भगत, फिरोज आलम, अकील रहमान, खालिद साह, तरुण गोप, देव साहु, कलाम आलम, खुर्शीद आलम, शाहिद वारसी, सुधीर कुजूर, ज्योति कुजुर मुर्तजा आलम, मकसुद आलम, मुख्तार आलम, लालू कुल्लू, साहेब वंशीम, क्रिस्टीना तिर्की शोएब आलम, जैस्मिन लुगुन, जेराल्ड बाडा, रेणु लकड़ा, रुपेश कुमार, फवीम वारसी सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जागरूकता और एकजुटता से होगा समाज का विकास : मंगल सिंह भोगता

आजाद सिपाही संवाददाता

**पालकोट।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी मंगल सिंह भोगता ने बुधवार को पालकोट के नवाडीह गांव का भ्रमण किया और ग्रामीणों से मुलाकात की। मंगल सिंह भोगता ने कहा कि कोई भी विकास की योजना समाज के अंतिम व्यक्ति को लक्षित कर बनाया जाता है। जानकारी के अभाव में लोग विकास योजना का लाभ नहीं उठा पाते हैं। मंगल सिंह ने कहा कि क्षेत्र की समस्या का रोना बंद करें। अपने हक अधिकार को जाने और हक अधिकार को हासिल करने के लिए प्रयास करें। प्रयास में कभी कोई बाधा आए तो हम मदद करने के लिए तैयार है। उन्होंने लोगों से शिक्षित और संगठित होने का आह्वान किया। कहा कि शिक्षा साक्षरता जागरूकता और एकजुटता से ही समाज का विकास संभव है। भाजपा नेता के साथ महेश सिंह, भुवन सिंह, गुड्डू सिंह आदि शामिल थे। गांव के भरत सिंह, संदीप साहु, अर्जुन साहु सहित ग्रामीणों ने भारत माता और जय श्री राम का जयकारा लगाते हुए कहा कि हम सब भाजपा के साथ हैं।

## श्रीयंत्र स्थापना दिवस मनाया गया

**गुमला (आजाद सिपाही)।** श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह, गुमला में श्रीयंत्र स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रातः पूजा, अर्चना,आरती तथा सफल योनी पाठ के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। पूजन अनुष्ठान आचार्य भोला नाथ दास जी के द्वारा तथा सफल योनी का सस्वर पाठ नीता हरीतिमा के द्वारा किया गया। दिन के उत्तरार्द्ध में समूह के धर्मबंधु सदस्यों के द्वारा अघोरान्ना परोमंत्र का संकीर्तन किया गया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। मौके पर समूह की गुमला शाखा के पदाधिकारियों सहित सभी महिला और पुरुष सदस्यगण उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की बैठक में शामिल नहीं होने से नाराज

# पलामू डीसी, एसपी और डीएफओ के खिलाफ समन जारी, दिल्ली बुलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य सह रांची की पूर्व मेयर आशा लकड़ा मंगलवार को पलामू पहुंची। जहां जिले के सभी आदिवासी क्षेत्रों का दौरा किया। साथ ही आदिवासी गर्ल्स और बॉयज हॉस्टल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कई तरह की समस्याएं सामने आयी। इसे लेकर आयोग ने जिला स्तरीय बैठक की, जिसमें कई बिंदुओं पर आदिवासियों की हक और अधिकार नहीं मिलने को लेकर

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा।

चर्चा होनी थी। लेकिन बैठक में पलामू डीसी, एसपी और डीएफओ ने खुद उपस्थित नहीं होकर अपने प्रतिनिधियों को भेज दिया। जिसे कारण आयोग की महत्वपूर्ण बैठक पूरी तरह से संपन्न नहीं हो पाई। क्योंकि कई चीजों की जानकारी उन प्रतिनिधियों के पास नहीं थे। जिससे आयोग ने नाराज होकर तीनों अधिकारियों के खिलाफ समन जारी कर दिया है। आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने कहा कि यह तीनों अधिकारी नहीं चाहते कि आदिवासियों के हक और अधिकार उन्हें मिले। इसी कारण शायद बैठक में नहीं आएं। इससे आयोग काफी नाराज है। तीनों अधिकारियों को समन जारी करते हुए 20 सितंबर को दिल्ली बुलाया गया हैं।

# प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत के निर्माण के लिए चलाया है स्वच्छता अभियान : डॉ कौशल

**पर्यावरणविद डॉ कौशल ने पौधा दान कर मनाया विश्वकर्मा पूजा, अनंत चतुर्दशी और प्रधानमंत्री का जन्मदिन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के बाईपास रोड के बगल में अवस्थित केपीजे कॉम्प्लेक्स के पीछे पर्यावरण भवन के ऊपरी तल पर विकसित आकाश बाग में मंगलवार को विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह ट्री मैन के नाम से विख्यात पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने देवताओं के इंजीनियर व सृष्टि निर्माणकर्ता भगवान विश्वकर्मा की जयंती, भगवान श्रीहरि विष्णु जी के 14 स्वरूपों की पूजा अनंत चतुर्दशी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन मनाते हुए उनके नीति सिद्धान्तों का अनुसरण कर भारत के नवनिर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर पर्यावरण धर्म के पहले मूल मंत्र के तहत ग्रामीणों को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ फलदार पौधों का निःशुल्क वितरण कर उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई। डॉ कौशल ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा ने जंगल झाड़ के साथ सृष्टि का निर्माण किया था। पर मानव ने अर्थ के लिए अनर्थ कर जंगलों की कटाई कर उद्योग लगाकर प्रदूषण युग बना दिया है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने जंगल को काटने से रोकने के लिए ही उज्ज्वला योजना और स्वच्छ भारत निर्माण के लिए स्वच्छता अभियान चलाया है। जिसे सभी देशवासियों को इस पर अमल करना चाहिए। मौके पर पंचायत डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल, प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल, छतरपुर के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, बसंत सिंह, शमीम अंसारी, संतोष मेहता, अनुज कुमार, गोपाल राम रवि, मुनेश्वर मांझी, गोरख चौरसिया और सत्येंद्र मेहता आदि उपस्थित थे।

# खेल से होता है शारीरिक व मानसिक विकास: विधायक

**स्वः बाल्मीकि सिंह की याद में राज्यस्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** कोनवाई हाई स्कूल प्रांगण मे बुधवार को स्वः बाल्मीकि सिंह की याद में राज्यस्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंहके अलावा विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता व डालटनगंज भंडरिया विधायक आलोक चौरसिया उपस्थित हुए। जिन्होंने दीप प्रज्वल्लित कर व फुटबॉल को किक मारकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक डॉ शशिभूषण मेहता, विधायक आलोक चौरसिया, भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, महामंत्री विजय ठाकुर, मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने पूर्व मंत्री स्वः मधु सिंह एवं स्वःअमरनाथ सिंह के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष स्वः बाल्मीकि सिंह बहुत ही कुशल एवं नेक इंसान थे। उन्होंने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। पढ़ाई के साथ खेल बहुत जरूरी है। खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। वहीं, उत्तर प्रदेश के सोनभद्र और बिहार के पटना के बीच मैच खेला गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, लौरिक सिंह, श्यामनंदन ओझा, प्रो बच्चन ठाकुर, लाला यादव, संजय चंद्रवंशी, सुनील कुशवाहा, रोशन सिंह, अजित प्रसाद गुप्ता, रंजय ठाकुर, राजेंद्र यादव, भाजपा नेत्री नीलम देवी, रीमा शर्मा, कोनवाई पंसस लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद थे।

## चौकीदारी परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र से 100 मीटर में धारा 144 लागू

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** चौकीदारी परीक्षा 2024 का आयोजन बुधवार को मेदनीनगर अनुमंडल के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में हुआ। जिसे देखते हुए मेदिनीनगर सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है। इस बाबत उन्होंने बताया कि परीक्षा में कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर धारा 144 लागू की गई है। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में पांच या इससे अधिक व्यक्तियों द्वारा मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा। परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, वीक्षक, परीक्षार्थी, पुलिस बल को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध रहेगा। यह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा। सदर अनुमंडल क्षेत्र में इस परीक्षा के मदेनजर 2024 के परीक्षाओं के लिए कुल 15 केंद्र बनाए गए हैं।

## पीपरा में बतरे नदी का जल स्तर बढ़ने से डूबे सरकारी-गैर सरकारी भवन, लाखों का नुकसान

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** विगत तीन दिनों से हुई मूसलाधार बारिश में पलामू जिले के पीपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बभंडी स्थित बतरे नदी का जल स्तर काफी बढ़ गया है। इससे सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों को लाखों रुपए की क्षति पहुंची है। नदी किनारे स्थित पंचायत सचिवालय भवन और दीपक इंटर प्राइजेज मिनरल वाटर परिसर के अंदर करीब चार फीट पानी भर गया। जिससे दीपक इंटर प्राइजेज मिनरल वाटर का आरो वाटर मशीन चलाने के उपयोग में आने वाली जेनरेटर मशीन, चार वाटर मिमोरन, इलेक्ट्रिक डोजिंग पंप, एक डोजिंग पंप, एक पेटी फिल्टर, कैंपस में रखा एक एचपी का मोटर, फोटो प्रिंटर, इनवर्टर, लेमिनेशन मशीन, ऑटो रिक्शा की क्षति होने से लाखों रुपए का नुक्सान हुआ है। इस बाबत प्रोपराइटर दीपक कुमार ने आब्दा प्रबंधन से मुआवजे की गुहार लगाई है। उसने बताया कि बाढ़ के कारण करीब तीन से साढ़े तीन लाख रुपए का नुकशान पहुंचा है। उधर, पंचायत सचिवालय भवन में रखा मनरेगा के कई महत्वपूर्ण रेकड़, 7वीं रजिस्टर, कूप निर्माण, मेढ़बंधी, शेड, डोभा, टीसीबी, एमबी, स्वीकृति पत्र और हाल ही में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास आदि योजनाओं के सैकड़ों आवेदन पानी में डूबकर नष्ट हो गये। वहीं प्रज्ञा केंद्र संचालक कुंदन कुमार ने बताया कि यूपीएस मशीन, डेस्टो प्रिंटर, कीबोर्ड, माउस आदि का नुकशान हुआ है।

## चोरी के सोलर प्लेट व बैटरी के साथ एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** चोरी के सोलर प्लेट एवं बैटरी के साथ हुसैनाबाद पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान कुंदन कुमार के रूप में हुई है। वह बिहार के औरंगाबाद जिले के नवीनगर थाना क्षेत्र स्थित हसनपुर गांव का रहने वाला है। इसकी जानकारी हुसैनाबाद के थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

उन्होंने बताया कि गत सात अगस्त को महुअरी ग्राम से तीन सोलर प्लेट एवं स्टार्टर की चोरी को लेकर थाने में शिकायत दर्ज करायी गयी थी। इसके बाद पलामू एसपी के निर्देश पर हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश महतो के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसने छापामारी कर कुंदन कुमार को एक सोलर प्लेट के साथ गिरफ्तार किया गया है। उससे सख्ती से पूछताछ करने व निशानदेही पर चोरी के नौ सोलर प्लेट एवं दो ट्रैक्टर की बैट्री बरामद की गयी। पुलिस ने कुंदन को जेल भेज दिया गया है।

## सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा युवा मोर्चा ने किया रक्तदान

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर मंगलवार से 2 अक्टूबर तक भाजपा की ओर से आयोजित 'सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम' के तहत मेदिनीनगर स्थित मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज परिसर में स्थित ब्लड बैंक में युवा मोर्चा की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पलामू सांसद विष्णु दयाल राम भी शामिल हुए। उन्होंने युवाओं को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विपुल गुप्ता, महामंत्री विजय ठाकुर,ज्योति पांडेय आदि थे।

## पूर्व नपं अध्यक्ष शशि ने किया पौधरोपण

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** नगर पंचायत की ओर से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार व नपं कर्मियों ने शहर के टाऊन हॉल परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर पूर्व नपं अध्यक्ष ने कहा कि स्वच्छता हमारे स्वभाव और संस्कार का हिस्सा होनी चाहिए, क्योंकि स्वच्छता का स्वास्थ्य के साथ सीधा जुड़ाव होता है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र हमारा घर आंगन जैसा है। इसकी स्वच्छता व सुंदरता की सुरक्षा हमारा दायित्व और अधिकार दोनों हैं। उन्होंने आमजन से स्वच्छता ही सेवा अभियान से जुड़ने की अपील की। उन्होंने बताया कि यह अभियान 17 सितंबर से शुरू हुआ है जो आगामी दो अक्टूबर तक प्रभावी रहेगा। इस मौके पर नपं के कनीय अभियंता आशीष सिंह, अभिजीत दुबे, नाजिर रुंजय कुमार, पैक्स अध्यक्ष सतनारायण सिंह, सुपरवाइजर उमेंद्र ठाकुर, संजीत, भविष्य कुमार, दिनेश पासवान आदि उपस्थित थे।

## एके सिंह कॉलेज में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** युवा कार्यक्रम एवं केंद्रीय खेल मंत्रालय के निर्देश पर मंगलवार से दो अक्टूबर तक पूरे देश में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसी क्रम में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई जपला एके सिंह कॉलेज की ओर से गोद लिए हुए गांव कोरियाडीह में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी पलामू जिला के नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों और अन्य को स्वच्छता लाने के लिए प्रेरित किया।

## आर्य व्यायामशाला 2023-24 के उत्कृष्ट खिलाड़ी सम्मानित

**कतरास (आजाद सिपाही)।** आर्य व्यायामशाला एवं योग मंदिर कतरास में विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एक समारोह आयोजित कर आर्य व्यायाम मंदिर के 2023-24 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को कांग्रेसी नेता रोहित यादव ने सम्मानित किया। उनमें रणधीर बर्मन, अभय बर्मन, दीपक गुप्ता, मो फैजान, अभिषेक सिंह, आयुष गुप्ता, अंकुश विश्वकर्मा, आकाश रवानी, मोहम्मद सेफ, आयुष सिंह आदि शामिल है। इससे पहले व्यायामशाला के संस्थापक गुरुजी दुर्गा राम ने मूमेंटो देकर रोहित यादव को सम्मानित किया। वहीं रोहित यादव ने कहा कि खिलाड़ी देश के भविष्य होते है. आर्य व्यायाम मंदिर कतरास की धरोहर है, यहां से कई खिलाड़ियों ने देश-विदेशों में नाम रोशन किया है। इस मौके पर व्यायाम शाला के अध्यक्ष विजय कुमार झा, महासचिव गुरु जी दुगार्राम, डॉक्टर उमाशंकर सिंह, डॉक्टर स्वतंत्र कुमार, धनबाद बार एसोसिएशन के वरीय अधिवक्ता दीपनारायण भट्टाचार्य, अधिवक्ता अवधेश गुप्ता, कतरास चेंबर के सचिव मनोज गुप्ता आदि मौजूद थे।

## माता शबरी के मंदिर का विधायक ने किया उद्घाटन, की पूजा-अर्चना

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नप के भलुही गांव में नव निर्मित माता सबरी मंदिर का उद्घाटन बुधवार को पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने किया। उन्होंने माता सबरी की मूर्ति का अनावरण करते हुए पूजा अर्चना भी की। वहीं, उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन महामंत्री संतोष राम ने किया। इसस अवसर पर विधायक ने कहा कि हमारे लिए सभी जात धर्म के लोग एक परिवार जैसे है। सभी महापुरुष और सभी के देवी-देवता भी मेरे लिए एक समान हैं। इसलिए सभी देवी देवताओं का मंदिर बनवाकर उनकी प्रतिमा स्थापित कर रहा हूं। हमारा प्रयास है कि भारत की सभी पुरानी गौरवशाली धार्मिक सांस्कृतिक इतिहास संजो कर रखा जाए। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में दर्जनों मंदिरों का निर्माण कराया। इसके अलावा कई संतों, महापुरुषों का प्रतिमा लगवाया। जिसमे माता सबरी,संत शिरोमणि रविदास,बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर का प्रतिमा शामिल हैं। वहीं, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने कहा कि भारत की संस्कृति में कोई छोटा-बड़ा नहीं है। यहां सभी एक बराबर हैं। विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने माता सबरी के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इससे पहले ग्रामीणों ने विधायक का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर सुनील चौधरी, दामोदर यादव, सत्यनारायण सोनी, रजनीश चंद्रवंशी, सचिता मेहता, विकाश चंद्रवंशी, उपेंद्र तिवारी, धीरेन तिवारी, संजय तिवारी, राम प्रवेश मेहता, धर्मेंद्र राम, किरण देवी, अर्चना देवी, बबिता देवी, सबिता देवी और किरण शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

## इंटरनल स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2024 का आयोजन, 260 विद्यार्थी हुए शामिल

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** इंटरनल स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एसआईएच) 2024 का आयोजन संस्थान के केंद्रीय पुस्तकालय में आइआइटी-आइएसएम के इनोवेशन हब, नरेश वशिष्ठ सेंटर फॉर टिंकरिंग एंड इनोवेशन (एनवीसीटीआई) द्वारा किया गया। जिसमें 260 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। इसमें सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर दोनों श्रेणियों में वास्तविक दुनिया की औद्योगिक समस्याओं से निपटने के लिए इनोवेटिंग ब्रेंस की टीमें एक साथ आईं। हैकथॉन के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न उद्योगों द्वारा प्रदान किए गए समस्याओं की सूची की एक सीरीज में इनोवेटिंग सॉल्यूशंस डेवलप करने के लिए अथक प्रयास किया। एसआईएच 2024 के लिए सिंगल प्वाइंट ऑफ कांटेक्ट प्रोफेसर सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि प्रतिभागियों के विचार और प्रोटोटाइप अगली पीढ़ी के इंजीनियरों और नवप्रवर्तकों की प्रतिभा, समर्पण और रचनात्मकता को दर्शाते हैं। इस आंतरिक कार्यक्रम की विजेता टीमों को राष्ट्रीय स्तर के स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2024 में आईआईटी (आईएसएम) धनबाद का प्रतिनिधित्व करने के लिए नामांकित किया जाएगा, जहां वे देशभर के बेस्ट माइंड्स के साथ कंपीट करेंगे। वहीं, प्रोफेसर आलोक कुमार दास, डीन, इनोवेशन, इनक्यूबेशन और एंटरप्रेन्योरशिप आईआईई, आईआईटी आईएसएम ने कहा कि इंटरनल एसआईएच 2024 प्रौद्योगिकी और रचनात्मक समस्या-समाधान के माध्यम से नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने, छात्रों को समाज में सार्थक योगदान देने के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। एसआईएच एक प्रमुख राष्ट्रव्यापी पहल है जिसका उद्देश्य छात्रों के बीच नवाचार और व्यावहारिक समस्या-समाधान की संस्कृति को बढ़ावा देना है। प्रतिभागियों को न केवल गंभीर और नवीन रूप से सोचने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, बल्कि उद्योग विशेषज्ञों, सरकारी निकायों और अन्य हितधारकों के साथ सहयोग भी किया जाता है, जिससे एसआईएच शिक्षा, उद्योग और सरकार का एक अनूठा अभिसरण बन जाता है।

## फेल हुई छात्राओं की समस्या का समाधान नहीं हुआ कॉलेज में करेंगें तालाबंदी : एनएसयूआइ

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** एसएसएनएलटी के विद्यार्थियों ने बुधवार को महाविद्यालय का घेराव किया। उनका नेतृत्व एसएसएनलटी महिला कॉलेज की अध्यक्ष निक्की कुमारी और पीके राय कॉलेज के अध्यक्ष राज रंजन सिंह ने किया। मामला साइकोलॉजी डिर्पामेंट की सभी 21 छात्राओं को इंटरनल परीक्षा में फेल करने का है। पीके रॉय कॉलेज के राज रंजन सिंह और एसएसएनएलटी की निक्की कुमारी ने बताया कि सत्र 21-24 सेमत साइकोलॉजी डिपार्टमेंट में 21 छात्राएं अध्यांतर है। सेमेस्टर-6 की परीक्षा में सभी छात्राओं को आंतरिक परीक्षा में फेल कर दिया गया है। इसके साथ ही सेमेस्टर 3 के बैकलॉग छात्राओं के साथ भी यही घटना घटी है। सेमेस्टर-2 में जो इंटरनल मार्क्स उन्हें दिया गया था वही इंटरनल मार्क्स दुबारा सेमेस्टर 2 में दिया गया है जिससे उन छात्राओं का रिजल्ट फिर से फेल आया है। कॉलेज में एनएसयूआई द्वारा घेराव और नारेबाजी करने के बाद कॉलेज प्रबंधन ने कदम पीछे खींचा और साइकोलॉजी डिर्पामेंट की एचओडी डॉ नीलू कुमारी ने बताया कि अभी विश्वविद्यालय को सिर्फ ओवरऑल मार्क्स भेजा गया है। 5 मार्क्स भेजना बाकी है। उन्होंने बताया कि यह मार्क्स अटेंडेंस का है। इस अवसर पर गोपाल कृष्णा चौधरी ने कहा कि इस तरह की लापरवाही केवल छात्राओं का एक वर्ष ही नहीं, बल्कि पूरा जीवन बर्बाद किया जा रहा है। परीक्षा विभाग द्वारा लगातार इस प्रकार की घटनाएं सामने आती रहती है। पर इसमें कोई सुधार नहीं लाती है। अगर ऐसा ही चला रहा तो एनएसयूआई इसका कड़ा विरोध करेगी। सभी ने परीक्षा नियंत्रक को बदलने की भी मांग की। इस मौके पर राज रंजन सिंह, सनी सिंह, निक्की सिंह, प्रिया गुप्ता, मौसमी कुमारी आदि मौजूद थी।

## पहला कदम स्कूल ने हासिल की लीगल गार्जियनशिप सर्टिफिकेट बनाने की उपलब्धि

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चो की विशेष स्कूल पहला कदम नेशनल ट्रस्ट में रजिस्टर्ड होने के साथ लोकल लेबल कमेटी का सदस्य होने के दायित्व को निभाते हुए धनबाद में पहली बार बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लीगल गार्जियनशिप सर्टिफिकेट बनाने की उपलब्धि हासिल की है। लीगल गार्जियनशिप में एक कानूनी अभिभावक बन बौद्धिक दिव्यांग की रक्षा एवं सहायता कर सकता है जो अपने निर्णय लेने में असमर्थ होते हैं। पहला कदम स्कूल ने कौशल अग्रवाल, कुमार शुभम, राधे घोषाल, अनिकेत गुप्ता, समीर उपाध्याय, आदर्श सिंग, कुंदन कुमार, ऋषिकेश चटर्जी, अभिरंजन और साहिल जैन का लीगल गार्जियनशिप सर्टिफिकेट बनवाया। धनबाद के किसी भी बौद्धिक दिव्यांग बच्चो का लीगल गार्जियनशिप सर्टिफिकेट बनवाना हो वे पहला कदम में संपर्क कर सकते है। साथ ही बुधवार को पहला कदम स्कूल में सीएचसी सदर की ओर से बच्चों के नियमित स्वास्थ्य की जांच के लिए शिविर लगाया गया दो हर महीने 18 तारीख को लगाया जाता है। बच्चों के स्वास्थ्य की जांच डॉ अलका सिंह ने की। जिन्हें दवाई की जरूरत थी उन्हें दवा दी गयी। सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया कि स्वास्थ्य जांच से बच्चों की बीमारियों से रोकथाम संभव है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक चेक बाउंस मामले को लेकर हुई चर्चा

**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** चेक बाउंस के मामले को लेकर तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति की अगुवाई में बुधवार को न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के साथ बैठक की गई। एसीजएम ने लोक अदालत में किस तरह से चेक बाउंस मामले में दोनों पक्षों के बीच समझौता कराकर मामलों का निष्पादन कराया जाए इस पर विचार विमर्श किया। बताया कि सभी अधिवक्ताओं के सहयोग से लगातार लोक अदालत में मामलों का निष्पादन कराया जा रहा है। उम्मीद है कि इस बार भी राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन कराने में भी अधिवक्तागण का सहयोग मिलेगा। उन्होंने अपने कर्मियों को निर्देश दिया कि चेक बाउंस के मामलों में निर्गत वारंट का तामिल तुरंत संबंधित थाना से प्राप्त करें, ताकि मामलों का निष्पादन हो सके। बैठक में सुरेश कुमार तिवारी, रतन कुमार सिन्हा, रमेंद्र कुमार सिन्हा, वेंकट हरि विश्वनाथन, मनबोध कुमार दे, सुभाष कटरियार, शैलेश कुमार सिन्हा, मुरली मनोहर वर्धन, जीवन सागर, महेश कुमार ठाकुर, नरेश चंद्र ठाकुर, निरंजन महतो आदि मौजूद थे।

### सांसद ढुल्लू महतो की एमपीएल प्रबंधन के साथ बैठक में लिया गया निर्णय

# सड़क दुर्घटना में मारे गये युवक की पत्नी को मिला मुआवजा-नियोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**निरसा।** एमपीएल के ठेका कर्मी जीतन रवानी (34) नामक युवक रविवार को सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था, जिसका धनबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार को निधन हो गया था। इसकी सूचना पर धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने तत्काल एमपीएल प्रबंधन से वार्ता कर आश्रितों को 15 लाख रुपए मुआवजा, नियोजन एवं अंतिम संस्कार के लिए 25 हजार रुपए का भुगतान कराया। गौरतलब हो कि मृतक जीतन रवानी एमपीएल के अधीनस्थ कार्यरत कंपनी इंडूवेल में कार्यरत था। रविवार की रात आठ बजे ड्यूटी से अपने घर टोपाटाड़ लौटने के क्रम में पांड्रा मोड पर हाईवा की चपेटे में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों ने उसे धनबाद के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। जहां सोमवार को उसकी मौत हो गई। जीतन रवानी भाजपा नेता साधन रवानी का रिश्तेदार बताया जा रहा है। उधर, घटना की सूचना पाकर सांसद ढुल्लू महतो ने मंगलवार को गोविंदपुर के एक निजी होटल में एमपीएल प्रबंधन एवं मृतक के परिजनों के साथ वार्ता कर मुआवजा और मृतक की पत्नी को नियोजन के साथ ही अंतिम संस्कार के लिए 25000 रुपए दिलवाने पर सहमती बनी थी। उसी दिन देर शाम एमपीएल प्रबंधन द्वारा 15 लाख रुपए का चेक एवं 25000 नगद का भुगतान निरसा के थाना प्रभारी मनजीत कुमार की उपस्थिति में मृतक की पत्नी को सौंप दिया। इस मौके पर प्रबंधन की ओर से दिनेश गंगवाल, दुर्गेश शर्मा एवं गोपाल बरनवाल, जबकि मृतक की ओर से प्रशांत बनर्जी, धीरज मिश्रा, साधन रवानी, भोला गोराई और उज्जवल गोराई आदि उपस्थित थे।

प्रबंधन के साथ बैठक करने पहुंचे सांसद ढुल्लू महतो।

### सांसद ने ऐतिहासिक फैसला कराया: धीरज

वहीं, मृतक जितेन रवानी के पक्ष में घटना के बाद से ही सक्रिय भाजपा नेता धीरज मिश्रा ने कहा कि सांसद ढुल्लू महतो ने ऐतिहासिक फैसला कराया है. एमपीएल कर्मियों व निरसा की जनता सांसद की आभारी है। साथ ही उन्होंने थाना प्रभारी मनजीत कुमार के सहयोग के लिए भी धन्यवाद दिया।

## राहुल गांधी के खिलाफ टिप्पणी से नाराज कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, पुतला फूंका

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय मंत्री रवनित सिंह बिट्टू और महाराष्ट्र के शिव सेना विधायक संजय गायकवाड द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी करने से नाराज कांग्रेसियों ने मंगलवार को रणधीर वर्मा चौक पर विरोद प्रदर्शन किया गया। जिसकी अगुवाई पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री व शिवसेना विधायक का पुतला भी दहन किया गया। संतोष सिंह ने कहा कि सिद्धांत और संस्कार की राजनीतिक बाते करने वाली भाजपा अपने नैतिक मूल्यो से भटक गई है। केंद्रीय मंत्री रवनित सिंह बिट्टू ने देश को शर्मशार किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से केंद्रीय मंत्री रवनित सिंह बिट्टू को बर्खास्त करने की मांग की है। वहीं, जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा ने कहा कि रवनित सिंह बिट्टू ने कांग्रेस की पीठ में छूरा घोप कर भाजपा में शामिल हो गये। अब मोदी जी की अच्छी सूची में शामिल होने के लिए राहुल गांधी के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। झारखंड युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज ने भी भाजपा व प्रधानमंत्री की आलोचना की और ऐसे लोगों को जेल में डालने की मांग की।

## इलाज के नाम पर व्यापार बंद करें गैरसरकारी अस्पताल: ढुल्लू महतो

**प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर सांसद सहित भाजपाइयों ने मरीजों के बीच बांटे फल**

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद ढुल्लू महतो की अगुवाई में मरीजों के बीच बुधवार को फल बांटा। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिन को सेवा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी देश की सेवा के लिए बिना रुके काम कर रहे हैं। उनकी सेवा से प्रेरित होकर ही जन्म दिन को सेवा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। सांसद ने कहा कि सदर अस्पताल के ओपीडी में निर्धारित समय तक डॉक्टरों को अपनी उपस्थिति दर्ज करानी चाहिए और सरकार को इसपर निगरानी करनी चाहिए। उन्होंने गैरसरकारी अस्पतालों को लेकर पूछे गये एक सवाल के जवाब में कहा कि प्राइवेट हॉस्पिटल रेट चार्ट का डिस्प्ले अपने अस्पतालों में जरूर लगायें, ताकि कोई व्यक्ति अगर उन अस्पतालों में इलाज कराने पहुंचे तो उसे इलाज से जुड़े खर्च की जानकारी आसानी से मिल सके। सांसद ने कहा कि कई गैरसरकारी अस्पताल इलाज के नाम पर व्यापार कर रहे हैं, जिसे बर्दास्त नहीं किया जायेगा।

## चौथे दिन भी नहीं हो सकी गोफ भराई, सांसद ने सुनायी खरी-खोटी

**धनसार (आजाद सिपाही)।** नागेश्वर शिव मंदिर प्रांगण मे रविवार को हुए गोफ की भराई बुधवार को भी पूरी नहीं हो सकी। बीसीसीएल प्रबंधन ने कुइया कोलियरी से दो शॉवेल, दो हॉलपेक को सोमवार से गोफ भराई के लिए लगाया था. लेकिन मशीन ब्रेक डाउन हो जाने से काम सुचारू रूप से नहीं हो सका। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने सांसद ढुल्लू महतो को दी। जिसके बाद बुधवार को सासंद नागेश्वर शिव मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर कमेटी के सदस्यों से पूरे मामले की जानकारी की। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मनोज चौहान ने बताया कि बीते चार दिनों से बीसीसीएल प्रबंधन गोफ भराई के नाम पर लीपा पोती कर रही है। बीसीसीएल द्वारा गोफ भरने के लिए भेजा गया हेवी मशीन हाइड्रोलिक तेल नहीं होने के कारण बुधवार सुबह से खड़ी है। प्रबंधन को कई बार सूचना दी गयी पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। मंदिर का बिजली कटा हुआ है। इस पर सांसद ढुल्लू महतो ने बीसीसीएल डीटी व बस्ताकोला महाप्रबंधक को फोन कर जमकर खरी खोटी सुनायी। कहा कि मंदिर प्रांगण में खड़े हैं। मशीन बंद पड़ी है। अगर कार्यशैली में सुधार नहीं करेंगे तो मुझे खड़ा होकर काम कराना पड़ेगा। उन्होने बोरिंग कर बालू भराई करने की भी बात कही। इस पर अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। वहीं, भाजपा ओबीसी मोर्चा के महामंत्री रिंकू शर्मा के कार्यालय पहुंच लोगों की समस्या सुनी। लोगों ने नोनिया बस्ती में बिजली व पानी के समस्या बताई। मौके पर अनिल नोनिया, खगेश शर्मा, वीरेंदर चौहान, विकाश कुमार, भरत चौहान, लखी चौहान, रोहित चौहान और शिवनारायण चौहान आदि मौजूद थे।

## चोरी के 90 किलो तांबा का तार लदा टेंपो जब्त, दो आरोपित गिरफ्तार

**निरसा (आजाद सिपाही)। क्षेत्र में लगातार हो रही केबल चोरी की घटनाओं को लेकर धनबाद एसएसपी की टीम पूरी तरह से एक्शन में दिख रही है। एसएसपी के निर्देश पर निरसा एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गछित कर गुप्त सूचना के आधार पर चिरकुंडा थाना क्षेत्र के नंदलाल स्कूल के समीप छापामारी की गयी। इस दौरान 90 किलोग्राम तांबे का केबल लदा टेंपो जब्त किया। साथ ही टेंपो चालक मोहम्मद करीम और उसके सहयोगी मोहम्मद इम्तियाज को भी हिरासत में लिया गया। इसकी जानकारी निरसा एसडीपीओ ने दी। वे बुधवार को आयोजित सवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि चिरकुंडा क्षेत्र में लगातार केबल चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा था, जिसे लेकर धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दनन ने केबल चोरी पर अंकुश लगाने को लेकर निर्देश दिया था। उसी आलोक में उनके नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी जिसमें चिरकुंडा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रामजी राय, निरंजन कुमार सिंह, अर्जुन सिंह आदि शामिल थे। मंगलवार को छापामारी कर तांबा का केबल लदे टेंपो जब्त किया गया।**

### बैठक में फिर उठा टोल के नाम पर रंगदारी वसूली का मामला

# टोल पर अवैध वसूली नहीं रुकी तो होगा आंदोलन : जेएलजेएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** पशुपालक समिति की बैठक बुधवार को महेशलुंडी के मुखिया शिवनाथ साव के आवासीय कार्यालय में हुई, जिसकी अध्यक्षता मुखिया के अलावा जेएलकेएम नेता राजेश यादव ने संयुक्त रूप किया। बैठक में शामिल पशुपालकों ने बताया कि उनकी कई समस्याओं में से एक प्रमुख समस्या यह है कि जब भी वे दूसरे राज्य से मवेशी खरीदकर गिरिडीह लाते हैं तो, नगर निगम टोल द्वारा उनके मवेशी लदे वाहनों से जबरन वसूली की जाती है। विरोध करने पर आए दिन मारपीट और विधि व्यवस्था भंग होने की आशंका बनी रहती है। इतना ही नहीं, झारखंड की सीमा में प्रवेश करते ही रास्ते में पड़ने वाले प्रायः सभी थानों में उन्हें 'इंट्री फी' देनी पड़ती है। स्थिति धीरे-धीरे असहनीय होते जा रही है। यही हाल रहा तो उन्हें धंधा-पानी बंद कर बेरोजगारों की श्रेणी में खड़ा होने की नौबत आ जाएगी। उधर, समस्याओं को सुनने के बाद राजेश यादव एवं शिवनाथ साव ने कहा कि, टोल वसूली के नाम पर मनमानी या रंगदारी सरासर गलत है। मवेशी लाने के कारण उन्हें ब्लैकमेल किया जाता है। यदि इस पर रोक नहीं लगी तो, नगर आयुक्त को लिखित देकर इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी जाएगी। पशुपालक समिति किसी भी कीमत पर शोषण बर्दाश्त नहीं करेगा। मौके पर अशोक यादव, साहेब यादव, निलरंजन वर्मा, रविंद्र राय, संजय यादव, गुल्ली यादव, टुकन यादव, निरंजन यादव, विकास यादव, ऋषि यादव, रामा यादव, लालधर यादव आदि मौजूद थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार**

**शुद्धि -पत्र**

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–EE/ RDSD /LATEHAR/17/2024-25 जिसका PR NO-335306 Rural Development (24-25):D म निम्न प्रकार आंशिक संशोधित किया जाता है:–

(1) वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि–11.09.2024 के स्थान पर वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि–20.09.2024 पढ़ा जाय।
(2) ई–निविदा प्राप्ति की तिथि 11.09.2024 से दिनांक 18.09.2024के स्थान पर ई–निविदा प्राप्ति की तिथि 20.09.2024 से दिनांक–26.09.2024 पढ़ा जाय।
(3) ई–निविदा खोलने की तिथि–20.09.2024 के स्थान पर ई–निविदा खोलने की तिथि–28.09.2024 पढ़ा जाय।

निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

PR.NO.335929 Rural Development(24-25):D



**Deputy commissioner-cum-**
**District Magistrate Office, Gumla**
**(District Planning section)**
Collectrate office, Gumla- 835207
Email: dpogumla1@gmail.com Website: www.gumla.nic.in

**Request for Proposal (RFP)**

**Tender Reference No:** ..... **Date:** .....

**Request for Proposal:** District Planning Office, Gumla invites proposals from the experienced agencies having a direct experience of working in agriculture and livelihood domain for the promotion of Potato cultivation and Value addition among the PVTGs of Gumla district.

| | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | District Planning Office, Gumla invites proposals from the experienced agencies having a direct experience of working in agriculture and livelihood domain for the promotion of Potato cultivation and Value addition among the PVTGs population of Gumla district with focus on Bishunpur, Ghagra and Dumri block. The project aims to promote potato cultivation (Kufri-Chipsona1/Chipsona 2 variety and setting up processing unit run and managed by SHG groups/cooperative. |
| 2 | Period of Work | 120 Days from the work order aligning with the potato harvest season. |
| 3 | Date of Publication of Bid | **13.09.2024** |
| 4 | Tender fee | Rs. 2000.00 (Non-refundable) |
| 5 | Earnest Money to be Deposited (EMD) | Rs. 20,000.00 (*Rupees Twenty thousand Only*) in the form of DD (Valid for at least three months from the last date of submission of the Bid) in favor of **Deputy Commissioner, Gumla.** |
| 6 | Estimated Bid Cost | **40 Lakhs** |
| 7 | Scheduled date of Field Survey | **18th Sept to 22st Sept, 2024** |
| 9 | Last date and time of receipt of Bid | Date: **25.09.2024 by 1:00 PM** |
| 10 | Date and time of opening of Bid | Date: **25.09.2024 by 3:00 PM** |
| 11 | Technical Bid Opening | Date: **25.09.2024 by 04:00 PM** |
| 12 | Financial Bidding of selected bidders | Date: **25.09.2024 by 04:30 PM** |
| 13 | Bid submission Place | District Planning Office, Gumla |
| 14 | Bid Opening Place | Vikas Bhawan DDC office meeting hall Gumla |
| 15 | Contact Number | Email Id: dpogumla1@gmail.com |

Signature
**Deputy Development Commissioner, Gumla**
PR 335862 (Planning and Development) 24-25 (D)



**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(सामान्य शाखा)**

**आम सूचना**

चौकीदार के पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या – 01/2024 के विरूद्ध प्रकाशित स्वीकृत एवं अस्वीकृत अभ्यर्थियों की सूची के विरूद्ध प्राप्त दावा एवं आपत्ति का निस्तार किए जाने के उपरांत स्वीकृत अभ्यर्थियों की सूची को कोडरमा जिला की वेबसाईट **www.koderma.nic.in** पर प्रकाशित कर दी गयी है।

स्वीकृत अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनकी लिखित परीक्षा की तिथि 25–09–2024 है और उनका प्रवेश पत्र दिनांक 20–09–2024 के अपराह्न से कोडरमा जिला के वेबसाईट **www.koderma.nic.in** पर अपलोड कर दिया जाएगा, जिसमें परीक्षा केन्द्र एवं अन्य सम्बन्धित जानकारियाँ उपलब्ध होंगी। वेबसाईट से अपना प्रवेश–पत्र **Download** कर प्रवेश–पत्र पर अद्यतन एवं नवीनतम फोटोग्राफ लगा कर एवं इसके अतिरिक्त अन्य फोटोयुक्त पहचान–पत्र के साथ परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करेंगे। प्रवेश–पत्र में दिए गए निर्देश/शर्तों एवं नियमों का अक्षरशः पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

शारीरिक परीक्षा, दौड़ एवं परीक्षा सम्बन्धित अन्य जानकारियाँ जिला के वेबसाईट **www.koderma.nic.in** पर उपलब्ध होगी।

PR.NO.335884 District(24-25):D

ह0/– उपायुक्त, कोडरमा।



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा**

अल्पकालीन ई–पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/11/2024-25/RE(2nd Call), दिनांक–16.09.2024
**PR No 334613 Rural Development(24-25).D**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्रशासनिक स्वी0 की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | समुह सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डण्डा | ग्राम–बोगासी में अनिल उपाध्याय के घर से दिनेश उपाध्याय के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 464160.00 | 9,300.00 | 750.00 | 02 माह | Group-01 |
| 2 | रंका | ग्राम–पुरेगडा बाजार से छतघाट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 664856.00 | 13,300.00 | 1250.00 | 02 माह | Group-02 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 19.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–19.09.2024 से दिनांक–25.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–27.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्र.सं.–02, गढ़वा

PR 335879 Rural Development(24-25)#D

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## पूर्व तट रेलवे में मनाया गया हिंदी दिवस

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे ने अपने मुख्यालय भुवनेश्वर और अपने तीन डिवीजनों वाल्टेयर, खुर्दा रोड और संबलपुर में हिंदी दिवस मनाया है। इस अवसर पर, महाप्रबंधक परमेश्वर फूंकवाल के नेतृत्व में पूर्व तट रेलवे के कर्मचारियों और अधिकारियों ने हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में बढ़ावा देने की शपथ ली। हिंदी दिवस महत्वपूर्ण है क्योंकि यह राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है, भारत में भाषाई समुदायों को एक साथ लाता है। यह हिंदी की संस्कृति और विरासत और हमारी संस्कृति में भाषा के महत्व को बढ़ावा देने के लिए हर साल मनाया जाता है। कार्यक्रम का संचालन मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता आलोक सहाय ने किया।

## खोरधारोड मंडल ने किया स्वच्छता ही सेवा जागरूकता कार्यक्रम

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** खोरधारोड मंडल 14 सितंबर से 1 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान मना रहा है। रेलवे स्टेशनों, रेलगाड़ियों, रेलवे आवासीय कॉलोनियों और उत्पादन इकाइयों आदि में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए स्वच्छता के लिए स्वैच्छिक और सामूहिक कार्रवाई को मजबूत करने के लिए पहल की गयी। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रमों के एक अंश के रूप में, खोरधारोड के अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) पीके बेहरा ने सभी शाखा अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता के लिए स्वयं को प्रतिबद्ध करने और स्वच्छता पर आम जनता को प्रेरित करने के लिए स्वच्छता शपथ दिलाई। मंडल के सभी महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों के कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता शपथ ली गयी। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर जन जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित की गयी।

## प्रधानमंत्री ने ओड़िशा में रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी

# कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास के लिए 2871 करोड़ की रेल परियोजनाओं का शिलान्यास

**क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ाना और ट्रेन यातायात के लिए परिचालन क्षमता का विस्तार करना**

**व्यापार, उद्योग और पर्यटन को बढ़ावा देना, ओड़िशा को भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में एकीकृत करना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मंगलवार को ओड़िशा राज्य के लिए एक ऐतिहासिक कार्यक्रम में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आज 2871 करोड़ रुपये की कई महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखी और समर्पित किया। इन रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्देश्य कनेक्टिविटी बढ़ाना, व्यस्त रेल मार्गों पर यातायात को आसान बनाना और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देना है। ओड़िशा के औद्योगिक, संसाधन-संपन्न और आदिवासी-बहुल क्षेत्रों में रेलवे नेटवर्क को मजबूत करने पर जोर देने के साथ, ये परियोजनाएं क्षेत्र के विकास और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए तैयार हैं। प्रधानमंत्री ने रेल नेटवर्क को और बेहतर बनाने के लिए चल रही परियोजनाओं में से चार महत्वपूर्ण रेलवे खंडों को समर्पित किया: **1.** विजयनगरम-टिटिलागढ़ तीसरी लाइन परियोजना का हिस्सा, लांजीगढ़ रोड-अंबाडोला-दोइकाल्लू रेलवे खंड (25.394 किलोमीटर) 432 करोड़ की लागत पर समर्पित किया गया था। यह महत्वपूर्ण खंड व्यस्त विजयनगरम-टिटिलागढ़ मार्ग पर क्षमता बढ़ाएगा, जिससे पश्चिमी ओडिशा और आंध्र प्रदेश के बीच कनेक्टिविटी में सुधार होगा। इस परियोजना से यात्री और माल ढुलाई दोनों को लाभ होगा, जिससे माल की सुगम आवाजाही में सुविधा होगी। **2.** 260 करोड़ की लागत से निर्मित कोरापुट-सिंगापुर रोड दोहरीकरण परियोजना का लक्ष्मीपुर रोड-सिंगराम-टिकीरी रेलवे खंड (22.94 किमी), दक्षिणी ओडिशा में ट्रेन चलाचल क्षमता को बढ़ावा देगा। इस खंड से संसाधन संपन्न क्षेत्रों से प्रमुख बाजारों तक माल ढुलाई में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है। **3.** 540 करोड़ की लागत वाली बुढापंक-सालगांव तीसरी और चौथी लाइन परियोजना का ढेंकानाल-सदाशिबापुर-हिंदोल रोड रेलवे खंड (40.62 किमी), प्रमुख औद्योगिक मार्ग पर क्षमता में वृद्धि करेगा, जिससे माल परिवहन की गति और दक्षता में वृद्धि होगी। **4.** 239 करोड़ की लागत से बंडामुंडा-रांची दोहरीकरण परियोजना का बंगुरकेला-नौगांव रेलवे खंड (12.5 किमी), भीड़भाड़ को कम करेगा और ओडिशा और झारखंड के बीच कनेक्टिविटी में सुधार करेगा। इस समर्पण के साथ, माननीय प्रधान मंत्री ने चार रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी जो ओडिशा के रेलवे बुनियादी ढांचे के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं: **1.** भारत के प्रमुख व्यापार केंद्रों में से एक, पारादीप बंदरगाह पर सुचारू और निर्बाध ट्रेन आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सतही क्रॉसिंग को खत्म करने के लिए 200 करोड़ की लागत से सिजू-पारादीप फ्लाईओवर (7 किमी) का निर्माण किया जायेगा। **2.** पारादीप-बड़बंध तीसरी और चौथी लाइन विस्तार (18.51 किमी) जिसकी लागत 300 करोड़ है, इससे कार्गो और यात्री यातायात दोनों के साथ-साथ पारादीप बंदरगाह के साथ कनेक्टिविटी की क्षमता में वृद्धि होगा। **3.** 152 करोड़ की लागत से एमसीआरएल इनर कॉरिडोर फेज-1 दोहरीकरण (10.93 किलोमीटर) से सुचारू कोयला निकासी की सुविधा मिलेगी, जिससे क्षेत्र में औद्योगिक विकास को और समर्थन मिलेगा। **4.** जयपुर-नबरंगपुर नयी लाइन (41.9 KM) एक बहुप्रतीक्षित परियोजना, जिसका निर्माण ?748 करोड़ में किया जायेगा। यह नयी रेलवे लाइन जयपुर और नबरंगपुर के आदिवासी क्षेत्रों को जोड़ेगी, जिससे आर्थिक विकास, रोजगार और बाजारों और सेवाओं तक बेहतर पहुंच को बढ़ावा मिलेगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना से क्षेत्र के उत्थान में परिवर्तनकारी भूमिका निभाने की उम्मीद है। ये परियोजनाएं ओड़िशा के रेल नेटवर्क को मजबूत करने, भीड़भाड़ कम करने, औद्योगिक केंद्रों से कनेक्टिविटी में सुधार और प्रमुख मार्गों पर क्षमता बढ़ाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। भारतीय रेलवे व्यापार, उद्योग और पर्यटन को बढ़ावा देने और ओड़िशा को देश की तीव्र आर्थिक वृद्धि में एकीकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस कार्यक्रम में ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास, मोहन चरण माझी, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और जुएल ओराम, उप मुख्यमंत्री केवी सिंह देव और प्रभाती परिडा सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री ने ओड़िशा के भुवनेश्वर में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से बातचीत की

### पीएम लाभुक अंतर्ज्यामी नायक के घर गये

**भुवनेश्वर। चाय पर सुखद बातचीत हुई! प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के साथ बैठकर उनके जीवन में आए उतार-चढ़ाव के अनुभवों को सुना। विशेष रूप से यह देखकर खुशी हुई कि बड़ी संख्या में महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हो रही हैं। इन लोगों ने बताया कि कैसे यह योजना और ऐसी अन्य योजनाएं लोगों का जीवन बदल रही हैं। भुवनेश्वर पहुंचने पर, अंतर्ज्यामि नायक और जहाजा नायक के घर गए। वे प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी हैं और गौरवान्वित गृहस्वामी हैं। उन्होंने अपने प्रिय पोते सौम्यजीत सहित उनके परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की।**

## सरकार ने एनपीसीआइएल-एनटीपीसी संयुक्त उद्यम कंपनी अश्विनी को परमाणु ऊर्जा उत्पादन करने की मंजूरी दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** नयी दिल्ली सरकार ने 11 सितंबर 2024 को परमाणु ऊर्जा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार भारत में परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के निर्माण, स्वामित्व और संचालन के लिए न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड-एनपीसीआईएल (51 प्रतिशत) और एनटीपीसी लिमिटेड (49 प्रतिशत) के संयुक्त उद्यम (जेवी) प्रेरणा विद्युत निगम लिमिटेड (एएसएचवीआइएनआइ) को मंजूरी दे दी। इसके अतिरिक्त भारत सरकार ने स्वदेशी पीएचडब्ल्यूआर प्रौद्योगिकी पर आधारित माही बांसवाड़ा राजस्थान परमाणु ऊर्जा परियोजना (एमबीआरएपीपी) 700 एमडब्ल्यूई को एनपीसीआईएल से जेवी कंपनी अश्विनी को हस्तांतरित करने की मंजूरी दे दी है। सरकार ने एनपीसीआईएल को 500 से अधिक निवेश करने की छूट और एनटीपीसी को एकल संयुक्त उद्यम/सहायक कंपनियों में 5000 से अधिक निवेश करने की छूट को भी मंजूरी दे दी है। यह भारत में त्वरित परमाणु ऊर्जा क्षमता वृद्धि के लिए पर्याप्त वित्तपोषण को सक्षम बनायेगा। एमबीआरएपीपी के अलावा, अश्विनी देश के विभिन्न हिस्सों में अन्य परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं को भी आगे बढ़ायेगी। यह 2070 तक नेट जीरो के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादकता के तेजी से विस्तार के लिए वित्त, प्रौद्योगिकी और परियोजना विशेषज्ञता के संदर्भ में एनटीपीसी और एनपीसीआइएल दोनों से संसाधनों के पूलिंग का मार्ग प्रशस्त करेगा। परमाणु ऊर्जा विभाग ने औपचारिक रूप से एनपीसीआईएल के सीएमडी और एनटीपीसी के सीएमडी को 17.09.2024 पर सरकारी मंजूरी सौंप दी है।

## एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा शुरू

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय/एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल), रांची समाज के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की पहल के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा 2024 मना रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा की शुरूआत के साथ, अनिमेष जैन, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एनएमएल) द्वारा नवीन जैन, सीजीएम (एसएससी-सीएंडएम) वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी की गरिमामय उपस्थिति में स्वच्छता शपथ दिलाई गयी। प्रतिज्ञा में स्वच्छता को बढ़ावा देने और देश को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता मिशन में शामिल होने के लिए दूसरों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति द्वारा स्वेच्छा से एक वर्ष में 100 घंटे और सप्ताह में कम से कम 2 घंटे का समय समर्पित करने पर जोर दिया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता पर सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान, स्कूली बच्चों के लिए कविता प्रतियोगिता, अपशिष्ट पृथक्करण और प्रबंधन पर कार्यशाला, नुक्कड़ नाटक जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

## बाबूलाल ने परिवर्तन रैली को लेकर की बैठक

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)। परिवर्तन रैली को लेकर गिरिडीह जिले के झारखंड धाम में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अगुवाई में रखा गया, झारखंड की निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता की आवाज को साथ लेकर परिवर्तन रैली का शुरूवात बाबा नगरी झारखंड धाम से सुरु की जायेगी। आज की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, केदार हाजरा, पूर्व आईजी सह धनवार विधानसभा के भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह, जिला अध्यक्ष महादेव दुबे ने सभा स्थल का जायजा लेते हुए बाबा भोले की पूजा अर्चना की तथा आगामी 20 सितंबर को देश के गृह मंत्री के आगमन को लेकर बैठक की गयी।**

## एमएसपी प्लांट में बड़ा हादसा: बर्नीफिकेशन प्लेट गिरने से दो की मौत, छह घायल

**भुवनेश्वर। झारसुगुड़ा मंगलवार सुबह 11:00 बजे ब्लास्ट फर्नेस के पास बनीफीकेसन प्लेट या बड़ी लोहे की प्लेट नीचे गिर गयी, जिससे नीचे काम कर रहे कर्मचारी फंस गए। सहकर्मियों ने छह लोगों को बचाया और एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, 2 लोग मृत पाए गए हैं। मृतकों का पहचान पूर्णचंद्र जेना और अलेख देवा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।**

## वेदांता एल्युमीनियम ने नवाचार, शिक्षा और रोजगार पर ध्यान केंद्रित करते हुए इंजीनियर्स दिवस मनाया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय इंजीनियर्स दिवस के अवसर पर, भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्युमीनियम ने अधिक नवाचार को बढ़ावा देने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच को सुगम बनाने और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। सतत प्रगति को आगे बढ़ाने में इंजीनियरों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए, यह अवसर इंजीनियरिंग प्रतिभा को पोषित करने, तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने और इस प्रकार ओड़िशा के विकास पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए कंपनी की पहलों को उजागर करने का अवसर था। ओड़िशा में वेदांता एल्युमीनियम के परिचालन ने अत्याधुनिक तकनीकों को तैनात किया है जो एल्युमीनियम उद्योग में क्रांति ला रही हैं। अत्याधुनिक मशीनरी और संधारणीय उत्पादन प्रथाओं के साथ, यह इंजीनियरों के लिए कंपनी की परिचालन उत्कृष्टता में योगदान करने के लिए एक आदर्श वातावरण है, साथ ही साथ अपने स्वयं के तकनीकी कौशल को बढ़ाने और अपने पेशेवर विकास को गति देने के साथ-साथ भारत के विशेषज्ञ इंजीनियरों के समृद्ध प्रतिभा पूल में भी योगदान देता है। वेदांता के झारसुगुड़ा संयंत्र में, लगभग 1,000 इंजीनियर इसके प्रत्यक्ष कर्मचारियों का लगभग 33% हिस्सा हैं। इसमें महिला इंजीनियरों की बढ़ती संख्या शामिल है, जो 17% की समग्र लिंग विविधता में योगदान करती है। स्थानीय भर्ती प्रयासों से समावेशन और समानता पर कंपनी का ध्यान और मजबूत होता है, जो कौशल विकास और कैरियर विकास के अवसरों के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाता है। लांजीगढ़ में वेदांता की एल्यूमिना रिफाइनरी में, महिला इंजीनियर कार्यबल का 19% प्रतिनिधित्व करती हैं, जिनमें से कई को उनकी पेशेवर भूमिकाओं और उनके शैक्षणिक वर्षों के दौरान शीर्ष प्रदर्शन करने वालों के रूप में मान्यता दी गयी है।

## एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में हिंदी पखवाड़ा और हिंदी दिवस 2024 का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय (कोयला खनन) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एनएमएल मै हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक, अनिमेष जैन के उपस्थिति में हुआ। जिसमें क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक के द्वार हिंदी में कार्य करने के लिए विभिन्न निर्देश दिए उन्होनें यह भी कहा की इस बार हिंदी पखवाड़ा अपने में खास है क्यों कि इस बार हिंदी दिवस के 75वीं वर्षगांठ है। उन्होनें हिंदी को संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार भारतीय संघ की राजभाषा हिंदी है और लिपि देवनागरी है। अतः राजभाषा एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 सितंबर से 28 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। श्री जैन ये भी बताया कि आज हिंदी के माध्यम से वो समस्त कार्य कंप्यूटर पर किए जा सकते हैं जिन्हें अंग्रेजी में किया जाता है। सूचना प्रौद्योगिकी के इस दौर में ऐसे कई इ-टूल्स मौजूद हैं जिनका प्रयोग कर हम समस्त विभागीय कार्य हिंदी में कर सकते हैं। उन्होंने एनटीपीसी पेपरलेस पहल प्रदीप और संवाद मोबाइल ऐप के साथ-साथ विभिन्न मोबाइल एप्लिकेशन, ईमेल, व्हाट्सएप और सोशल मीडिया पर हिंदी के उपयोग को भी प्रोत्साहित किया।

## एनटीपीसी बोंगाईगांव ने उत्साह के साथ मनायी विश्वकर्मा पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी बोंगाईगांव ने स्टेशन के विभिन्न स्थानों पर इंजीनियरिंग के हिंदू देवता, विश्वकर्मा पूजा को बड़े उत्साह और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया। जिसमें एनटीपीसी समुदाय के महाप्रबंधक (ओ एंड एम) देवब्रत कर, महाप्रबंधक (संचालन) ए बिस्वास, कर्मचारियों और लेडीज क्लब के सदस्यों ने उत्सव में सक्रिय रूप से भाग लिया। दिव्य वास्तुकार और इंजीनियर भगवान विश्वकर्मा को समर्पित पूजा भक्ति के साथ की गई, जो स्टेशन की सफलता में योगदान देने वाले श्रमिकों और इंजीनियरों की स्वीकृति का प्रतीक है। उत्सव के महत्व को बढ़ाते हुए, कई कर्मचारियों को उनके संबंधित कार्य क्षेत्रों में उनकी उत्कृष्टता और समर्पण का सम्मान करते हुए, विश्वकर्मा श्रम पुरस्कार प्रदान किए गये।

### जिंदल स्टील एंड पावर ने भगवान विश्वकर्मा पूजा उत्साह के साथ मनाया

**भुवनेश्वर।** अंगुल जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने अपने अंगुल प्लांट में भगवान विश्वकर्मा पूजा के पवित्र अवसर पर श्रद्धा और उत्साह के साथ कंपनी के कर्मचारी और स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी के साथ मनाया। इस अवसर पर अंगुल लोकेशन हेड पंकज मल्हन ने अपनी पत्नी सीमा मल्हन; कार्यकारी निदेशक दामोदर मित्तल ने अपनी पत्नी अनीता मित्तल और अन्य विभागीय प्रमुखों के साथ प्लेट मिल क्षेत्र में आयोजित विश्वकर्मा पूजा के पवित्र अवसर पर भाग लिया। भगवान विश्वकर्मा की पूजा की और जेएसपी से जुड़े सभी लोगों और संपूर्ण देशवासियों की समृद्धि और खुशहाली के लिए उनका आशीर्वाद मांगा।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**